* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

11 जनवरी, 2023
माघ, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 84

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा


झारखंड मंत्रालय में हमीन कर बजट पोर्टल और मोबाइल एप का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन






आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 52,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 74,000 रु./प्रति किलो |



## प्रकृति, धर्म और इतिहास का समागम है जोशीमठ

# छेड़छाड़ का नतीजा है जोशीमठ संकट

## जो पहले ही विकसित था वहां विकास क्यों थोपा गया : विकास का पैमाना आधुनिक निर्माण नहीं हो सकता

## भविष्यवाणी तो मिथ थी, लेकिन चेतावनी के प्रमाण भी थे : समय किसी के लिए रुकता नहीं, जोशीमठ का संकट उसी का उदाहरण है

## चेत गये होते तो आज सैकड़ों बेघर न हो रहे होते, नींद खुली सरकार की जय कन्हैया लाल की



राकेश सिंह

आजाद सिपाही विशेष

उत्तराखंड के जोशीमठ का वजूद विलुप्त होने के कगार पर है। आादि गुरु शंकराचार्य की तपोभूमि आज धंस रही है। लोग बेघर हो रहे हैं। उनके घरों में खौफनाक दरारें आनी शुरू हो चुकी हैं। ये दरारें आज से नहीं पड़ रहीं। इसकी शुरूआत 13 साल पहले हो गयी थी। आज जोशीमठ में सैकड़ों लोग विस्थापित होने को मजबूर हैं। उन्हें अपना मकान खाली करना पड़ेगा। उस मकान से मोह का त्याग करना होगा। जोशीमठ के कई इलाकों में धरती फाड़कर पानी निकलने लगा है। इलाका का इलाका खाली हो गया है। लोग आंदोलित हैं और डरे हुए भी। हिमालय के इको सेंसेटिव जोन में मौजूद जोशीमठ को बद्रीनाथ, हेमकुंड और फूलों की घाटी तक जाने का एंट्री प्वाइंट माना जाता है। जोशीमठ हिमालयी इलाके में जिस ऊंचाई पर बसा है, उसे पैरा ग्लेशियर जोन कहा जाता है। इसका मतलब है कि इन जगहों पर कभी ग्लेशियर थे, लेकिन बाद में ग्लेशियर पिघल गये और उनका मलबा बाकी रह गया। ऐसी जगहों पर जमीन स्थिर नहीं रहती और संतुलन नहीं बन पता। इसी कारण आादि गुरु शंकराचार्य की तपोभूमि ज्यार्तिमठ भूधंसान की जद में आ रहा है। यह नगर धीरे-धीरे अपने सांस्कृतिक और ऐतिहासिक अस्तित्व को खोता जा रहा है। अगर जोशीमठ को नहीं बचाया गया, तो भविष्य में जोशीमठ के मठ-मंदिर केवल कहानियों में वास करेंगे। वैसे तो बद्रीनाथ जाने वाले तीर्थयात्री जब जोशीमठ में भगवान नृसिंह के मंदिर में दर्शन करने जाते हैं, तो वहां इस भविष्यवाणी के बारे में चर्चा होती है। कहा जाता है कि भविष्य में बद्रीनाथ धाम विलुप्त हो जायेगा और जोशीमठ से 25 किमी दूर भविष्यबद्री में भगवान बद्रीविशाल के दर्शन होंगे। जोशीमठ में हो रहे भूधंसान और जमीन के नीचे से निकलने वाले पानी के नालों को देखकर लोग सदियों पहले हो चुकी भविष्यवाणी से जोड़ कर देख रहे हैं। एक तरफ धार्मिक भविष्यवाणी है, तो दूसरी तरफ वैज्ञानिक कारण भी बयाते जा रहे हैं। इन कारणों को आज या कल में नहीं खोजा गया है, बल्कि जोशीमठ पर आये इस खतरे को लेकर साल 1976 में भी भविष्यवाणी कर दी गयी थी। क्या है जोशीमठ का इतिहास, मान्यता, धार्मिक महत्व, इससे जुड़ी भविष्यवाणी और चेतवानी के प्रमाण का सच और क्यों विलुप्त होता जा रहा है जोशीमठ, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

### लोगों की सुरक्षा के लिए युद्ध स्तर पर काम : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

लोगों का दर्द बांटने के लिए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को जोशीमठ पहुंचे। लोग उनके सामने बिलख कर रोने लगे। महिलाओं ने उन्हें घेर लिया। वे बोलीं- हमारी आंखों के सामने ही हमारी दुनिया उजड़ रही है, इसे बचा लीजिए। हमें अपने घरों में रहने में डर लग रहा है। धामी ने जोशीमठ बचाव के संबंध में कहा कि देहरादून में विभागों के साथ कार्ययोजना बनेगी। हर विभाग का नोडल अफसर बनेगा। अलग-अलग जोन में नगर बंटेगा। लोगों की जान-माल की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाये। भीषण सर्दी का समय है, जरूरत की चीजें उन्हें प्राप्त हों। दीर्घकालिक ड्रेनेज प्लान पर तत्काल काम शुरू हो। औपचारिकताओं में न जाया जाये। भविष्य में स्थायी पुनर्वास की स्थिति बनेगी, तो उसके लिए दो स्थानों को तय किया है। गौचर और पीपलकोटी के पास दो स्थानों पर पुनर्वास प्रस्ताव पर भी काम किया जा रहा है।

### जोशीमठ का इतिहास

जोशीमठ को हिमालय का द्वार भी कहा जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार जोशीमठ को स्वर्ग का प्रवेश द्वार भी कहते हैं। यहां की संस्कृति भगवान विष्णु के इर्द-गिर्द घूमती है। जिसके आध्यात्म की जड़ें काफी गहरी हैं। जोशीमठ की स्थापना आठवीं सदी में आदि गुरु शंकराचार्य ने की थी। जोशीमठ को बाबा केदारनाथ धाम और बाबा बद्रीनाथ धाम की यात्रा का अहम पड़ाव भी माना जाता है। मान्यता है कि जोशीमठ में नरसिंह मंदिर की पूजा-अर्चना किये बगैर बद्रीनाथ की यात्रा अधूरी रह जाती है। आदि गुरु शंकराचार्य ने बद्रीनाथ धाम और भारत के तीनों कोनों पर मठों की स्थापना करने से पहले जोशीमठ में ही पहला मठ स्थापित किया था। यहीं पर शंकराचार्य ने सनातन धर्म के महत्वपूर्ण धर्मग्रंथ शंकरभाष्य की रचना भी की। तभी से जोशीमठ हमेशा ही वेद पुराणों की ज्योति विद्या का केंद्र बना रहा रहा। ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व का यह स्थान ,उत्तराखंड के गढ़वाल मंडल के चमोली जनपद में पैनखंडा परगने में समुद्रतल से 6107 फीट ऊंचाई पर स्थित है। चमोली -बद्रीनाथ मार्ग पर कर्णप्रयाग से 75 किमी , चमोली से 59 किमी आगे और बद्रीनाथ से 32 किलोमीटर पहले औली डांडा की ढलान पर अलकनंदा की बायीं ओर स्थित है। यहां से विष्णुप्रयाग लगभग 12 किलोमीटर दूर है और जोशीमठ से फूलों की घाटी 38 किलोमीटर दूर है। उत्तराखंड के प्राचीन ऐतिहासिक और पौराणिक स्थानों में एक जोशीमठ को ज्योतिर्मठ भी कहा जाता है। कहा जाता है कि ज्योतिर्मठ का नाम बदलते-बदलते जोशीमठ हो गया। ज्योतिषमठ की स्थापना अदि गुरु शंकराचार्य ने की थी, जिसे ज्योतिर्मठ भी कहा गया। जोशीमठ संस्कृत शब्द ज्योतिर्मठ का अपभ्रंश रूप है, जिसका अर्थ है शिव के ज्योतिर्लिंग का स्थल। बाद में आदिगुरु शंकराचार्य ने अपने परम प्रिय शिष्य टोटका को यहां का दायित्व सौंपा। अलकनंदा और धौलीगंगा नदी का संगम यहीं होता है।

### यह नरसिंहरूपी भगवान विष्णु की तपोभूमि है

जोशीमठ का पौराणिक इतिहास भी है। कहा जाता है कि पहले जोशीमठ समुद्र क्षेत्र था। जैसे ही चमत्मकारिक परिवर्तनों के अनुसार, यहां हिमालय के पहाड़ों का प्रादुर्भाव हुआ तो नरसिंहरूपी भगवान विष्णु की तप भूमि बन गयी। मान्यता है कि दैत्य कुल के राजा हिरण्यकश्यप और पुत्र प्रह्लाद का संबंध भी यहां से था। यहां स्थित नरसिंह मंदिर का वर्णन भी स्कंद पुराण के केदारखंड में मिलता है। नरसिंह भगवान ने गुस्सा शांत करने के लिए हिमालय के जोशीमठ में ही शरण ली थी। जहां उन्हें असीम शांति प्राप्त हुई। तब से यहां जोशीमठ में भगवान विष्णु के नरसिंह अवतार की पूजा की जाती है। आज उन्हें जोशीमठ के सर्वोत्तम मंदिर में शांत स्वरूप में देखा जा सकता है। यहां मुख्य मूर्ति भगवान नरसिंह की है ,जो काला स्फटिक के पत्थर से बनी है। ऐसी मान्यता है कि भगवान शालीग्राम की कलाई दिन प्रतिदिन पतली होती जा रही है। जब यह शरीर से अलग होकर गिरेगी तब पर्वतों के टकराने से बद्रीनाथ के सारे रास्ते हमेशा के लिए बंद हो जायेंगे। तब भगवान विष्णु की पूजा बद्री में ही होगी। यह तपोवन से एक किलोमीटर दूर जोशीमठ के समीप है। भगवान बद्रीनाथ की शीतकालीन पूजा भी यही होती है। कहा जाता है कि भगवान बद्रीनाथ की शीतकालीन पूजा की परंपरा स्वामी रामानुजाचार्य ने 1450 ईपू में की थी।



### यहां 2400 वर्ष पुराना शहतूत का वृक्ष भी है, जिसे कल्पवृक्ष कहा गया

यहां पर एक शहतूत का लगभग 2400 वर्ष पुराना वृक्ष है। इसकी जड़ की गोलाई 36 मीटर है। इसे पवित्र कल्पवृक्ष भी कहते हैं। इसके नीचे आदि शंकराचार्य की तपस्थली गुफा भी है, जिसे ज्योतिश्वर महादेव के नाम से जाना जाता है। जोशीमठ वो स्थान है, जहां ज्ञान प्राप्ति से पहले आदि शंकराचार्य ने शहतूत के वृक्ष के नीचे कठोर तप किया था। यह कल्पवृक्ष जोशीमठ के पुराने शहर में स्थित है। सैकड़ों श्रद्धालु हर साल यहां आते हैं। इसी वृक्ष के नीचे भगवान ज्योतिश्वर महादेव पदासीन हैं। मंदिर के एक हिस्से में जगतगुरु शंकराचार्य द्वारा प्रज्जवलित लौ है। मान्यता है कि इस पवित्र ज्योति के दर्शन से मानव को एक कल्प यज्ञ के बराबर पुण्य का फल मिलता है। शंकराचार्य जोशीमठ के स्थापना के बाद सनातन धर्म के सुधार के लिए निकल पड़े।

### जोशीमठ को कार्तिकेयपुर के नाम से भी जाना जाता है

जैसा कि आप सभी जानते हैं हिमालय पर्वत का निर्माण कैसे हुआ है ? - पुराणों के अनुसार आज जहां जोशीमठ (चमोली) नामक स्थान है। वह क्षेत्र पानी से डूबा टेथिस सागर का भाग था। लाखों वर्ष पहले पृथ्वी के अन्दर दो प्लेटों के टकराने से हिमालय का निर्माण होना शुरू हुआ। हिमालय को नवीन वलित पर्वत की श्रेणी में रखा गया है, क्योंकि इसकी ऊंचाई आज भी बढ़ रही है। मान्यता है कि हिमालय निर्माण के हजारों साल बाद यहां बर्फ से ढके सुंदर पहाड़ और घाटियां अस्तित्व में आयीं, जिस कारण देवी देवताओं के लिए यह पवित्र स्थल बन गया। यहां कहीं तो भगवान शिव का धाम है, तो कहीं भगवान विष्णु का। जोशीमठ को कार्तिकेयपुर के नाम से भी जाना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि भगवान शिव के पुत्र कार्तिकेय के नाम पर इसका नाम कार्तिकेयपुर पड़ा।

### कत्यूरी शासकों का राज

छठी सदी के उत्तरार्ध में इस भू-भाग पर कत्यूरी शासकों ने अपना राज्य स्थापित किया। कत्यूरी वंश के संस्थापक बसंतनदेव थे, जिसका पता पांडुकेश्वर ताम्रलेख से मिलता है। पांडुकेश्वर ताम्रलेख में पाये गये कत्यूरी राजा ललितशूर के अनुसार कत्यूरी शासकों की प्राचीनतम राजधानी जोशीमठ (चमोली) में थी । इसे कार्तिकेयपुर नाम से भी जाना जाता है। बागेश्वर के शिलालेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार जोशीमठ में बसंतनदेव ने भगवान नरसिंह का मंदिर निर्माण करवाया था। बसंतनदेव के बाद जोशीमठ में कत्यूरी वंश की 3 शाखाओं ने शासन स्थापित किया। खर्परदेव वंश, निंबरदेव वंश और सलोणदित्य वंश। सलोणदित्य वंश के चतुर्थ राजा नरसिंह देव ने कत्यूरियों की राजधानी जोशीमठ से बैजनाथ (बागेश्वर) में स्थानांतरित की थी। 11वीं सदी में कत्यूरियों को विस्थापित कर चंदों और परमार वंश के राजाओं ने शासन स्थापित किया। गढ़वाल के अन्य भागों की तरह जोशीमठ 1803 से 1815 तक गोरखाओं शासनादेश रहा और बाद में अंग्रेजों के अधीन रहा। आजादी के बाद 24 फरवरी 1960 को पौड़ी से अलग होकर चमोली जनपद का गठन किया गया, जिसमें जोशीमठ को चमोली जनपद में शामिल किया गया।

### डूब रहा जोशी मठ, 1976 कि वह रिपोर्ट जिसने जोशीमठ की भविष्यवाणी पहले ही कर दी थी

करीब 50 साल पहले केंद्र सरकार ने गढ़वाल के तत्कालीन कलेक्टर एमसी मिश्रा को यह पता लगाने के लिए नियुक्त किया था कि जोशीमठ क्यों डूब रहा है। उनके नेतृत्व वाली 18 सदस्यीय समिति द्वारा इस बाबत एक रिपोर्ट पेश की गयी। इसमें साफ तौर पर बताया गया कि उत्तराखंड में जोशीमठ एक पुराने भूस्खलन क्षेत्र पर स्थित है और अगर विकास जारी रहा, तो यह डूब सकता है। रिपोर्ट में सिफारिश की गयी कि जोशीमठ में निर्माण प्रतिबंधित किया जाये, वरना यह डूब जायेगा। रिपोर्ट इससे अधिक भविष्यसूचक नहीं हो सकती थी। अब जब जोशीमठ इस कगार पर आ खड़ा हुआ है तो हमें यह जानने की सख्त जरूरत है कि आखिर इस रिपोर्ट में ऐसा क्या-क्या कहा गया, जिस पर उस तरीके से विचार नहीं किया गया।

1976 की मिश्रा समिति की रिपोर्ट ने बताया था कि जोशीमठ एक प्राचीन भूस्खलन पर स्थित है, जो चट्टान नहीं बल्कि रेत और पत्थर के जमाव पर टिका है। अलकनंदा और धौली गंगा नदियां, नदी के किनारों और पहाड़ के किनारों को मिटाकर भूस्खलन को ट्रिगर करने में अपनी भूमिका निभाती हैं। निर्माण गतिविधि में वृद्धि और बढ़ती आबादी क्षेत्र में लगातार भूस्खलन में योगदान देंगी। रिपोर्ट में कहा गया कि जोशीमठ रेत और पत्थर का जमाव है। यह मुख्य चट्टान नहीं है। इसलिए यह एक बस्ती के लिए उपयुक्त नहीं था। ब्लास्टिंग, भारी यातायात आदि से उत्पन्न कंपन से प्राकृतिक कारकों में असंतुलन पैदा होगा। उचित जल निकासी सुविधाओं का अभाव भी भूस्खलन का कारण बनता है। सोख्ता गड्ढों का अस्तित्व, जो पानी को धीरे-धीरे जमीन में सोखने की अनुमति देता है, मिट्टी और शिलाखंडों के बीच गुहाओं के निर्माण के लिए जिम्मेदार है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे पानी का रिसाव और मिट्टी का क्षरण होता है। रिपोर्ट में यह भी सुझाया गया था कि सबसे महत्वपूर्ण निवारक उपाय भारी निर्माण पर प्रतिबंध लगाना था। मिट्टी की भार वहन क्षमता और स्थल की स्थिरता की जांच के बाद ही निर्माण की अनुमति दी जानी चाहिए और ढलानों की खुदाई पर भी प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। इसमें कहा गया कि सड़क की मरम्मत और अन्य निर्माण कार्य के लिए सलाह दी जाती है कि पहाड़ी की तरफ खोदकर या विस्फोट करके पत्थरों को न हटाया जाये। इसके अलावा, भूस्खलन क्षेत्रों में पत्थरों और शिलाखंडों को पहाड़ी के नीचे से नहीं हटाया जाना चाहिए, क्योंकि इससे भूस्खलन की संभावना बढ़ जायेगी। ढलानों पर जो दरारें बन गयी हैं, उन्हें सील कर देना चाहिये। भूस्खलन क्षेत्र में पेड़ों को काटने के खिलाफ भी सलाह दी गयी और कहा गया कि मिट्टी और जल संसाधनों के संरक्षण के लिए विशेष रूप से मारवाड़ी और जोशीमठ के बीच क्षेत्र में व्यापक वृक्षारोपण कार्य किया जाना चाहिए। इसमें कहा गया कि इमारती लकड़ी और जलाऊ लकड़ी के साथ बस्ती की आपूर्ति के लिए पेड़ों को काटने को कड़ाई से विनियमित किया जाना चाहिए और यह अनिवार्य था कि स्थानीय लोगों को ईंधन के वैकल्पिक स्त्रोत प्रदान किये जायें। ढलानों पर कृषि से बचना चाहिए। सड़कों को पक्का किया जाना चाहिए। क्षेत्र में पानी का रिसाव बहुत अधिक है, इसलिए भविष्य में किसी और भूस्खलन को रोकने के लिए पक्की जल निकासी प्रणाली के निर्माण से खुले बारिश के पानी के रिसाव को रोका जाना चाहिए। और भी कई सारी जानकारियां इस रिपोर्ट में दी गयी थीं।

### शहर को तीन हिस्सों में बांटा गया, डेंजर जोन के घर ढहाये जायेंगे

सोमवार शाम को इमारतों को हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए केंद्र की एक टीम यहां पहुंची हैं। टीम ने राज्य सरकार को रिपोर्ट सौप भी दी है। उधर, राज्य सरकार ने जोशीमठ को तीन जोन में बांटने का फैसला किया है। ये जोन होंगे- डेंजर, बफर और सेफ जोन। जोन के आधार पर शहर के मकानों को चिह्नित किया जायेगा। डेंजर जोन में ऐसे मकान होंगे, जो ज्यादा जर्जर हैं और रहने लायक नहीं हैं। ऐसे मकानों को मैन्युअली गिराया जायेगा, जबकि सेफ जोन में वैसे घर होंगे, जिनमें हल्की दरारें हैं और जिसके टूटने की आशंका बेहद कम है। वहीं, बफर जोन में वो मकान होंगे, जिनमें हल्की दरारें हैं, लेकिन दरारों के बढ़ने का खतरा है। बता दें कि एक्सपर्ट की एक टीम दरार वाले मकानों को गिराने की सिफारिश कर चुकी है। जोशीमठ के सिंधी, गांधीनगर और मनोहर बाग एरिया डेंजर जोन में हैं। यहां के मकानों पर रेड क्रॉस लगाये गये हैं। प्रशासन ने इन मकानों को रहने लायक नहीं बताया है। चमोली डीएम हिमांशु खुराना ने बताया कि जोशीमठ और आसपास के इलाकों में कंस्ट्रक्शन बैन कर दिया गया है। यहां 678 घरों में दरारें आयी हैं। ज्यादातर लोग डर के चलते घर के बाहर ही रह रहे हैं। किरायेदार भी लैंडस्लाइड के डर से घर छोड़कर चले गये हैं। अभी तक 70 परिवारों को वहां से हटाया गया है। बाकियों को हटाने का काम चल रहा है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे रिलीफ कैंप में चले जायें।

### एक्सपर्ट बोले, लैंडस्लाइड हो सकता है

पीएमओ से मीटिंग के दौरान एक्सपर्ट ने जोशीमठ में बड़े रिस्क की आशंका जाहिर की है। उनका कहना है कि ब्लास्टिंग और शहर के नीचे सुरंग बनाने की वजह से पहाड़ धंस रहे हैं। अगर इसे तुरंत नहीं रोका गया, तो शहर मलबे में बदल सकता है। सुखवीर सिंह संधू ने कहा कि हमारी कोशिश है कि बिना किसी नुकसान के लोगों को दूसरी जगह शिफ्ट कराया जाये। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक यह पता लगाने में लगे हैं कि लैंडस्लाइड को कैसे रोका जा सकता है। जल्द ही समाधान ढूंढ़ लिया जायेगा। इसके लिए जरूरी कदम उठाये जाने शुरू कर दिये गये हैं, हालांकि अभी के हालात को देखते हुए लोगों को डेंजर जोन से निकालना ज्यादा जरूरी है।



www.epaper.azadsipahi.in

11 जनवरी, 2023
माघ, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 84

रक्षा मंत्रालय ने एंटी-टैंक मिसाइल, एयर डिफेंस सिस्टम के लिए 4,276 करोड़ के प्रस्ताव मंजूरी किये




**FLORENCE**
**Group of Institutions**
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)



Admission OPEN 2023-24

PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available

NURSING: ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL: DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY: D-PHARM

Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

नामांकन जारी सत्र : 2022–2023

**उषा कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
D.C ऑफिस के पीछे, बड़ा कांकड़ा, सरायकेला
Regd. Under : Health Education & Family Welfare department Govt. of Jharkhand
Recognized by : Pharmacy Council of India (PCI) Govt. of India
Affiliated by : Kolhan University, Chaibasa, Jharkhand.

**Course: B.PHARM**
(Bachelor in Pharmacy)



Note : BUS & Hostel Facility
Duration : 4Yrs.
Eligibility: 10+2 With PCB/PCM

For more details Contact :
TATA NAGAR INSTITUTE OF PARA MEDICAL TECHNOLOGY
Shere Punjab Chowk, Main Road, Adityapur
Cont. 9334635208, 9472786354

## रंगदारों की फायरिंग से थर्राया रामगढ़, गुमनस और पेटरवार

# कोयला व्यवसायी और भाजपा नेता निशाने पर

- विधायक लंबोदर को अपराधियों ने दी धमकी

रामगढ़/ गुमला/ पेटरवार । झारखंड में अपराधियों ने मंगलवार को गदर काटा। ताजा घटना रामगढ़, गुमला और पेटरवार की है। इन तीनों जगहों पर रंगदारों की फायरिंग और धमकी इलाका थर्रा गया। रामगढ़ में कोयला व्यापारी नेपाल यादव पर अपराधियों ने बीच शहर में गोलीबारी की। वहीं, गुमला में भाजपा नेता को अपराधियों ने निशाने पर लिया, तो पेटरवार में आजसू विधायक लंबोदर महतो को जान से मारने की धमकी दी।

## भाजपा नेता को मारी गोली, रांची रेफर

हिमांशु / आदित्य

**पालकोट।** पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष सह भाजपा किसान मोर्चा जिला महा मंत्री, ईंट भट्ठा संचालक पालकोट निवासी सुमित केसरी को अज्ञात अपराधियों ने देर रात पालकोट के बिलिंगबिरा सुंदरीडीह मोड़ ले जाकर पैर में गोली मार दी। साथ ही सर और छाती को पत्थर से कूच कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सुमित केसरी रात को पालकोट से लगभग दो किलोमीटर दूर बिलिंगबिरा रोड में अपने फ्लाइएस ईंट भट्ठे में थे। उसी दौरान ईंट भट्ठा की बाउंड्री की दीवार फांद कर दो नकाबपोश अपराधी हथियार की नोंक पर सुमित केसरी एवं उनके भतीजा उत्सव केसरी को बिलिंगबिरा रोड की ओर ले गये। रास्ते में सुमित के भतीजे को मारपीट कर भगा दिया। अपराधियों ने उत्सव केशरी को अपनी बाइक लाने को कहा, जिससे कि चार आदमी जा सकें। उसके बाद अपराधियों ने सुमित केसरी को



बिलिंगबिरा सुंदरीडीह मोड़ में ले जाकर पैर में गोली मारी और पत्थर से सिर को कूच कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना क्षेत्र के मुखिया कमल पहान को दी। इसके बाद गांव के लोग कमल पहान को लाने जलडेगा गांव गये। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस पालकोट पहुंची और घायल सुमित केसरी को गुमला सदर अस्पताल लेकर गयी। वहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित मेडिका अस्पताल भेज दिया गया। इस घटना के विरोध में पालकोट के सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठान स्वतः बंद रहे।

## रामगढ़ में कोयला व्यवसायी पर फायरिंग

बीरू कुमार

**रामगढ़।** विकास नगर में अपराधियों ने प्रसिद्ध व्यव्सायी नेपाल यादव पर गोलीबारी की है। गोलीबारी में नेपाल यादव बाल-बाल बचे हैं। उनका प्राथमिक इलाज सदर अस्पताल रामगढ़ में कराया गया है। घटना के बाद पुलिस लकीर पिटती नजर आयी। बाद में मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी है। पुलिस नेपाल यादव के कार्यालय में लगी सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। छापामारी शुरू कर दी है।

कोयला कारोबारी नेपाल यादव मंगलवार को करीब 2:00 बजे विकास नगर रामगढ़ स्थित अपने कार्यालय पहुंचे थे। इसी बीच उनके वाहन का पीछा कर पहुंचे दो बाइक पर सवार चार अपराधी ने उनका वाहन से उतरने का इंतजार किया। नेपाल यादव जैसे ही वाहन से उतरे की चार अपराधियों में से 2 अपराधी उन पर हथियार तान दिया। जैसे ही



एक अपराधी उन्हें सटाकर गोली मारने का प्रयास किया तो नेपाल अपने हाथों से उक्त अपराधी को धक्का देकर हटाने का प्रयास किया। इसी दौरान अपराधी के हथियार से निकली गोली नेपाल यादव के पेट के बाएं ओर छूते हुए निकल गयी।

घटना की सूचना पाकर रामगढ़ थाना प्रभारी विद्याशंकर पहुंचे और घायल नेपाल को सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया। बाद में उन्हें सकुशल घर पर भिजवा दिया गया। बाद में घटनास्थल एसडीपीओ किशोर कुमार पहुंचे और गोलियों से भरा मैगजीन बरामद कर जांच पड़ताल में जुट गये हैं।

## लंबोदर महतो को जान से मारने की धमकी

पेटरवार। गोमिया से आजसू विधायक लंबोदर महतो को अज्ञात अपराधियों ने जान से मारने की धमकी दी है। सोमवार देर रात जब विधायक क्षेत्र भ्रमण से पेटरवार स्थित अपने आवास पर पहुंचे, उसी दौरान नकाबपोश अपराधी हथियार के साथ आवास के मेन गेट के पास आया। उनके पीए को धमकी दी कि वह विधायक को मार डालेगा। विधायक ने पेटरवार थाने में इसकी लिखित शिकायत दर्ज करायी है। इस संबंध में लंबोदर महतो ने कहा कि उन्होंने किसी का अहित नहीं सोचा है। ऐसे में जान से मारने की धमकी मिलना समझ से परे है। हो सकता है कि क्षेत्र में उनकी बढ़ रही लोकप्रियता से कुछ लोग घबरा कर ऐसा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में कुर्मी जाति को एसटी में शामिल करने की उन्होंने पुरजोर मांग की थी। वह भी कुछ लोगों को नहीं भा रही है। वहीं, बोकारो में कोयला तस्करी में शामिल सफेदपोशों को भी वह नहीं सुहा रहे हैं। उन्होंने राजनीतिक वजहों से धमकी मिलने की आशंका जाहिर की है।

## हेमंत कैबिनेट ने 31 प्रस्तावों को दी मंजूरी

# मदरसों - संस्कृत विद्यालयों को मिलेगा दोगुना अनुदान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत सोरेन कैबिनेट में मंगलवार को 31 प्रस्तावों को स्वीकृति दी गयी। कैबिनेट ने वित्तरहित मदरसा और संस्कृत विद्यालयों को दोगुना अनुदान देने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी। इसके तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष 2022-23 से ही दोगुना अनुदान मिलेगा। राज्य में वित्तरहित 33 संस्कृत विद्यालय और 46 मदरसा के करीब 2000 शिक्षकों और कर्मचारियों को इसका लाभ मिल सकेगा।

**मजदूरों का शव लाने के लिए 25 हजार सहायता :** श्रमिकों के शव लाने में मुआवजा राशि बढ़ाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। यदि प्रवासी मजदूरों की सामान्य मौत होती है, तो शव लाने के लिए तत्काल 25 हजार की राशि दी जायेगी। इसके अलावा बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों (सीडीपीओ) की सीधी नियुक्ति के लिए ली जानेवाली परीक्षा के पैटर्न में बदलाव के प्रस्ताव को स्वीकृति मिली। परीक्षा में मेंस पैटर्न के 100 अंकों के हिंदी पेपर के क्वालिफाइंग मार्क्स अब 30 अंक हो जायेंगे, पहले 40 अंक का होता था। हालांकि इसके अंक पहले की तरह मेरिट सूची में शामिल नहीं होंगे। परीक्षा पैटपैर्न में कई अन्य बदलाव किये गये हैं।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- न्यायिक पदाधिकारियों के एक जनवरी 2016 से वेतन पुनरीक्षण को मंजूरी।
- रांची में तुमांग पंचायत को मैक्लुस्कीगंज थाने से जोड़ने सहित कई जिलों के पंचायत और अन्य थाने में शामिल करने की मंजूरी।
- निजी एवं सरकारी बीएड महाविद्यालय में नामांकन और शुल्क निर्धारण नियम में बदलाव की मंजूरी।
- लघु खनिजों की नीलामी के लिए कोलकाता की कंपनी को अवधि विस्तार की स्वीकृति।
- झारखंड विधानसभा में नियुक्ति और बरती गयी अनियमितता की जांच के लिए एक सदस्यीय आयोग के अवधि विस्तार की स्वीकृति।
- राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला, झारखंड रांची में निदेशक के पद पर संविदा के आधार पर डॉ एके बापुली को नियुक्त करने की स्वीकृति।

हमीन कर बजट
वित्त विभाग, झारखण्ड सरकार

हमीन कर बजट पोर्टल तथा मोबाइल ऐप का उद्घाटन माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा दिनांक 10.01.2023 को अपराह्न 05.00 बजे किया गया ।

राज्य बजट 2023–24 के लिए ऑनलाइन पोर्टल हमीन कर बजट के माध्यम से आम जनता का सुझाव आमंत्रित है। ऑनलाइन पोर्टल हमीन कर बजट पर पंजीकरण कर अपने बहुमूल्य सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं।

तीन सर्वश्रेठ सुझाव देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जायेगा।
सुझाव देने की अंतिम तिथि 20–01–2023 है।

1. हमीन कर बजट पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करें।
2. होम पृष्ठ पर दिए गए स्थान पर अपना मोबाइल नंबर एवं ई–मेल (वैकल्पिक) भरें एवं ओ टी पी जेनरेट करने के लिए क्लिक करें। आप ओ टी पी ई–मेल अथवा मोबाइल किसी पर भी अपनी सुविधानुसार मंगा सकते हैं।
3. मोबाइल पर आये हुए ओ टी पी एवं दिखाये गए कैप्चा कोड को उसके स्थान पर भरें एवं रजिस्ट्रेशन पेज में प्रवेश करें ।
4. रजिस्ट्रेशन पेज में मांगे गए विवरण को भर कर सेव करें।
5. संबन्धित विभाग/क्षेत्र का चुनाव कर अपना सुझाव पोस्ट करें।
6. ट्विटर, फेसबुक, व्हाट्सएप इन्स्टाग्राम और ई–मेल के माध्यम से भी आप अपने सुझाव दे सकते हैं।







हेमंत सोरेन माननीय मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार

P.R. 287224 (Finance) 22-23

Website :- https://finance.jharkhand.gov.in/BudgetVichar | Facebook :- https://www.facebook.com/HameenKarBudget
Twitter:- Follow @HameenKarBudget | WhatsApp. :- 91 651 244 6191 | Instagram :- https://www.instagram.com/hameenkarbudget | Email Id :- hameenkarbudget@gmail.com

## ऑटो और बाइक की टक्कर में 6 लोग घायल



कोडरमा (आजाद सिपाही)। मंगलवार की दोपहर 1 बजे कोडरमा थाना अंतर्गत वसुंधरा पेट्रोल पंप के समीप ऑटो और बाइक की टक्कर में 6 लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान मनोज कुमार सिंह (उम्र 35 वर्ष, पिता भुनेश्वर सिंह, ग्राम फुलवरिया), वासुदेव दास (उम्र 52, पिता गनहो दास, ग्राम फुलवरिया), गणेश यादव (उम्र 52 वर्ष पिता छोटेलाल यादव), सुनीता देवी (उम्र 40 वर्ष, पति दिनेश यादव) दोनों बेलाटांड़ तिलैया, राजेंद्र बिरहोर (उम्र 30 वर्ष, पिता बुधन बिरहोर ग्राम फुलवरिया), पिंटू तुरी (उम्र 25 वर्ष पिता सरजू तुरी, मसनोडीह) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार ऑटो में तिलैया से सवारी बैठाकर कोडरमा की तरफ आने के दौरान पेट्रोल पंप के समीप एक बाइक से जोरदार टक्कर हो जाने से बाइक व ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना में घायल 6 लोगों को पुलिस की मदद से कोडरमा अस्पताल लाया गया जहां इनका इलाज चल रहा है।

## भाकपा जिला परिषद की बैठक 12 को

कोडरमा (आजाद सिपाही)। भाकपा जिला परिषद की बैठक 12 जनवरी को आहूत की गयी है। भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने बताया कि भाकपा जिला परिषद कोडरमा की बैठक 12 जनवरी को साहू धर्मशाला झुमरी तिलैया में दोपहर 12 बजे रखी गई है जिसमें मुख्य रुप से नवीकरण एवं भर्ती, 23 जनवरी को सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर सेमिनार रांची में होगी जिसकी तैयारी पर चर्चा की जाएगी। वहीं 21 जनवरी को पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोडरमा के समक्ष अखिल भारतीय नौजवान संघ जिला इकाई कोरमा के तत्वाधान में प्रदर्शन की जाएगी जिसकी तैयारी पर भी चर्चा की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम, अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडेय, अंचल मंत्री अर्जुन यादव, अंचल मंत्री धनंजय यादव, अंचल मंत्री रामेश्वर यादव आदि लोग मौजूद रहेंगे।

## एकमुश्त ऋण समझौता का लाभ उठा सकते हैं उपभोक्ता

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। बैंक ऑफ इंडिया जामु के शाखा प्रबंधक प्रभाकर साहू ने बताया कि उपभोक्ता सरकार के द्वारा चलाई जा रही एकमुश्त ऋण समझौता योजना का लाभ उठा सकते हैं। इसके लिए 11जनवरी को 11 बजे से बैंक ऑफ इंडिया जामु के समीप शिविर का आयोजन किया जायगा। उन्होंने बताया कि यदि किसी खाता धारक का कोई ऋण अधूरा है या फिर वह डिफाल्टर की श्रेणी में आ चुका है, तो एकमुश्त ऋण समझौता योजना का लाभ उठा सकता है। इसमें उपभोक्ता को भारी छूट दी जाएगी। जिससे खाताधारक आसानी से ऋण का निपटान कर सकेंगे। यदि कोई खाताधारक एक साथ किसी भी ऋण का निपटान करने में असमर्थ है तो उसे एक समय सीमा के अंदर किस्तों में ऋण चुकाने का मौका दिया जाएगा। शिविर में निपटारा के लिए कोडरमा के एरिया मैनेजर बिमल कांत झा, जोनल अफसर, रिकवरी अफसर मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

## देवीपुर के पारटांड़ में शिव मंदिर से हुई चोरी

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र में चोरी की घटना रुकने का नाम नही ले रही है। कभी पावर सब स्टेशन में चोरी तो कभी घर में चोरी की घटना प्रखंड के भिन्न भिन्न क्षेत्रों में हो रही है। इसी बीच चोर मंदिर में लगे हजारो के समान ले कर भाग गए। यह मामला नवलशाही थाना क्षेत्र में ग्राम पंचायत देवीपुर (खेशमी) स्थित पारटांड के बाबा कल्याणेश्वर शिव मंदिर का है। जहां चोरो ने सोमवार की मध्य रात्रि मंदिर में लगे आहुचा कम्पनी का साउंड सेट मशीन, एक माईक, इन्वर्टर मशीन, चार एलईडी बल्ब तथा एक बैटरी की चोरी कर लिया है। ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर में जब सुबह मंदिर के मुख्य पुजारी संतोष कुमार पांडेय पूजा अर्चना करने गए तो देखे कि मंदिर के मुख्य द्वार में लगा गेट में ताला लगा हुआ है। चोर गेट के ऊपर लगे ग्रिल का जाम को हटाकर अंदर घुस गये और सामान चोरी कर लिया। चोरी की सूचना मिलते ही नवलशाही थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह एवं एसआई रंजीत कुमार अपने पुलिस बल के साथ मंदिर पहुँचे एवं उक्त ग्राम के ग्रामीणों से जानकारी ली। पूछताछ के दौरान थाना प्रभारी अनिल सिंह ने कहा कि जल्द ही इस तरह चोरी की घटना को अंजाम देने वाले चोर पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

## नगर प्रशासन के जनविरोधी रवैया के खिलाफ निकाय कर्मी रहे हड़ताल पर



कोडरमा (आजाद सिपाही)। राज्यभर में कार्यरत कार्यालय स्टाफ, सफाईकर्मी, सुपरवाइजर, ड्राइवर सहित दस हजार नगर निकाय कर्मियों ने झारखंड सरकार के नगरीय प्रशासन के सेवा निदेशक आदित्य कुमार आनंद के द्वारा यूनियन के नेताओं से नहीं मिलने और निकाय कर्मियों के प्रति जनतंत्र विरोधी रवैया के खिलाफ और दैनिक वेतन कर्मियों को स्थाई करने, आउटसोर्सिंग ठेका व्यवस्था बंद करने, दुर्घटना बीमा का लाभ देने, सामाजिक सुरक्षा के तहत सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन देने आदि चार सूत्री मांगों के समर्थन में मंगलवार को एकदिवसीय हड़ताल पर रहे। इस वजह से कोडरमा बाजार में सफाई नहीं हुई। हड़ताल के समर्थन में नगर पंचायत कार्यालय कोडरमा के समक्ष झारखंड लोकल बॉडीज इम्पलाइज फेडरेशन के बैनर तले धरना दिया गया जिसकी अध्यक्षता सियाराम और संचालन पवन कुमार यादव ने किया। सफाई कर्मियों के साथ गुलामों के जैसा व्यवहार किया जा रहा है, छुट्टी के दिन भी काम करने के लिए मजबूर किया जाता है। धरना में अनिल कुमार, कन्हैया कुमार, सन्नी कुमार, विक्की कुमार, बिनोद डोम, सुनील डोम, अवधेश डोम, राधेश्याम दास, तुलसी दास, बालदेव दास, दिलीप राम, सौरभ कुमार दास, मुरारी मनोहर यादव, अशोक भूइयां, रवि कुमार, टुनुवा देवी, मीना देवी, बबीता देवी, लीलो देवी, छोटन भूइयां, मुकेश कुमार, राजेश कुमार, दिनेश कुमार, हिरावन भूइयां, कौशल कुमार, सूर्यकांत रजक, मनीष कुमार, अमर कुमार, परमेश्वर यादव, दीपक कुमार रजक मौजूद थे।

## जन वितरण प्रणाली विक्रेता संघ की बैठक

सतगावां (आजाद सिपाही)। प्रखंड के कलीडीह में मंगलवार को जन वितरण प्रणाली विक्रेता संघ के प्रखंड अध्यक्ष सुरेश पाण्डेय की अध्यक्षता में जन वितरण प्रणाली विक्रेता संघ सतगावां प्रखंड इकाई की एक बैठक हुई। बैठक में संगठन को सशक्त बनाने पर विचार विमर्श किया गया साथ ही जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं की समस्याओं रखकर उसके समाधान की मांग की गयी। बैठक में मुख्य अतिथि जन वितरण प्रणाली विक्रेता संघ के प्रदेश कार्यकारिणी समिति सदस्य बासुदेव पंडित उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार हमलोगो को ई पौष मशीन दिया गया और उसके साथ वजन मशीन जोड़ दिया गया। इस दौरान कमिटी गठित की गयी जिसमे कटैया पंचायत शिवबालक प्रसाद यादव, मीरगंज पंचायत विनोद यादव, शिवपुर पंचायत राजेंद्र लाल साव, माधोपुर पंचायत सुधीर सिंह, मरचोई पंचायत संत बाल्मीकि, समलडीह पंचायत रामावतार चौधरी, बासोडीह पंचायत विकास चौधरी, इटाई पंचायत अर्जुन सिंह, राजाबर पंचायत दिलीप कुमार, टेहरो दिनेश्वर प्रसाद यादव, खुट्टा पंचायत अर्जुन यादव, नवाडीह पंचायत मदन प्रसाद यादव, अम्बाबाद विकास प्रसाद, कोठियार चांदो राम शामिल किए गए। मौके पर विकास प्रसाद, चंद्रिका प्रसाद, गीता देवी, मुन्नी देवी, भोला प्रसाद यादव, प्रमिला देवी, गीता देवी, चांदो राम, पुष्पा देवी, प्रमिला देवी, सरयू प्रसाद यादव, पंचोला देवी, दिलीप कुमार, महेंद्र यादव, बेबी देवी, सुरेंद्र यादव, संत बाल्मीकि, गौरव कुमार, सुधीर सिंह, सावित्री देवी, अर्जुन यादव, अशोक यादव समेत कई डीलर उपस्थित थे।

## सुषमा सुमन ने गरीबों के बीच कंबल बांटे

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। मंगलवार को नगर पालिका क्षेत्र वार्ड नंबर 8 हरिजन टोला देवी मंडप के पास निशुल्क कंबल वितरण किया गया। यह कार्यक्रम मोदी बरनवाल महिला समिति के द्वारा किया गया जिसमें मुख्य अतिथि मोदी बरनवाल महिला समिति की झारखंड उपाध्यक्ष योगी सुषमा सुमन, अतिथि गण बैंक ऑफ इंडिया सेवानिवृत्त मैनेजर आलोक कुमार सिन्हा, सांसद प्रतिनिधि ईश्वर मोदी, अहिवरण समाज के अध्यक्ष सूर्यदेव मोदी, भाजपा के नगर महामंत्री महादेव दास, ओम प्रकाश दास, जितेंद्र दास उपस्थित थे। सुषमा सुमन ने उपस्थित अतिथियों को फूलों और अंग वस्त्र देकर के सम्मानित किया। सुषमा सुमन ने कहा कि कि मैं जिंदगी जी रही हूं तो राष्ट्र की सेवा करने के लिए, समाज की सेवा करने के लिए। मंच संचालन योगी प्रदीप कुमार सुमन ने किया।

# 2 जनवरी को हुई फायरिंग में नामजद अभियुक्त समेत पांच आरोपी गिरफ्तार



### जब्त किये गये सामान

- काला रंग का स्वचालित पिस्टलः तीन
- मैगजीन : पाँच
- 7.65 केजी का जिन्दा गोली : स्यारह

### छापामारी दल में शामिल

- पु०अ०नि० मणिलाल सिंह, स०अ०नि० रमेश कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। पुलिस अधीक्षक हजारीबाग मनोज रतन चौथे को गुप्त सूचना मिली थी कि आनन्द साव जो गत 2 जनवरी को डाडीकला में हुए फायरिंग का नामजद अभियुक्त है अपने कुछ साथियों के साथ माईन्स क्षेत्र में भ्रमणशील है। अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी बडकागांव अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रभारी डाडीकला ओपी मणिलाल सिंह एवं अन्य के एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा थाना कांड सं-03/2023 के नामजद अभियुक्त आनन्द साव पिता रामबिलास साव ग्राम चेपाकला, थाना बड़कागांव (डाडीकला ओ०पी०) जिला हजारीबाग को गिरफ्तारी किया गया। उनके निशानदेही पर रोहित कुमार दास, पिता- पचल राम, सा चेपाकला, पंकज कुमार, पिता- सन्नु महतो, सा- उपरेली डाडी, रामलखन कुमार उर्फ दारा, पिता- कुँवर करमाली, सा चेपाकला, बसारत मियाँ, पिता- दिल मोहम्मद मियाँ, सा- डाडीकला सभी थाना बडकागांव (डाडीकलां ओपी) जिला- हजारीबाग को विधिवत गिरफ्तार किया गया एवं रोहित कुमार दास के पास से एक काला रंग का स्वचालित पिस्टल मैगजिन सहित तीन जिन्दा गोली, पंकज कुमार के पास से एक काला रंग का स्वचालित पिस्टल मैगजिन सहित तीन जिन्दा गोली, बसारत मियाँ के पास से एक काला रंग का स्वचालित पिस्टल मैगजिन सहित तीन जिन्दा गोली, रामलखन कुमार उर्फ दारा के पास से दो मैगजीन एवं दो जिन्दा गोली को विधिवत जब्त किया गया। इस संबंध में बड़कागांव थाना काण्ड सं- 13/23 आर्म्स एक्ट अंकित किया गया है।

## बरसोत में दृष्टि अस्पताल ने निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया

आजाद सिपाही संवाददाता



बरही। बरसोत पंचायत सचिवालय में दृष्टि अस्पताल की ओर से निःशुल्क आंख का जांच शिविर लगाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुखिया मोतीलाल चौधरी ने फीता काट कर किया। शिविर में डॉ रोहित कुमार मंडल, डॉ मो हमजा, सहयोगी सुजीत कुमार, चंदन सिंह, अयान अफ़ज़ली की टीम ने 65 आंख के मरीजों का जांच किया। वहीं 15 ऑपरेशन के लिए जाने वाले मरीजों की पुष्टि कर ईलाज के लिए दृष्टि अस्पताल चौपारण बुलाया गया। जहां मरीजों के आधार कार्ड और आयुष्मान कार्ड के द्वारा निःशुल्क ईलाज का परामर्श दिया गया। मौके पर समाजसेवी सुजीत कुमार, मुकेश बक्शी, पप्पू पाण्डेय समेत कई लोग मौजूद थे।

## सास, बहू और पति सम्मेलन का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



हजारीबाग। सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत हुटपा पंचायत के तरवा-खरवा आंगनबाड़ी केंद्र में मंगलवार को बीबीटी कुमारी रेखा वर्मा एवं सहिया साथी जयश्री के नेतृत्व में सास बहू व पति सम्मेलन का आयोजन की गयी सास बहू एवं पति को लेकर क्विज प्रतियोगिता कराया गया जिसमें 27 बहू बेटियों ने भाग लिया भानु मेहता, कुंती देवी, सुशीला देवी, बबीता देवी, शिवानी देवी, पिंकी सिंह, कलावती देवी, करुणा देवी, सावित्री देवी, मालती देवी, पूनम देवी, सुनीता देवी, आरती देवी, सुनीता देवी, शिवानी कुमारी, मौके पर उपस्थित एनम आरती कुमारी, उप मुखिया बसंती देवी, सेविका सुशीला देवी, सहिया शकुन देवी, उषा देवी उपस्थित थे ।

## इंडियन आयल कस्टमर डे पर सेफ्टी क्लिनिक जागरूकता कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता



कोडरमा। झुमरी तलैया नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 23 में रामपाल एजेंसी की ओर से सोमवार को इंडियन आयल कस्टमर डे पर सेफ्टी क्लीनिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इंडियन आयल कंपनी के क्षेत्रीय अधिकारी नंदलाल कुशवाहा द्वारा महिलाओं को एलपीजी सुरक्षा को लेकर कई प्रकार की जानकारी दी गई। साथ ही उसकी सुरक्षा को लेकर कई उपाय भी बताए गए। इस दौरान महिलाओं द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब भी दिया गया। वही महिलाओं के बीच सेफ्टी को लेकर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं से सेफ्टी से संबंधित 30 सवालों का जवाब पूछा गया। प्रश्नों का सही सही जवाब देने महिलाओं को पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया। प्रतियोगिता में पूनम देवी प्रथम रूबी बरनवाल द्वितीय तथा सुप्रिया देवी तृतीय स्थान प्राप्त की सभी विजेता प्रतिभागियों को क्षेत्रीय अधिकारी श्री कुशवाहा के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## सिमरिया विधायक के प्रयास से रौशन हुआ केरेडारी चौक



केरेडारी(आजाद सिपाही)। केरेडारी मुख्य चौक सिमरिया विधायक किसुन दास के प्रयास से रौशन हुआ। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार ने भाजपा कार्यकताओं की मौजूदगी में हाई मास्ट लाइट का शुभारम्भ किया। उक्त हाई मास्ट लाइट विगत कई वर्षो से खराब पीडीए था जिसके कारण केरेडारी मुख्य चौक अँधेरे में थो लेकिन किसी जनप्रतिनिधि में इसे दुरुस्त करने की कोशिश नहीं की तब जाकर सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार व बद्रीनारायण सिंह ने सिमरिया विधायक किसुन दास से आग्रह किया जिसे सिमरिया विधायक ने सहर्ष स्वीकार कर खराब पड़े लाइट को दुरुस्त करवायो स्थानीय व्यवसाई व ग्रामीण सिमरिया विधायक के इस प्रयास की प्रशंसा कर रहे हैं। मौके पर बालेश्वर कुमार,अमित प्रसाद गुप्ता, संजय कुमार, डब्लू कुमार,तापेश्वर साव(पूर्व मुखिया केरेडारी), बसंत यादव अशोक महतो, जगदीश महतो, मोनू कुमार, राहुल सिंह,मुकेश यादव, दीपक साव, संजय यादव, पप्पु कुमार, भृगु कुमार,सतीश कुमार, गौतम सिंह, सुनील कुमार, प्रमोद कुमार, विक्रम कुमार, महावीर कुमार, कृष्ण कुमार वर्मा, उदय कुमार,रविन्द्र सिंह, लयाकत अंसारी, रहमत अंसारी, अतेन्द्र कुशवाहा, प्रभु महतो,सरयु कुमार महतो, पारसनाथ गुप्ता, सभी बिजली मिस्त्री टेकलाल महतो,तुलसी महतो, रामलाल महतो, मोती महतो, राजू राणा सहित कई लोग मौजूद थे।

## अनियंत्रित पिकअप वैन पेड़ से टकराई



दारू (आजाद सिपाही)। दारू प्रखंड अंतर्गत झुमरा से करियातपुर जोड़ने वाला मुख्य मार्ग के जोनियां जंगल मे मगंलवार को एक तेज रफ्तार से जा रही पिकअप वैन जिसका नंबर जे एच 02बी बी 0845 एक दोपहिया वाहन को अपने चपेट मे लेते हुए पेड़ से टकराई। हालंकि दो पहिया वाहन का मालिक कोयं निवासी अजीत राम ने बताया कि सड़क से कुछ दूरी पर मैं अपनी गाड़ी को खड़ा कर काम कर रहा था। अचानक एक पिकअप वैन अनबैलेंस हो गई और मेरे गाड़ी को अपने चपेट में लेते हुए एक पेड़ से जा टकराई। आसपास के लोग ड्राइवर को बचाने के लिए दौड़े। गाड़ी का अगला भाग इस तरह पेड़ में दब गया कि ड्राइवर उसमें पूरी तरह से फस गया अंत में दारु थाना को फोन किया गया। दारु थाना और ग्रामीणों के मदद से गाड़ी में फंसे ड्राइवर को गैस कटर से काटकर निकाला गया। ड्राइवर करियातपुर निवासी संदीप कुमार बताया गया। हालांकि ड्राइवर को थोड़ा बहुत ही चोटे आई उसे सुरक्षित निकाल लिया गया। मौके पर पहुंची दारू थाना के एस आई भाजो एक्का ने बताया कि किसी को भी किसी तरह का चोटे नहीं आई हालांकि एक बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी।

## चौपारण के पत्रकार के दुकान पर गोलीबारी मामले में शामिल 3 अपराधी पटना से गिरफ्तार

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। गत 29 दिसंबर को चौपारण थाना अन्तर्गत चौपारण बाजार स्थित एक दैनिक अखबार के पत्रकार शशि चन्द्रवंशी के बंद मोबाईल दुकान पर अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा गोली बारी की घटना को अंजाम दिया गया था। इस संबंध मे चौपारण थाना कांड सं-410/22 दर्ज किया गया था। घटना में शामिल अपराधियों के पकड़ने के लिए हजारीबाग एसपी मनोज रतन चौथे ने अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी बरही के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया। गठित टीम द्वारा तकनिकी अनुसंधान एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर कांड में संलिप्त तीन अभियुक्तों को बिहार पटना से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तो द्वारा अपने स्वीकारोक्ति बयान में इस कांड मे अपनी संलिप्तता को स्वीकार किया, जिसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एसपी ने बताया की इस कांड में संलिप्त अन्य अभियुक्तों के गिरफतारी हेतु छापामारी की जा रही है, शीघ्र ही इस कांड मे संलिप्त अन्य अभियुक्तो को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस कांड में गिरफ्तार अभियुक्त भोला कुमार उम्र- 19 वर्ष पिता- विजय राय सा०- रामजीचक दीघा नहर थाना- दोघा, जिला पटना, सोनू कुमार उम्र 20 वर्ष पिता- सुरेश पंडित सा दीघा एक्सटीटीआई थाना- दीघा, जिला पटना, सौरभ कुमार उम्र 20 वर्ष पिता राजकिशोर राय सा०- रामजीचक दीयावाटा थाना दीपा, जिला पटना शामिल हैं।

### आज भी विकास से कोसों दूर है कोठियार का गरडीह टोला

# गांव में लगे ईसाई धर्म के प्रतीक, ग्रामीणों ने कहा कि धर्म नहीं, मन बदला है

संजीव

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिले के सतगावां प्रखंड के कोठियार का गरडीह टोला। यहां 25 परिवार के सौ से अधिक लोगों ने हिन्दू धर्म छोड़कर ईसाई धर्म अपना लिया। यह खबर जब जिला मुख्यालय होते हुए राजधानी रांची तक पहुंची तो एकबारगी हड़कम्प मच गया। दरअसल कोडरमा में भाजपा की सरकार है, सांसद अन्नपूर्णा देवी और विधायक नीरा यादव दोनों उस पार्टी से आते हैं जो हिंदू पक्षधर कही जाती है। ऐसे में धर्म परिवर्तन को लेकर सवाल उठ रहे हैं, पर हकीकत इस गांव में आकर ही समझा जा सकता है। यह गांव विकास से कोसों दूर है, सड़क की स्थिति खस्ता, घर आज भी खपरैल वाले। स्वास्थ्य सुविधा तो कुछ भी नहीं। ऐसे में जिन लोगों ने ईसाई धर्म को अपना लिया है, उनका कहना है कि बीमारी ठीक करने के लिए प्रभु यीशु की प्रार्थना शुरू की है। इन लोगों का कहना है कि उन्होंने धर्म नहीं सिर्फ अपना मन बदला है। पर जिन लोगों ने धर्मांतरण किया है उनके घरों में ईसाई धर्म से जुड़े प्रतीक चिन्ह भी लगे हुए हैं। इन लोगों के परिवार में प्रार्थना भी की जा रही है। इधर धर्मांतरण की सूचना के बाद लगातार हिंदू संगठन गांव का दौरा कर रहे हैं और लोगों से जानकारी जुटा रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री पंकज दुबे ने बताया कि मामला प्रकाश में आने के बाद कार्यकर्ता गांव में भ्रमण कर रहे हैं। जिन लोगों ने धर्मांतरण किया है उनका फिर से हिन्दू धर्म में परावर्तन कराया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि गरीब लोगों को अनाज और मकान का प्रलोभन देकर इस सरकार में धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। इधर धर्मांतरण की सूचना मिलने के बाद पुलिस स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है। एसपी कुमार गौरव ने बताया कि धर्मांतरण की सूचना के बाद गांव में पुलिस पहुंची और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि धर्म परिवर्तन के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## सहायक अध्यापक की असामयिक मौत

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के डाकडीह निवासी सहायक शिक्षक शम्भू राम का असामयिक निधन से गांव में छाया मातम। वहीं एकीकृत सहायक अध्यापक मोर्चा ने गहरी सवेंदना ब्यक्त की। सूचना मिलते ही एकीकृत सहायक अध्यापक मोर्चा के सचिव सुकर ठाकुर, कोषाध्यक्ष बहादुर ठाकुर मिडिया प्रभारी राजेश ठाकुर समेत प्रखण्ड के दर्जनो सहायक अध्यापक शोकाकुल परिजन के घर पहुंचे। परिजन से मिल कर दुःख की इस घड़ी में ढाढस बंधाते हुए सांत्वना दी। वही प्रखंड इकाई बरकट्ठा सहायक अध्यापक संघ ने सरकार से अनुकंपा के आधार पर दिवंगत की पत्नी को नौकरी की मांग की है। बताया गया कि अध्यापक शंभु राम लंबे समय से बिमार थे इनका इलाज रांची रिम्स अस्पताल में चल रहा था जहां उसकी मौत हो गयी। मौके पर मो. रियाज अंसारी,अरुण कुमार, अर्जुन मिस्री, अनिल कुमार,इन्द्र साव विजय कुमार, नारायण महतो, त्रिलोकी साव, माधुलाल यादव समेत दर्जनों शिक्षक शामिल थे।

## अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा का वन भोज सह वार्ड सदस्य सम्मान समारोह



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के बैनर तले हजारीबाग जिला के सिलवार मौसीवाड़ी में वनभोज सह नव चयनित वार्ड सदस्य सम्मान समारोह जिला अध्यक्ष बब्लू कुशवाहा के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मंच संचालन जिला कोषाध्यक्ष इंद्रदेव कुशवाहा ने किया। इस कार्यकम के मुख्य अतिथि राष्टीय अध्यक्ष कुशवाहा राकेश महतो, पाकी विधायक कुशवाहा शशि भूषण मेहता, उपाध्यक्ष दिगम्बर मेहता, विशिष्ट अतिथि झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, सम्मानीय अतिथि बीजेपी झारखंड के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा, प्रदेश महासचिव ललित महतो, प्रदेश सचिव सह जोहार पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष कुशवाहा विजय महतो, डॉ प्रणय मधुर सिन्हा, सेवा निवृत न्यायाधीश महेन्द्र प्रसाद, डीएसपी राजकुमार मेहता, बीजेपी नेता कुशवाहा शिवचरण उपस्थित हुए। जिला अध्यक्ष ने कहा कि वन भोज सह वार्ड सदस्य समान समारोह में जिस तरह से जन सैलाब उमड़ा है अब कुशवाहा समाज को हजारीबाग में राजनीति हिस्सेदारी लेने से कोई नहीं रोक सकता। मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित, प्रदेश संगठन मंत्री सूरज कुशवाहा, इंद्र नारायण कुशवाहा, जिला सचिव सुनील कुशवाहा, जिला कोषाध्यक्ष इंद्रदेव, जिला उपाध्यक्ष मिथुन कुशवाहा, जिला संगठन सचिव रामचंद्र कुशवाहा, युवा जिला उपाध्यक्ष सुरेश महतो कुशवाहा, बिल्डर रंजय कुशवाहा, सुनील, कृष्णा मेहता जी, युवा जिला अध्यक्ष सागर कुशवाहा, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष किरण वर्मा, दारू प्रखंड अध्यक्ष रामनारायण कुशवाहा, सदर प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन वर्मा, कटकमदाग प्रखंड अध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद, चौपारण प्रखंड अध्यक्ष नागेंद्र कुशवाहा, बरही प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुशवाहा, अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के जिला उपाध्यक्ष कुशवाहा विष्णुधारी महतो, बरही प्रखंड के उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, बरसोत से कुशवाहा समाज के अध्यक्ष बासुदेव महतो, सचिव दामोदर महतो, मंडई पंचायत अध्यक्ष अशोक सिंह सैनी आदि उपस्थित थे।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के लोगों ने उपायुक्त व एसपी से की मुलाकात



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सैयद तनवीर अहमद की अध्यक्षता में बड़कागांव पश्चिम के मंडल अध्यक्ष नौशाद आलम एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय एवं जिला के प्रशासनिक कप्तान एसपी मनोज रतन चौथे से शिष्टाचार मुलाकात कर बड़कागांव क्षेत्र की अनेक समस्याओं से अवगत कराया गया। साथ ही साथ नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए सोल एवं बुके देकर स्वागत किया गया। उपायुक्त नैंसी सहायक व एसपी मनोज रतन चौथे सभी समस्याओं पर गहरे से चिंतन कर समाधान करने की बात कही है।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। विष्णुगढ़ बगोदर राज मार्ग पर स्थित उपरैली बोदरा के समीप मोटरसाइकिल सवार जयलाल महतो पिता परमजीत महतो ट्रक की चपेट में आने से बुरी तरह घायल हो गया। घायल युवक विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के गोविंदपुर खुर्द का बताया गया। घायल युवक को विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर किया गया।

## हजारीबाग यातायात पुलिस ने गत वर्ष वसूले 1.21 करोड़ जुर्माना

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। यातायात थाना ने गत वर्ष बेहतर कार्य किया गया। मंगलवार को हजारीबाग एसपी मनोज रतन चौथे ने पत्रकारों को पिछले वर्ष यातायात थाने की उपलब्धियां गिनाते हुए थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रोहित सिंह के कार्यों की सराहना की। बताया की जिलान्तर्गत यातायात के संबंध में बेहतर यातायात सुविधा प्रदान करते हुए बीते वर्ष 2021-22 में पुलिसकर्मी के अभाव में भी बेहतर एवं सफलतम वर्ष रहा। यातायात थाना द्वारा सर्वप्रथम जहाँ बेहतर यातायात की सुविधा शहर वासियों को दिया गया और दूसरी तरफ कई विआईपी विजिट भी सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया। यातायात थाना द्वारा बहुमुखी कार्य करते हुए यातायात से संबंधित जागरूकता फैलाने के उद्देश से स्कूल कॉलेजों में कार्यक्रम किया गया साथ ही सार्वजनिकः जगहों पर भाईकिंग भी की गई। हजारीबाग जिलान्तर्गत दुर्गापूजा, रामनवमी, मुहर्रम, छठ आदि पर्व त्योहारों में ट्रैफिक थाना द्वारा बेहतर सुविधा प्रदान की गई। वहीं दूसरी तरफ यातायात नियमों का उधन करनेवाले शरारती - मनचलों पर कार्रवाई करते हुए एम वी एक्ट के तहत जुमार्ना से दण्डीत किया गया। हजारीबाग जिलान्तर्गत वाहन दुर्घटना से संबंधित कुल 212 केस दर्ज हुआ। जिला स्तर पर दुर्घटना में पीडित व्यक्तियों को मुआवजा दिलाने हेतु सार्थक प्रयास किया गया है। मनचलों - शरारती तत्वों के द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर एम वी एक्ट के तहत 1 जनवरी, 2022 से 31 दिसम्बर 2022 के बीच करीब 1 करोड़ 21 लाख, 22 हजार, 850 रूपया की राशि से दण्डीत किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर एम वी एक्ट के तहत निम्न बिन्दुओं पर फाइन वसूला गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाना, बिना इन्सुरेंस का वाहन चलाना, बिना हेलमेट का वाहन चलाना, बिना सीट बेल्ट का वाहन चलाना, तेज गति से वाहन चलाना, अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर।

## पुत्र के मृत्यु प्रमाण पत्र के लिये प्रखंड का चक्कर लगा रहा है वृद्ध ,नहीं बना मृत्यु प्रमाण पत्र

टाटीझरिया ( आजाद सिपाही )। अटका निवासी वृद्ध पिता हरिनाथ तिवारी ,अपने मृत पुत्र के प्रमाण पत्र के लिए पिछले चार माह से दर -दर की ठोकरें खा रहा है और उसे मृत्यु प्रमाण पत्र देने में अधिकारी रोज नए -नए बहाना खोज उसे टाल दें हैं। श्री तिवारी ने बताया कि बेटे की मृत्यु प्रमाण पत्र मिल जाता एल आई सी का रुका पैसा मिल जाता और उसकी पत्नी ,डेढ़ वर्षीय बेटा को जीने का आधार मिल जाता। उन्होंने बताया कि इस चक्कर में वे अपनी पत्नी को भी खो दिया। अब वे 20 जनवरी से टाटीझरिया ब्लॉक के सामने इसके लिए आमरण अनशन करने का फैसला लिया है । बताते चलें कि थाना क्षेत्र के बेड़म जंगल से 28 अप्रैल को बरामद नरकंकाल की पहचान अटका निवासी संजीत कुमार तिवारी के रूप में हुई थी। उनके पिता हरिनाथ तिवारी ने नरकंकाल के हाथ में पड़े कड़ा और कुछ कपड़े के आधार पर उसकी पहचान किया था। तिवारी की हत्या कर शव को उक्त स्थल पर गाड़ने वाला व्यक्ति ने भी स्वीकार किया था कि यह कंकाल उसी का है। उसके बाद टाटीझरिया थाना द्वारा उक्त कंकाल हरिणाथ तिवारी को अग्निसंस्कार के लिए सौंपा था। अब प्रखंड से हजारीबाग सांख्यिकी विभाग और फिर रांची के विशेष कार्य पदाधिकारी अर्थ एवम सांख्यिकी निदेशालय ,झारखंड रांची को पत्र भेजकर इसके मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए दिशा निर्देश मांगा गया है। *क्या कहा पंचायत सेवक पंचायत सेवक अर्जुन प्रसाद ने कहा कि इसके दर्ज प्राथमिकी में एक ओर संजीत का कंकाल उसके पिता के निशानदेही पर बताया गया है। वहीं दूसरी ओर यह भी लिख दिया गया कि अज्ञात शव बरामद किया गया है। इससे दुविधा उत्पन्न हो गई है और यही कारण है कि प्रमाण पत्र में दिशा निर्देश मांगा गया है।

### भाजपा जिला कार्यसमिति बैठक में झारखंड प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत हुए शामिल, भाजपाइयों ने किया भव्य स्वागत

# प्रधानमंत्री के विकास कार्यों को जन-जन तक पहुचाएं : प्रभारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यसमिति की बैठक भाजपा कार्यालय चतरा में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा ने की। वही मंच संचालन जिला महामंत्री मिथिलेश कुमार गुप्ता ने की। बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश प्रभारी सह राज्यसभा सांसद डॉ लक्ष्मीकांत बाजपेई मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बैठक से पूर्व पंडित दीनदयाल व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर वंदे मातरम के साथ शुभारंभ की गई। बैठक में सर्वप्रथम जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा ने झारखंड प्रभारी बाजपेई जी को शॉल व बुके भेंटकर स्वागत व अभिनंदन किया। उपस्थित अतिथियों को शॉल भेंट कर जिला पदाधिकारीगण द्वारा बारी-बारी से स्वागत किया गया। तत्पश्चात स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा ने की। मुख्य अतिथि प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत बाजपेई ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा सभी कार्यकर्ता अपने अपने बूथ को मजबूत करें मंडल अध्यक्ष घर जाकर कार्यकर्ताओं से मिलें। प्रधानमंत्री द्वारा किए गए विकास कार्यों को आम जनता तक पहुंचाएं। साथ ही उन्होंने सभी मंडल अध्यक्षों से संगठनात्मक चर्चा की। प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह ने प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत बाजपेई से परिचय तथा उनके दायित्व के बारे में विस्तृत पूर्वक कार्यकर्ताओं के बीच रखा। साथ ही उन्होंने संगठन की मजबूती पर विस्तार से चर्चा किया। इस दौरान सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने कहा झारखंड में प्रभारी के रूप में लक्ष्मीकांत बाजपेई जी आए हैं निश्चित रूप से झारखंड समेत चतरा जिला में संगठनात्मक मजबूती आएगी। प्रभारी के मार्गदर्शन पर सभी चलने को तैयार है।

#### बैठक में ये है मौजूद

बैठक को जिला प्रभारी विपिन बिहारी सिंह, पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, पूर्व विधायक जयप्रकाश सिंह भोक्ता, गूंजा देवी आदि ने भी संबोधित किया। बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कालीचरण सिंह, वरीय नेता युगल किशोर खंडेलवाल, अक्षयवट पांडे, प्रदीप कुमार सिंह, अजय सिंह, सूबेदार पासवान, पूर्व जिला अध्यक्ष विनय सिंह, रामविलास सिंह, नरेश सिंह, नवीन साह, जिला पदाधिकारी सुजीत जयसवाल, धर्मेंद्र साहू, तिलेश्वर पासवान, स्मिता प्रकाश, शिवबालक सिंह, सतीश सिंह, यदुनंदन यादव, चंदन केसरी, मंडल अध्यक्ष विद्यासागर आर्य, अनिल सिंह, देव कुमार सिंह, दयानिधि सिंह, विनोद गुप्ता, जितेंद्र सिंह, गोविंद तिवारी, कपिल दांगी, विनोद दांगी, शंकर साहू, सुखदेव पासवान, सतीश सिंह, संजीव मिश्रा, मोर्चा जिला अध्यक्ष शुभम सिंह, अभिषेक केसरी, भाजपा नेत्री निशा कुमारी, राजेश पासवान, राजेंद्र राम जिला कार्यसमिति सदस्य, पूर्व मंडल अध्यक्ष, मोर्चा महामंत्री, मोर्चा पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।

# बाइक चोर और छिनतई गिरोह का पर्दाफाश, 8 अपराधी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ पुलिस ने बाइक चोर और छिनतई गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने बड़ी समझदारी के साथ 8 बाइक चोर को गिरफ्तार किया। साथ ही उनकी निशानदेही पर चोरी की गई 12 बाइक व एक स्कूटी को भी बरामद कर लिया है। इस मामले की जानकारी मंगलवार को एसडीपीओ किशोर कुमार रजक ने अपने कार्यकाल में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि विगत कुछ महिनों से मोटर साईकिल चोरी, महिलाओं से पर्स छिनतई की घटनाओं में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए एसपी पीयूष पांडे ने एक छापामारी दल का गठन किया था।



#### गैंग को पकड़ने के लिए दो टीमें कर रही थी छापेमारी

एसडीपीओ ने बताया कि बाइक चोर और छिनतई गिरोह को पकड़ने के लिए दो टीम छापेमारी कर रही थी। एक टीम महिलाओं से पर्स छिनतई की घटनों के उद्भेदन के लिए तथा दूसरी टीम चोरी गई मोटर साईकिल की बरामदगी के लिए मशक्कत कर रही थी। सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर कैथा मोड़ के पास से दो संदिग्ध व्यक्तियों को मोटर साईकिल सहित पकड़ा गया। जिसके द्वारा रामगढ़ थाना कांड 07/23, 8/23, 11/23 में अपनी संलिप्ता स्वीकार करते हुए अपने साथी एवं कांड में प्रयोग किये दो बिना नम्बर का प्लसर मोटरसाईकिल तथा छिने गये पर्स, मोबाईल आदि को बरामद कराया गया।

#### इन अपराधियों को किया गया गिरफ्तार

रामगढ़ एसडीपीओ ने बताया कि बाइक चोर गिरोह में शामिल कुज्जू ओपी क्षेत्र के आजाद बस्ती निवासी मो हुसैन उर्फ बिट्टू, मोहम्मद तबरेज खलीफा, मोहम्मद परवेज उर्फ पिंकू, कुज्जू ओपी के पुराना बाजार टांड़ निवासी शहजाद हुसैन उर्फ बबलू तथा रामगढ़ शहर के दुसाध मोहल्ला हनुमान मंदिर के पास रहने वाले सोनू कुमार पासवान उर्फ डोडी शामिल है। इसके अलावा छिंतई गिरोह में शामिल कुज्जू ओपी क्षेत्र के सांडी निवासी दीपक कुमार, दरवारा होटल सीएन कॉलेज के पास रहने वाले कमलेश चौधरी तथा रांची रोड से हटा बस्ती रमता निवासी राहुल करमाली उर्फ कोका को गिरफ्तार किया गया है।

#### महिलाओं से छीनी गयी पर्स भी पुलिस ने किया जब्त

एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस ने महिलाओं से छीनी गई पर्स भी अपराधियों के पास से जब्त किया है। चार लेडीज पर्स पुलिस को मिला है। इसके अलावा बाइक को खोलने वाली मास्टर की, स्टैपलर्स, पेचकस, मास्टर चाभी आदि सामान भी जब्त हुआ है। उन्होंने बताया कि बरामद पर्स में से पैसे तो गायब थे। लेकिन महिलाओं के आधार कार्ड व अन्य डाक्यूमेंट्स उसी में रखे हुए मिले। जिससे उसकी पहचान हो पाई है।

#### छापामारी दल में ये थे शामिल

एसडीपीओ किशोर कुमार रजक, रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर विद्या शंकर, सब इंस्पेक्टर नवीन कुमार, प्यारे हसन, सुरेन्द्र सिंह कुंतिया, श्यामनंदन सिंह, सुमित कुमार पाण्डेय, अभय कृष्ण गिरी, कुजू ओपी के सब इंस्पेक्टर चेतन कुमार, एएसआई राहुल कुमार सिंह, हवलदार जमालउद्दीन अंसारी, आरक्षी मिथलेश कुमार यादव, आरक्षी ओम प्रकाश महतो, आरक्षी निकेत कुमार, आरक्षी उमेश पासवान शामिल थे।

## झामुमो ही एक ऐसी पार्टी है जो गांव व गरीबों को ध्यान रखती है : संजीव

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के हफुआ पंचायत झामुमो की कमेटी का गठन मंगलवार को किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के केन्द्रीय सचिव संजीव बेदिया मुख्य रुप से शामिल हुए। इस मौके पर उन्होने कहा कि झामुमो ही एक ऐसी पार्टी है जो गांव व गरीबों को ध्यान रखती है। मौके पर उदय अग्रवाल, राजेन्द्र बेदिया, मो शौकत, इस्लाम अंसारी, भरत मांझी, गुजर गंझु, रामदेव सिंह, दौलत सिंह आदि ने अपने विचारों को रखा। इसके बाद कमेटी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष मनोज कुमार भोक्ता को बनाया गया। इसी प्रकार उपाध्यक्ष रामदेव सिंह, गोबिन्द करमाली, महादेव मांझी, सचिव इस्लाम अंसारी, सह सचिव टोपन दरांव व दुर्गा मांझी, कोषाध्यक्ष परन सिंह को बनाया गया। और बतौर कमेटी सदस्य सिकंदर सोरेन, मितल मांझी, रामदेव सिंह, भरनो सिंह, चरण मांझी, दिलीप मांझी, मनोरमा देवी, पूनम देवी, सुषमा देवी सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे।

## रजरप्पा पुलिस ने बुध बाजार एनएच 23 पर एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया

**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** रजरप्पा थाना क्षेत्र के बारलोंग पंचायत अंतर्गत बुध बाजार 23 पर रजरप्पा थाना प्रभारी हरिनंदन सिंह के नेतृत्व में एंटी क्राइम सेटिंग अभियान चलाया गया जिसमें चार पहिया वाहन दोपहिया वाहन आदि गाड़ियों का कागजात की जांच पड़ताल की गई एवं सभी वाहनों का बारीकी से चेकिंग चलाया गया सभी वाहनों का डिक्की का भी जांच-पड़ताल किया गया जिसमें कई दर्जन वाहनों का गहन जांच पड़ताल किया गया इस मौके पर रजरप्पा थाना के कई पुलिस पदाधिकारी चेकिंग अभियान में शामिल थे। इस मौके पर सहायक पुलिस निरीक्षक रघु राय कोटवार , हवलदार शिवजी यादव, देवनारायण रजक, दर्जनों सशस्त्र बल के जवान चेकिंग अभियान मे शामिल थे।

## केंद्रीय सहायता मद से विकास योजनाओं के चयन के लिये डीसी ने की जिला स्तरीय बैठक



**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में विशेष केन्द्रीय सहायता मद एससीए से योजनाओं के चयन हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में की गयी। सरकार के प्रधान सचिव गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखंड सरकार की पत्र में वित्तीय वर्ष 2022- 23 में विशेष केंद्रीय सहायता अंतर्गत प्रस्ताव भेजने के लिए बैठक की गयी। उक्त बैठक में सर्वसम्मति से इन क्षेत्रों में विकास हेतु विचार विमर्श कर विभिन्न योजनाओं का प्रस्ताव पारित किया गया। उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, वन प्रमंडल पदाधिकारी चतरा उत्तरी आर थंगा पांडियन, वन प्रमंडल पदाधिकारी चतरा दक्षिणी एसपी सुमन, कृषि पदाधिकारी अशोक सम्राट, योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, जेएसएलपीएस से अनिल डुंगडुंग समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## जेएसपी फाउंडेशन ने कौशल विकास व स्वरोजगार को ले शुरू किया सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जेएसपी फाउंडेशन द्वारा महिलाओं और युवतियों में कौशल विकास और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए मंगलवार को सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का उदघाटन लबगा पंचायत के मुखिया हेमा कुमारी एवं जेएसपी के सीएसआर प्रमुख रवि निवाश के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जेएसपी फाउंडेशन ने सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यान्वित करने के लिए गेगदा और मतकमा गावों में अस्थायी केंद्रों को आरम्भ किया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वारा 3 माह में 80 महिलाओं और युवतियों को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे उन्हें स्वरोजगार को अपनाकर परिवार के आय वृद्धि में सहयोग करने का मौका मिलेगा। साथ ही परिवार के सिलाई कार्यों को स्वयं करने में समर्थ होंगी। जेएसपी फाउंडेशन ने अपने कौशल विकाश और आजीविका कार्यक्रमों जैसे सिलाई, कांथा, जरदोजी, लाह की चूड़ियां, पेपर बैग, कृत्रिम आभूषण एवं अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों के तहत 2000 से अधिक महिलाओं और युवतियों को लाभ पंहुचा चूका है। मौके पर सीएसआर विभाग से अनुराग सिंह, रश्मिता दस, सशि केशरी, प्रदीप प्रजापतिय प्रशिक्षक कृति कुमारी, सबिता देवीय प्रशिक्षु राखी देवी, अंजू उरांव, सबिता मिंज, नेहा देवी, उषा किरण देवी, कुंती देवी, नीलम देवी, आदि एवं ग्रामीण बृजन मुंडा और मंजू देवी मौजूद थे।

# अफीम तस्करों को पुलिसिया चोट आर्थिक श्रोत को किया ध्वस्त

आजाद सिपाही संवददाता

**चतरा।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चतरा पुलिस जिले में सक्रिय अफीम तस्करों और नशा खुरानी गिरोह के माफियाओं के विरुद्ध लगातार एक्शन मोड पर है। एसपी राकेश रंजन के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थानों की पुलिस वन विभाग और जिला प्रशासन के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर अफीम के उत्पादन और व्यवसाय के काले धंधे में संलिप्त ड्रग पेडलरों पर शिकंजा कसने में जुटी है। इसी कड़ी के तहत सदर



थाना पुलिस ने वन विभाग के सहयोग से थाना क्षेत्र के बरैनी पंचायत अंतर्गत बजरमड़ी वनक्षेत्र में तस्करों और माफियाओं के संरक्षण में वन भूमि पर अफीम उत्पादन के नियत से लगाए गए पोस्ते के अवैध फसल को अभियान चलाकर विनष्ट किया। थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक सुधीर कुमार चौधरी के नेतृत्व में मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने करीब एक एकड़ में लगे अवैध पोस्ते के फसल को ट्रैक्टर चलाकर विनष्ट किया। साथ ही आसपास के गांव के ग्रामीणों को गैरकानूनी कार्यो में संलिप्त नहीं होने की चेतावनी देते हुए तस्करों के हर गतिविधि की सूचना पुलिस को देने की अपील की। अभियान में एएसआई शशिकांत ठाकुर व वन विभाग के कर्मियों समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## सुखा राहत को लेकर प्रखंड में हुई बैठक

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को एक बैठक हुई इसमें पतरातू बीडीओ हलधर कुमार सेठी व सीओ शिवशंकर पाण्डेय विशेष रुप से शामिल थे। इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रखंड के जितने भी किसान मुख्यमंत्री सुखा राहत के लिए ऑनलाईन आवेदन किए हैं। उन सबों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। ताकि कोई भी गड़बड़ी नहीं हो और किसानों तक राशि पहुंच जाएग। इसके लिए बीटीएम, किसान मित्र आदि को प्रतिनियुक्त किया गया है। मौक पर इुंद्रजीत सिंह सहित दर्जनों की संख्या में लोग शामिल थे।

## खेल को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को हर तरह की मदद की जायेगी: चंद्रप्रकाश चौधरी



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** दुलमी प्रखंड के सिकनी मे फुटबॉल टूर्नामेंट फाइनल मैच का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि मे गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि गोला पार्षद सरस्वती देवी शामिल हुए इस दौरान अतिथियों के पहुंचने पर आयोजन समिति के लोगों द्वारा फूल माला पहनाकर भव्य तरीके से स्वागत किया गया। फाइनल फुटबॉल मैच का उद्घघाटन खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर एवं फुटबॉल को किक मारकर शुभारंभ किया गया एवं उपस्थित खिलाड़ियों के बीच संबोधित करते हुए चंद्रप्रकाश चौधरी ने ग्रामीणो को कहा की आजसू पार्टी हमेशा खिलाडियों को आगे बढ़ाने काम करती है तथा सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों मैं खेल को बढ़ावा देने के लिए हर तरह का सहयोग देने का काम किया जाएगा तथा खेल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को एक ना एक दिन ऊंची मंजिल मिलना निश्चित होगा इस दौरान पंचायत के उप मुखिया उमाशंकर महतो को जन्म दिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी । इस मौके पर आयोजन करता सिकनी उप मुखिया उमाशंकर महतो, समाजसेवी हरिकिशुन महतो, तुलाराम महतो, आजसू नेता जोगेंद्र महतो, छोटेलाल महतो, केदार महतो, राजेन्द्र रमन पटेल, कृष्ण कुमार, गोरीशंकर महतो, प्रशांत महतो, नितीश कुमार, बिनोद महतो, गोपी कुमार रोहित महतो, सहित आजसू पार्टी के अनेको कार्यकर्ता एवं आयोजन कमेटी के सभी सदस्य एवं भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### पासवान कल्याण समिति ने मनाया 43वां वनभोज सह मिलन समारोह

# विकास की ओर बढ़ रहा पासवान समाज : आइडी पासवान

**महिलाएं भी आगे बढ़ रही हैं ये बहुत गर्व की बात : अर्चना**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** बासल थाना क्षेत्र के हरिहरपुर लेक रिसोर्ट के समीप मंगलवार को पासवान कल्याण समिति सयाल भुरकुंडा का 43वां वनभोज सह मिलन समारोह मनाया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि आई. डी. पासवान पूर्व निर्देशक (खान एवम भूतल)बिहार,झारखंड सरकार और विशिस्ट अतिथि शंभु पासवान,माधव प्रसाद, गुप्तेश्वर पासवान, शशि पासवान, रंजन कुमार पासवान, एसआई मोहित कुमार, सुनील कुमार, अनिल कुमार,संदीप पासवान,बिनोद बिहारी पासवान, विंध्याचल पासवान, सीमा पासवान, रीत लाल पासवान, धीरज कुमार पासवान, आर एन पासवान, जयराम पासवान, लखेंद्र पासवान, धीरज पासवान, रितलाल पासवान, जयश्री पासवान,शशि पासवान, बबलू पासवान, सुनील पासवान, माधव पासवान, नंदकुमार पासवान, प्रकाश पासवान, लखन पासवान, अनिल पासवान आर एन पासवान, गुप्तेश्वर पासवान, कामता राम उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा चौहरमल की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खजांची पासवान और संचालन अध्यक्ष उपेन्द्र पासवान, इंद्रदेव पासवान, बीरेंद्र पासवान, संतोष कुमार पासवान, बिजेंद्र पासवान, सुरेंद्र पासवान ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि आई डी पासवान ने कहा कि समाज को एक जुट करना है आज हमारा समाज एक होकर आगे बढ़ रहा है इस बात की बहुत गर्व है। कार्यक्रम में झारखंड के रामगढ़, चतरा, पलामू, गढ़वा, लातेहार, रांची, धनबाद, हजारीबाग, जमशेदपुर एवं अन्य जिलों के पासवान समाज के अध्यक्ष एवं सचिव व समाज के लोगो ने भाग लिया। मौके पर संरक्षक वीरेंद्र पासवान, संतोष कुमार पासवान, बिजेंद्र पासवान, सुरेंद्र पासवान, अशोक पासवान, जयराम पासवान, विंध्याचल पासवान, आर एन पासवान, समिति अध्यक्ष उपेंद्र पासवान, सचिव इंद्रदेव पासवान, दीपक पासवान, शशि पासवान, गणेश राम, अमरनाथ पासवान, रामपरवेश राम, भगतू पासवान, रौशन पासवान, प्रेम पासवान, सुरेंद्र पासवान, धनजीत पासवान, ब्रजेश पासवान, विकाश पासवान, गोविंद पासवान, राजू पासवान, अजय पासवान, उपेंद्र पासवान, शतीश पासवान,रविन्द्र पासवान, बैजनाथ पासवान, विनय पासवान, प्रमोद पासवान, महेश पासवान, विशाल पासवान सहित समाज के कई लोग उपस्थित थे।

## बैंक खाते से अवैध निकासी को लेकर ओपी प्रभारी को दिया आवेदन

**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के सुगिया उखरबेड़वा करमा निवासी धर्मनाथ महतो पिता बल्लू महतो ने अपने बैंक खाते से अवैध रुपये निकासी को लेकर ओपी में आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने लिखा है कि कुजू चौक स्थित एसबीआई खाता संख्या 20024829963 से 5 जनवरी व 6 जनवरी को क्रमशः दस-दस हजार रुपए अज्ञात प्रज्ञा केंद्र द्वारा बिना जानकारी के अवैध निकासी कर लिया गया है। उन्होंने ओपी प्रभारी से जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

## विधायक प्रतिनिधि संजय ने चलाया जनसंपर्क अभियान, लोगों से मिले



**कुजू (आजाद सिपाही)।** भाजपा रामगढ़ नगर परिषद उपाध्यक्ष सह मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल के प्रतिनिधि संजय शाह ने रांची रोड क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न टोलो और मुहल्लों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अभियान के तहत उन्होंने क्षेत्र के बीआरएल आदर्श कॉलोनी समेत कई क्षेत्रों में जनसंपर्क करते हुए स्थानीय लोगों से बुनियादी सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने आवश्यक बुनियादी सुविधाओं को जल्द से जल्द बहाल कराने का अनुरोध किया। जिसमें पीसीसी पथ निर्माण, नाली निर्माण, सामुदायिक भवन का निर्माण, स्ट्रीट लाइट लगाने, डस्टबीन की व्यवस्था करने की मांग शामिल है। मौके पर संजय शाह ने ग्रामीणों की बुनियादी सुविधाओं को जल्द से जल्द बहाल कराने का आश्वासन दिया। मौके पर भाजपा युवा मोर्चा नेता मुकेश शाह, दिनेश रजक, उपेंद्र सिंह, बलराम सिन्हा, संजय चौहान, नीरज पांडेय, राजेश मंडल, जॉन समेत कई लोग मौजूद रहे।

## चुना लोड ट्रेलर असंतुलित होकर पलटा

**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के कोरियाघाटी जंक्शन पर चुना लोड ट्रेलर असंतुलित होकर पलट गया। वही, चालक बाल-बाल बच गया। जानकारी के अनुसार, 18 चक्का ट्रेलर संख्या आरजे 14 जीएल 6100 के चालक अलवर निवासी मो आरिफ जोधपुर राजस्थान से चुना लोड कर रांची की ओर जा रहा था। इसी बीच उक्त घाटी में एक वाहन को बचाने में असंतुलित होकर पलट गया।

## युवाओं ने बांटे जरूरतमंदों के बीच कंबल



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** बढ़ते ठंड को देखते हुए चैनगढ़ा के युवाओं ने आपसी सहयोग से बुजुर्गों व असहाय लोगो के बीच सौ कंबल का वितरण किया।युवाओं में बिट्टू महतो के अगुवाई में आसपास के जरूरतमंदों का चयन कर उन्हें कंबल दिया।क्रमबल वितरण समारोह में उपस्थित बिट्टू महतो ने बताया चैनगढ़ा के युवा सदैव आसपास के क्षेत्रों में किसी प्रकार की मदद के लिए बढ़ चढ़ कर मदद के लिए तत्पर रहते हैं।इसी कड़ी में बढ़ते ठंड को देखते हुए बुजुर्गों व असहाय लोगो के बीच कंबल वितरण किया और आगे भी किया जायेगा।सहयोग कर रहे युवाओ मे प्रियतम महतो, अजय केशरी, आजाद अन्सारी, राजदीप महतो, राजेन्द्र महतो, बासुदेव प्रासाद, उमेश बेदिया, दिपक बेदिया मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## उरीमारी में रमेंद्र कुमार का 82 वां जन्मदिन धूमधाम से मना



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** उरीमारी सिद्धो- कान्हु चौक चेक पोस्ट स्थित यूनाइटेड कॉल वर्कर्स यूनियन कार्यालय में मंगलवार को हिन्दुस्तान के राष्ट्रीय अध्यक्ष कामरेड रमेंद्र कुमार का 82 वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनाइटेड कॉल वर्कर्स यूनियन के बरका सयाल क्षेत्रीय सचिव विंध्याचल बेदिया ने किया। संचालन विनोद कुमार मिश्रा ने किया। सर्वप्रथम रमेंद्र कुमार का स्वागत शांति निकेतन विद्यालय के बच्चियों के द्वारा पुष्प अर्पित कर एवं स्वागत गान के साथ किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद कामरेड रमेंद्र कुमार के द्वारा जन्मदिन के शुभ अवसर पर केक काटा गया। इस अवसर पर उरीमारी परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार, बिरसा परियोजना पदाधिकारी डी शिवदास, बिरसा खान प्रबंधक रामेश्वर मुंडा, उरीमारी खान प्रबंधक यू एन प्रसाद, अमरेंद्र कुमार, संजय कुमार, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव, झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय सचिव संजीव बेदिया, यूनियन के महादेव मांझी,जेपीएन सिन्हा, दशरथ मेहता,लखेंदर राय, वरुण कुमार, विकास कुमार, संतोष कुमार, कमलेश यादव, सतीश सिंह सहित कई यूनियन के लोगों ने उपस्थित होकर जन्मदिन की ढेर सारी बधाई दी।

## पालु में खुला कंप्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के पालु पंचायत में मंगलवार को कंप्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन पंचायत की मुखिया पानो देवी के द्वारा फीता काटकर किया गया। मानव अधिकार (विमला परियोजना) के द्वारा संचालित इस प्रशिक्षण केन्द्र में पंचायत की बच्चियां कम्प्युटर की बेसिक ज्ञान प्राप्त करेंगी। मौके पर पंसस सुनीता देवी व अजय सिंह, उप मुखिया उज्वल कुमार सिंह, संध्या कुमारी, नमिता कुमारी, विक्की कुमार, दिलनारायण कुमार, कृष्णा कुमार, कामेश्वर साव, डॉ मनोज कुमार, गोपाल कुमार महतो, रुपेश कुमार, कविता देवी पूनम देवी सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे।

## टेक्सल कंपनी के मजदूरों से मिलने पहुंचे आजसू नेता



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू खैरा मांझी द्वार के पास स्थित टेक्सल कंपनी के मजदूरों के रहने के स्थान पर आजसू के वरिष्ठ नेता विजय साहु पहुंचे। उन्होने मजदूरों का हाल जाना और कहा कि मजदूरों के प्रति मानवतावादी रवैया कंपनी का नहीं है। यही कारण है कि कंपनी के नाईट वाचमैन संजय साव आज जिंदगी और मौत क बीच झुल रहे हैं। वहीं बाकि मजदूरों का भी आर्थिक और मानसिक शोषण किया जा रहा है। इसके कारण आए दिन कंपनी के मजदूर हड़ताल पर चले जाते हैं।

## 14 जनवरी को बामनधारा मे संक्रांति मेला का आयोजन

**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति मेला महोत्सव का आयोजन रजरप्पा स्थित बामनधारा भेड़ा नदी मे आयोजन किया जाएगा जिस के मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी होंगे व रामगढ़ विधानसभा की समाजसेवी सुनीता चौधरी शामिल होंगी माघ मेला का आयोजन को लेकर मेला समिति के द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। इस अवसर पर मकर संक्रांति के अवसर पर 14 जनवरी को रजरप्पा के बामनधारा में मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें नागपुरी कलाकार द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा मेला धूमधाम से मनाने को लेकर संचालन समिति गठित की गयी।


**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.19-SBP-TRD-OT-2022-23, दिनांक : 05.01.2023

**कार्य का नाम:** सम्बलपुर मण्डल के झारसुगुड़ा-बरगढ़ रोड सेक्शन में मानव युक्त समपार सं.JT-30, JT-34 एवं JT-43 के बदले में 03 संख्यक सीमित ऊँचाई वाले उपमार्ग (LHS)/रोड अण्डर ब्रिज (RUB) के प्रावधान से संबंधित TRD संबद्ध कार्य।

**अनुमानित लागत (रुपये में):** 21,80,258.04, EMD (रुपये में): 43,600/-, पूरा होने की अवधि: 08 महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि व समय:** दिनांक 27.01.2023 को 1530 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही ये सभी फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं। निर्देशानुसार ई-टेण्डरिंग में भाग लेते समय सभी प्रासंगिक पेपर अवश्य अपलोड होना चाहिए।

द्रष्टव्य: प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा खुलने से कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (TRD), सम्बलपुर

PR-894/N/22-23

# प्रवासी हैं देश का गर्व

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को 17वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का उद्घाटन किया। 2015 से यह सम्मेलन हर दूसरे साल आयोजित होता है, लेकिन साल 2021 में हुआ पिछला सम्मेलन कोविड महामारी के प्रभावों के चलते वर्चुअल ही हुआ था। इस तरह देखा जाये, तो चार साल बाद यह मौका आया है, जब इस सम्मेलन के बहाने 70 देशों से करीब साढ़े तीन हजार प्रवासी भारतीय यहां इकट्ठा हुए हैं। महात्मा गांधी के साउथ अफ्रीका से स्वदेश लौटने की तारीख, 9 जनवरी 1915 यानी प्रवासी भारतीय दिवस को केंद्र में रख कर मनाया जानेवाला यह समारोह दुनिया भर में फैले प्रवासी भारतीयों के भारत से अपने जुड़ाव को व्यक्त करने, उसे मजबूत बनाने और देश के विकास में उनके योगदान को रेखांकित करने का एक अच्छा जरिया बन चुका है। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर ठीक ही कहा कि विदेश में रह रहा हर भारतीय विदेशी जमीन पर राष्ट्रदूत की भूमिका में है, जो इस देश की विविधताओं की नुमाइंदगी करता है। इसमें दो राय नहीं कि विशाल प्रवासी भारतीय समुदाय दुनिया भर में अपना प्रभाव बढ़ाते हुए भारत की सॉफ्ट पॉवर का सबसे ताकतवर प्रतीक बना हुआ है। जिन देशों में भी ये प्रवासी हैं, उसके विकास में योगदान करते हुए वहां के समाज में अपना ऊंचा स्थान तो बना ही रहे हैं, भारत की प्रतिष्ठा में भी चार चांद लगा रहे हैं। लेकिन इस भावनात्मक योगदान से अलग इकॉनमी में ठोस आर्थिक योगदान की बात करें तो रेमिटेंस के रूप में हर साल अपने देश भेजने वाली रकम के लिहाज से भी प्रवासी भारतीय समुदाय अव्वल है। विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक साल 2022 में भारत भेजी गयी रेमिटेंस की रकम 100 अरब डॉलर को पार करने वाली है। यह किसी भी देश को उसके प्रवासी समुदाय की ओर से भेजी जाने वाली रकम से ज्यादा तो है ही, लेकिन इसकी विशालता का सही अंदाजा तब होता है, जब हम देखते हैं कि सबसे ज्यादा रेमिटेंस हासिल करने वाले देशों में दूसरे नंबर पर आने वाले मोरक्को में यह रकम महज 60 अरब डॉलर और तीसरे नंबर पर आने वाले चीन में 51 अरब डॉलर है। रेमिटेंस के अलावा इनके जरिये देश को निवेश आकर्षित करने में भी मदद मिली है। इस तरह से देश की इकॉनमिक ग्रोथ में अनिवासी भारतीयों और भारतवंशियों का अहम रोल रहा है। कई प्रवासी भारतीय देश लौट कर यहां रोजगार के मौके बनाने में योगदान दे रहे हैं और उन्होंने यहां कंपनियां भी शुरू की हैं। बहरहाल, प्रवासी भारतीय समुदाय अपनी जड़ों से जुड़ा रहे तो न केवल खुद भी फलता फूलता और अपने अस्तित्व को सार्थकता देता रहेगा बल्कि भारत की सॉफ्ट पॉवर में भी इजाफा करता रहेगा।

**विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक साल 2022 में भारत भेजी गयी रेमिटेंस की रकम 100 अरब डॉलर को पार करने वाली है। यह किसी भी देश को उसके प्रवासी समुदाय की ओर से भेजी जाने वाली रकम से ज्यादा है।**

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**टीटीपी को लेकर अफगानिस्तान की तालिबान सरकार और पाकिस्तान के बीच तनाव काफी बढ़ चुका है। अफगानिस्तान के उप प्रधानमंत्री तालिबानी अहमद यासिर ने ट्विटर पर 1971 में भारतीय सेना के सामने पाकिस्तान के आत्मसमर्पण की ऐतिहासिक तस्वीर सांझा करते हुए लिखा है कि पाकिस्तान ने उन पर हमला किया तो उसे ऐसी ही शर्मनाक स्थिति का सामना करना पड़ेगा।**

# पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा दुश्मन और सिरदर्द तालिबान

**अवधेश कुमार**



**अफगानिस्तानी तालिबान हो या पाकिस्तानी या फिर अल कायदा ये सब इस भाव से भरे हैं कि जब उन्होंने अमरीका और पश्चिमी देशों को वापस जाने तथा उनकी सत्ता स्वीकार करने के लिए मजबूर कर दिया तो फिर पाकिस्तान या ऐसे दूसरे देशों की क्या हैसियत है।**

हम में से शायद कइयों को यह दूर की कौड़ी लगे लेकिन अफगानिस्तान की तरह पाकिस्तान में तालिबानों के वर्चस्व का प्रत्यक्ष खतरा दिखने लगा है। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान यानी टीटीपी अफगानिस्तान को केंद्र बनाकर सत्ता पर कब्जा करने की जंग छेड़ चुका है। उसने बलूचिस्तान, वजीरिस्तान आदि में अपनी समानांतर सरकारें गठित कर इसकी घोषणा भी कर दी है।

टीटीपी को लेकर अफगानिस्तान की तालिबान सरकार और पाकिस्तान के बीच तनाव काफी बढ़ चुका है। अफगानिस्तान के उप प्रधानमंत्री तालिबानी अहमद यासिर ने ट्विटर पर 1971 में भारतीय सेना के सामने पाकिस्तान के आत्मसमर्पण की ऐतिहासिक तस्वीर सांझा करते हुए लिखा है कि पाकिस्तान ने उन पर हमला किया तो उसे ऐसी ही शर्मनाक स्थिति का सामना करना पड़ेगा।

दरअसल, पाकिस्तान के गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह ने तालिबान को धमकी दी थी कि टीटीपी ने उनके देश पर हमले नहीं रोके तो पाकिस्तानी फौज अफगानिस्तान में घुसकर उन आतंकवादियों के ठिकानों को खत्म करेगी। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने भी अफगानिस्तान सरकार को कहा कि टीटीपी पर लगाम लगाये। अगर वे इसमें विफल रहते हैं तो आतंकवादियों के खिलाफ सीधी कार्रवाई की जाएगी। इसकी प्रतिक्रिया में ही राणा सनाउल्लाह ने यह ट्वीट किया है।

**टीटीपी ने पाकिस्तानी सेना के साथ शांति संधि को पहले से तोड़ा आरंभ कर दिया था।**

इस एक उदाहरण से समझा जा सकता है कि पाकिस्तान इस समय टीटीपी के खतरे को लेकर किस स्थिति से गुजर रहा है। दरअसल, जब तालिबान ने अफगानिस्तान पर कब्जा करना शुरू किया तो पाकिस्तान ने हर तरीके से न केवल उसकी मदद की, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इमरान खान और उनके साथियों ने उनका पूरी तरह बचाव किया। उनको लगता था कि तालिबान के शासन स्थापित होने के बाद वे पहले की तरह फिर से एक उपनिवेश की भांति इसका उपयोग करेंगे और भारत जैसे देश के लिए परेशानियां बढ़ेंगी।

पाकिस्तान ने तालिबान से अपने संबंधों का उपयोग कर चीन के लिए वहां काम करने के आधार भी तैयार किये। किंतु तालिबान ने सत्ता पर आने के साथ धीरे-धीरे स्वतंत्र स्वायत्त व्यवहार करना शुरू किया और इस समय वे सबसे बड़े दुश्मन और सिरदर्द अगर किसी के लिए बने हुए हैं, तो वह पाकिस्तान है। तालिबान ने केवल जिहादी आतंकवादी गुटों को शरण देना आरंभ किया, बल्कि धीरे-धीरे उनकी सारी नीतियां 2001 तक उनके शासन की स्थिति में लौट रही हैं।

सामान्य तौर पर पाकिस्तान को इससे कोई समस्या नहीं हो सकती थी, क्योंकि वह ऐसा चाहता भी था। हां, दुनिया के लिए अवश्य चिंता का विषय है।

अमेरिका के साथ तालिबान ने दोहा में जो समझौता किया था, उसमें माना था कि वह अल कायदा जैसे आतंकवादी गुटों को प्रश्रय नहीं देगा। भारत ने उस समय भी अमेरिका और दूसरे देशों को आगाह किया था कि तालिबान पर इस तरह भरोसा न करें। वहां इस समय न केवल अल कायदा की प्रत्यक्ष मौजूदगी दिखी है, बल्कि इस्लामी स्टेट के साथ-साथ अनेक आतंकवादी समूह सक्रिय हैं। इनमें टीटीपी भी शामिल है।

टीटीपी अफगानिस्तान में प्राप्त प्रश्रय एवं सहयोग के कारण पाकिस्तान में जाकर हमले करता है और वापस आ जाता है। टीटीपी पाकिस्तान के फाटा यानी संघ शासित जनजातीय क्षेत्र पर अपना प्रभुत्व कायम कर चुका है और स्वात घाटी कभी भी उसके नियंत्रण में आ सकती है।

टीटीपी ने पाकिस्तानी सेना के साथ शांति संधि को पहले से तोड़ा आरंभ कर दिया था। वास्तव में आज शांति संधि केवल कागजों पर है और टीटीपी से पाकिस्तानी सेना का सीधा युद्ध चल रहा है।

टीटीपी का हौसला अफगानिस्तान में तालिबानों की दोबारा वापसी से स्वाभाविक ही बढ़ा है। स्वयं तालिबान ने भी पूर्व की भांति इस्लामिक जिहाद के विस्तार का केंद्र बनने का मंसूबा दिखाना शुरू किया। तालिबान की सोच और नीति तथा उसके कारण विश्व भर के आतंकवादी समूहों की फिर से वहां सक्रियता पूरे दक्षिण एशिया और भारत के साथ विश्व समुदाय के लिए भी चिंता का कारण बननी चाहिए। अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपनी नासमझ नीतियों से हालात को अमरीका द्वारा आतंकवाद विरोधी युद्ध आरंभ करने के 2001 के पूर्व पहुंचाने की संपूर्ण आधार भूमि तैयार कर दी।

क्या बाइडेन भूल गये कि एक समय पाकिस्तान के संरक्षण में पले आतंकवादियों ने ही तालिबान को केंद्र बना कर अमेरिकी ठिकानों सहित न्यूयॉर्क और वाशिंगटन तक पर हमला कर दिया था? आतंकवादियों ने विश्व में अपना सबसे बड़ा दुश्मन अमेरिका को ही घोषित किया था। क्या आज वैश्विक जिहादी आतंकवादी समूहों ने अमेरिका के प्रति विचार बदल दिया है?

अफगानिस्तानी तालिबान हो या पाकिस्तानी या फिर अल कायदा ये सब इस भाव से भरे हैं कि जब उन्होंने अमरीका और पश्चिमी देशों को वापस जाने तथा उनकी सत्ता स्वीकार करने के लिए मजबूर कर दिया तो फिर पाकिस्तान या ऐसे दूसरे देशों की क्या हैसियत है। इसलिए अब उनका मंसूबा जिहाद के द्वारा इस्लामी शासन के अधिकाधिक विस्तार का है। अगर तालिबान का पाकिस्तान पर वर्चस्व स्थापित हो गया तो क्या होगा इसकी कल्पना अमरीका सहित पश्चिमी देशों को अवश्य करनी चाहिए।

## जमशेदपुर की खबरें

# बोड़ाम के जीलिंगडुंगरी में ही होगा डिग्री कॉलेज का निर्माण : सांसद

**सांसद ने क्षेत्र के बुद्धिजीवी समाजसेवी, शिक्षाविद, आम जनता सहित जन प्रतिनिधियों के साथ की बैठक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पटमदा।** बोड़ाम के जीलिंगडुंगरी में डिग्री कॉलेज निर्माण को लेकर चर्चा पर चर्चा जोरों पर है। बीते दिनों विधायक मंगल कालिंदी ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर हर हाल में पूर्व के निर्धारित स्थान पर ही कॉलेज निर्माण होने की बात कही। वहीं मंगलवार को सांसद और पूर्व मंत्री ने भी ग्रामीणों के समस्या का समाधान के लिए पहल शुरू कर दी। जिन क्षेत्र में सांसद, विधायक और पूर्व मंत्री की छत्रछाया है वहां किसी भी हाल पर डिग्री कॉलेज निर्माण होना तय है। सभी ने ग्रामीणों के लिए पूर्व निर्धारित स्थान पर कॉलेज निर्माण की बात कही। उम्मीद जतायी जा रही है अब हर हाल में बोड़ाम के जीलिंगडुंगरी में ही डिग्री कॉलेज का निर्माण होना तय होगा। मंगलवार को सांसद व पूर्व मंत्री ने क्षेत्र के बुद्धिजीवी समाजसेवी, शिक्षाविद, आम जनता सहित जन प्रतिनिधि के साथ बैठक की। बैठक में पूर्व मंत्री ने बोड़ाम डिग्री कालेज निर्माण समिति का गठन किया। उन्होंने कहा हर हाल में पूर्व निर्धारित स्थान पर ही कॉलेज निर्माण किया जाएगा। बैठक के दौरान सांसद विद्युत वरण महतो ने उपस्थित ग्रामीणों को कहा बोड़ाम जैसे सुदूर क्षेत्र के छात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए जमशेदपुर,चांडिल या पटमदा तक की लंबी दूरी तय करनी पड़ती हैं। ग्रामीण युवाओं के उच्च शिक्षा ग्रहण करने में आ रही समस्या का समाधान जल्द करवाया जाएगा। उन्होंने कहा

केयू टीम को जनता के मांग से अवगत करवाकर पूर्व में चिन्हित जमीन बाघरा मौजा के जीलिंगडुगरी में ही कॉलेज स्थापित कराया जाएगा। वही सांसद व पूर्व मंत्री ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। बैठक में ग्रामीणों ने उक्त स्थल पर ही कालेज निर्माण की बात कही। ग्रामीणों ने क्षेत्र के युवाओं के अच्छी शिक्षा व्यवस्था के लिए कालेज निर्माण की अनुशंसा की। मौके पर पूर्व मंत्री ने कहा क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित कालेज निर्माण की मांग पर पूर्व की सरकार ने शोषित वंचित और अतिपिछड़ा क्षेत्र को शिक्षित कर उन्हे रोजगार के अवसर देने का कार्य किया। पूर्व के सरकार में जलापूर्ति योजना,शिक्षा के नए स्कूल खोलने, सड़क का जाल बिछाने का कार्य किया गया। लेकिन वर्षो से इस क्षेत्र को विकास से वंचित रखने का प्रयास किया गया। कालेज नही रहने के कारण बहुत से नौजवान पढ़ने की इच्छा रखते है लेकिन आर्थिक और मानसिक परेसानियो के वजह से कालेज में दाखिला नहीं ले पाते। वैसे लोगो के लिए रामचंद्र सहिस आपके बीच खड़ा है और आपके हर बढ़ते कदम में कदम से कदम मिलाकर संघर्ष करने को तैयार है।

बैठक में जिला परिषद प्रतिनिधि मानिक चंद्र महतो,आदित्य महतो, स्वर्धन हांसदा, बनमाली बनर्जी, नरेश सिंह, लक्षुमन सिंह, मेनका किस्कू, देवजनी दास, सुचित्रा सिंह, गणेश महतो, मनबोध सिंह, चित्ररंजन महतो, मदन मुर्मू, छुटुलाल सहीस, मृत्युंजय सिंह, छुटूलाल सिंह, प्रकाश गोप, लक्ष्मण रूईदास, समर गोप, बासुदेव महतो, आदित्य महतो, निर्मल सिंह, माधव महतो, बुद्धेश्वर महतो सहित ग्रामीण शामिल रहे।

# झारखंड का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों ने किया तीन दिवसीय फ्लावर शो का उद्घाटन

**आयोजन कमेटी ने मंचासीन सभी अतिथियों को फूल का पौधा देकर किया सम्मानित**

**11 जनवरी तक प्रकृति प्रेमी दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे के बीच संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर स्कूल परिसर आकर आनंद उठा सकते हैं**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घाटशिला।** झारखंड उदय न्यूज व घाटशिला फ्लावर शो कमेटी के द्वारा संत नंदलाल समृति विद्या मंदिर स्कूल परिसर में तीन दिवसीय 5वां फ्लावर शो 2023 का आयोजन किया गया। स्कूल परिसर में आयोजित फ्लावर शो का उद्घाटन झारखंड के नाम रोशन करने वाले मिस ग्लोब इंटरनेशनल इंडिया की विजेता तानिया सिन्हा, मिस टिन प्रतियोगिता की विजेता हर्षिका गुप्ता और सिक्किम व पूरी में नेशनल स्पोर्ट्स मॉडल प्रतियोगिता में पांचवें स्थान प्राप्त करने वाली जमशेदपुर के श्रेया अधरजी के द्वारा फीता काट कर व दीप प्रज्वलित कर किया गया।

मौके पर सम्मानित अतिथियों में नेशनल कराटे गोल्ड मेडलिस्ट मेघा शर्मा, घाटशिला कॉलेज के प्राचार्य आर के चौधरी, विभूति स्मृति संस्था के अध्यक्ष देवी प्रसाद मुखर्जी, कराटे कार गोपाल बैनर्जी, घाटशिला फ्लावर शो कमेटी के अध्यक्ष निर्मल झुनझुनवाला, एसएनएस विद्या मंदिर के प्रबंधक डॉ प्रसनजीत कर्मकार, प्राचार्य श्रीमती नीलकमल सिन्हा, प्रसिद्ध कलाकार गोपाल कृष्ण बनर्जी, झारखंड उदय के प्रबंध निदेशक रवि प्रकाश सिंह पावड़ा, मुखिया पार्वती मुर्मू, इचड़आ की उप मुखिया माला गुप्ता, सृष्टि विकास महिला समिति झारखंड प्रभारी रानी गुप्ता, डा. नमिता झा विनीत झुनझुनवाला उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह के बाद सभी अतिथियों ने फ्लावर शो 2023 का निरीक्षण कर जमकर सराहना की।

मौके पर रवि प्रकाश सिंह के नेतृत्व में कमेटी के द्वारा मंचासीन सभी अतिथियों को फूल का पौधा देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मिस ग्लोब इंटरनेशनल इंडिया की विजेता तानिया सिन्हा, मिस टिन प्रतियोगिता की विजेता हर्षिका गुप्ता, सिक्किम और पूरी में नेशनल स्पोर्ट्स मॉडल के प्रतियोगिता में पांचवें स्थान प्राप्त करने वाली जमशेदपुर के श्रेया अधरजी को फ्लावर शो कमेटी के द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मौके पर तानिया सिन्हा ने कहा बहुत हर्ष की बात आज महिलाओं के हाथो घाटशिला फ्लावर शो 2023 का उद्घाटन किया गया। उन्होंने कहा फूलों से काफी लगाव है। इसलिए यह गौरव की बात है।

मौके पर विशिष्ट अतिथि श्रेया अधरजी ने कहा घाटशिला में फ्लावर शो कमेटी के द्वारा 5वां फ्लावर शो 2023 का आयोजन सराहनीय पहल है। उन्होंने सराहना करते हुए पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने तीन दिवसीय फ्लावर शो में घाटशिला के युवाओं को उपस्थित होकर आनंद लेने की अपील की। ताकि कमिटी का हौसला बुलंद हो और आने वाले साल में भव्य आयोजन किया जा सके। मौके पर मिस टिन प्रतियोगिता की विजेता हर्षिका गुप्ता ने कहा घाटशिला में आयोजित पुष्प प्रदर्शनी में रोज गार्डेन में गुलाबों की वेरायटी आकर्षित कर रही थी। लोग सेल्फी ले रहे थे। पुष्प प्रदर्शनी के हरियाली से खुशहाली मिलती है। उन्होंने आयोजन कमेटी को बधाई दी। मौके पर बिरसा फन सिटी के संस्थापक लोकपति सिंह ने कहा फूलों की भी अपनी ही दुनिया है। इस फ्लावर शो से यही एहसास हो रहा है। उन्होंने कहा सभी के सहयोग से आने वाले साल में और भव्य आयोजन किया जाएगा। मौके पर फ्लावर शो कमेटी के अध्यक्ष निर्मल झुनझुनवाला ने कहा फ्लावर शो तीन दिनों तक चलेगा। 11 जनवरी तक प्रकृति प्रेमी दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे के बीच संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर स्कूल परिसर आकर आनंद उठा सकते हैं। मौके पर उपस्थित लोगो ने फ्लावर शो का जमकर आनंद उठाया। रंग बिरंगे फूल आकर्षण का केंद्र बना रहा। फ्लावर शो में बोनसाई पौधों के साथ-साथ आयुर्वेदिक औषधि पौधे भी शामिल रहा। कार्यक्रम के दौरान स्वादिष्ट भोजन स्टॉल लगाया गया। पौधे की खरीदारी के लिए कमेटी के द्वारा व्यवस्था किया गया। उद्घाटन समारोह में मंच संचालन व धन्यवाद ज्ञापन रवि प्रकाश सिंह के द्वारा किया गया।

# अरका जैन विवि व जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज ने किया एमओयू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए मिलकर करेंगे काम**

**जमशेदपुर।** अरका जैन विश्वविद्यालय और जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज अपने छात्र-छात्राओं के बीच शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में दोनों मिलकर काम करेंगे। इसे लेकर मंगलवार को दोनों संस्थानों के बीच एमओयू हुआ। इसके तहत जहां को-आपरेटिव कॉलेज के शिक्षक विभिन्न विषयों की कक्षाएं लेने के लिए अरका जैन विश्वविद्यालय जायेंगे, वहीं वहां से भी विशेषज्ञ शिक्षक-शिक्षिकाएं को-आपरेटिव कॉलेज आयेंगे। इतना ही नहीं समय-समय पर दोनों संस्थान मिलकर संयुक्त रूप से सांस्कृतिक आयोजनों पर भी फोकस करेंगे, ताकि प्रतिभाशाली बच्चों को उचित मंच मिल सके. एमओयू में सांस्कृतिक गतिविधियों के अलावा खेल को भी महत्व दिया गया है।

इसके तहत अरका जैन विश्वविद्यालय समय-समय पर को-आपरेटिव कॉलेज को बास्केटबॉल, वॉलीबॉल आदि के लिए ग्राउंड भी उपलब्ध करायेगा। साथ ही समय-समय पर टूर्नामेंट या किसी खास खेल प्रतियोगिता के समय आवश्यकता के अनुसार विश्वविद्यालय कॉलेज को अपनी बसें भी उपलब्ध करायेगा, ताकि छात्र-छात्राओं को सहूलियत हो। दोनों ही संस्थानों के अधिकारियों ने विश्वास जताया कि यह एमओयू भविष्य में मील का पत्थर साबित होगा। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ अमर सिंह, डॉ अंतरा कुमारी, डॉ प्रभात कुमार सिंह, विश्वविद्यालय की ओर से निदेशक अमित श्रीवास्तव, कुलपति डॉ एसएस रजी, कुलसचिव जसबीर धंजल तथा डॉ अंगद तिवारी उपस्थित थे।

# स्वर्णरेखा आरती घाट के लिए स्वास्थ्य मंत्री ने विधायक फंड से दिये 50 लाख रुपये



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** राज्य के स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन मंत्री बन्ना गुप्ता ने विधायक मद से स्वर्णरेखा आरती मंडप के निर्माण के लिए 50 लाख रुपये देने की अनुशंसा की है। यह फंड स्वर्णरेखा नदी के दुमुहानी पर आरती मंडप सहित अन्य सौंदर्यीकरण में खर्च होगा। जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा के विधायक गुप्ता ने मंगलवार को कहा कि स्वर्णरेखा नदी जमशेदपुर की लाइफ लाइन है। इसके संरक्षण और सौंदर्यीकरण की जिम्मेदारी हम सभी की है। इस नदी का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। उन्होंने कहा कि पूर्वी सिंहभूम जिले के उपायुक्त विजया जाधव को पत्र लिखकर स्वर्णरेखा आरती मंडप बनाने का निर्देश दिया है। इससे यह पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा। साथ ही रोजगार सृजन का केंद्र भी बनेगा। उन्होंने कहा कि सरकार के स्तर से भी इसमें सहयोग की मांग मुख्यमंत्री से करेंगे। साथ ही कॉर्पोरेट घरानों और शहर के प्रमुख व्यापारी वर्गों से भी स्वर्णरेखा के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के लिए सहयोग मांगा जायेगा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### पूर्व स्वास्थ्य मंत्री के निधन पर शोक सांत्वना व्यक्त करने पहुंचे भाजपा नेता एवं उपायुक्त



**केतार (आजाद सिपाही)।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री व वर्तमान विधायक भानु प्रताप शाही के पिता पूर्व मंत्री लाल हेमेंद्र प्रताप देहाती के निधन के बाद सोन नदी किनारे बत्तोकला गांव स्थित आवास पर कई भाजपा नेताओं, अधिकारियों व विभिन्न राजनीतिक पार्टी के नेताओं सहित समाज सेवियों का तांता लगा हुआ है। सभी लोग पहुंचकर भानु प्रताप शाही से मिलकर उनके पिताजी के निधन पर शोक व्यक्त कर सांत्वना देते हुए ढाढ़स बढ़ा रहे हैं। इस क्रम में सोमवार को देर शाम राज्यसभा सांसद सह भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी, पलामू लोकसभा सांसद विष्णु दयाल राम, गढ़वा विधानसभा के पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी, भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व प्रत्याशी अलखनाथ पांडेय सहित कई नेताओं ने आवास पर पहुंच कर सांत्वना दी। वहीं मंगलवार को अहले सुबह गढ़वा उपायुक्त रमेश घोलप व डालटनगंज विधानसभा विधायक आलोक चौरसिया ने उनके घर पहुंच कर शोक व्यक्त किया। सभी लोगों ने स्व. लाल हेमेंद्र प्रताप देहाती के द्वारा किए गए कार्यों को याद करते हुए नम आंखों से कहा कि ऐसा वीर सपूत इस धरती पर बहुत कम जन्म लेते हैं। जो राजा महाराजाओं के घर जन्म लेकर जमीनदारी प्रथा के खिलाफ लड़ाई लड़ते हुए सारा जीवन आम व्यक्ति की तरह क्षेत्र की लड़ाई लड़ते हुए जीवन त्याग कर दिया। जिसे भुलाना नामुमकिन है। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश केसरी, राष्ट्रीय कार्य कारिणी सदस्य जवाहर पासवान, जिला प्रभारी अमित सिंह, जिला सचिव संतोष दुबे, पूर्व विधायक प्रत्याशी मनोज सिंह, रघुराज पांडे ,अनिल पांडेय, विकास स्वदेशी मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### महाविद्यालय के ट्रस्टी सह पूर्व स्वास्थ्य मंत्री के निधन पर शोकसभा का आयोजन



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** मां नगीना शाही इंटर महाविद्यालय में मंगलवार को महाविद्यालय के ट्रस्टी सह पूर्व स्वास्थ्य मंत्री लाल हेमेन्द्र प्रताप देहाती के निधन पर शोकसभा का आयोजन किया गया।शोकसभा में उपस्थित महाविद्यालय कर्मियों ने पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह महाविद्यालय के ट्रस्टी स्व लाल हेमेन्द्र प्रताप शाही के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया शोकसभा में उपस्थित कर्मियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना किया।शोकसभा में महाविद्यालय की प्राचार्या लवली आनन्द,प्रो बबिता,अनिता,पूजा,आशा,सबिता, प्रो महमूद आलम,प्रो भरदुल ठाकुर,अविनाश कुमार,अशोक कुमार,हेमवंती कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### दूसरी बार शूटर की रेंज से बाहर हुआ तेंदुआ



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बैरिया गांव के जंगल में सोमवार की रात हैदराबाद के चर्चित शूटर नवाब शफत अली खान ने सर्चलाइट की रोशनी में तेंदुआ को देखा। यह तेंदुआ शूटर की रेंज से अधिक दूरी पर था, इस कारण उससे ट्रेंकुलाइज नहीं किया जा सका। शूटर ने सुबह में तेंदुआ के पग मार्क की जांच की। जांच में तेंदुआ की पुष्टि की गयी। शूटर शफक अली खान ने कहा कि तेंदुआ बेरिया, कुशवार, बीराजपुर रोदो गांव के इर्द-गिर्द में ही घूम रहा है। रात्रि में देखे गए स्थान पर ऑटोमेटिक पिंजरा लगाया गया है और उसमें सूअर बांध दिया गया है। उन्होंने कहा कि आसपास में ट्रैक कैमरे लगाए गए हैं, ताकि तेंदुआ का लोकेशन पता चल सके। उन्होंने कहा कि कब तक यह तेंदुआ भागता रहेगा। इसे सीघ्र ही पकड़ लिया जाएगा। शूटर श्री खान ने दूसरी बार उक्त तेंदुआ को अपनी आंखों से देखा है। पहले दिन भी बरवा गांव के पास उन्होंने तेंदुआ को देखा था। परंतु तेंदुआ 82 मीटर की दूरी पर था, शूटर को देखते ही तेंदुआ भाग गया था। ज्ञात हो कि भंडरिया, रमकंडा, रंका क्षेत्र में आदमखोर तेंदुआ का उत्पात मचा हुआ है। अब तक यह तेंदुआ तीन बच्चों सहित कई मवेशियों की जान ले चुका है। उसको पकड़ने के लिए वन विभाग अपनी पूरी तैयारी कर जंगल में उतर चुका है। वन विभाग के पास जितने भी संसाधन हैं, वह सभी इस तेंदुए को पकड़ने के लिए लगाये जा चुके हैं। जंगलों में 60 से अधिक ट्रैक कैमरे लगाए गए हैं। शूटर शफत अली खान के साथ हैदराबाद की चार सदस्यी टीम बुलायी गयी है। वन विभाग सीढ़ी और मचान बनाकर तैयार रखा है, जब उसकी जरूरत पड़ेगी वहां मचान लगाकर तेंदुआ को पकड़ने का प्रयास किया जाएगा।

**प्रेस कांफ्रेंस :** गढ़वा में दो सड़क निर्माण की मिली स्वीकृति, 10 करोड़ की लागत से बनेगी सड़क

# गढ़वा में बिछ रहा है सड़कों का जाल : मंत्री

**लोगों को मिलेगी सुगम आवागमन की सुविधा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



### सभी गांवों को बेहतर सड़क के माध्यम से प्रखंड मुख्यालय से जोड़ा जाएगा

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि पूरे गढ़वा में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। गांव- गांव में सड़क निर्माण हो जाने से मुख्य सड़कों पर ट्रैफिक का भार कम होगा। साथ ही लोगों को सुगम आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जिला मुख्यालय से सभी मार्गों के लिए मिनी बाईपास की व्यवस्था कर दी जाएगी। साथ ही सभी गांवों को बेहतर सड़क के माध्यम से प्रखंड मुख्यालय से जोड़ा जाएगा। आवश्यकतानुसार गढ़वा के सभी गांव को चिन्हित कर पुल-पुलिया का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में इस बार झारखंडी जनमानस की सरकार बनी है। जिससे हर क्षेत्र में चौतरफा विकास तेजी से हो रहा है।

गढ़वा। गढ़वा के विकास में हर रोज एक नया अध्याय जुड़ रहा है। जिले में सभी मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर लगातार प्रयासरत हैं। जिले के गढ़वा एवं रंका प्रखंड में दो अति महत्वपूर्ण सड़क निर्माण की झारखंड सरकार ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। पथ निर्माण विभाग से करीब 10 किमी लंबी इन सड़कों का निर्माण 10 करोड़, 14 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा।

जानकारी देते हुए मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि जिले के रंका एवं सदर प्रखंड गढ़वा के दो अति महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण की स्वीकृति झारखंड सरकार ने प्रदान कर दी है। शीघ्र ही निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य आरंभ किया जाएगा। इन सड़कों में गढ़वा के नवादा मोड़ से नवादा, जोबरइया गांव होते हुए गढ़वा-मंझियाव पीडब्ल्यूडी रोड तक करीब चार किलोमीटर सड़क का निर्माण तीन करोड़, 92 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। यह सड़क मिनी बाईपास के रूप में काम करेगी। मेराल, कचहरी रोड क्षेत्र से मंझियांव जाने वाले लोगों को शहर की ट्रैफिक का सामना किये बगैर जा सकते हैं। शहर से सभी मार्गों के लिए मिनी बाईपास बन जाने से लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। जबकि रंका प्रखंड के सोनदाग चारमुहान से सिकट होते हुए तमगे सीमा तक करीब छह किलोमीटर सड़क का निर्माण छह करोड़, 22 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। इस सड़क के निर्माण से सोनदाग, गौराटीकर, सिकट, तमगे आदि गांवों की पांच हजार से अधिक की आबादी लाभान्वित होगी। साथ ही इस सड़क से तीन सरकारी विद्यालय एवं दो आंगनबाड़ी केंद्र भी लाभान्वित होंगे। सोनदाग चारमुहान से एक सड़क जोगीखुरा, एक सड़क पल्हे होते हुए रंका प्रखंड मुख्यालय तथा एक सड़क भलुआनी होते हुए रंका एनएच 343 तक जाती है। इस क्षेत्र के लोगों को भी इस सड़क का सीधा लाभ मिलेगा। इस सड़क की स्थिति काफी जर्जर है। सामान्य दिनों में तो इस क्षेत्र के लोग किसी तरह आवागमन कर लेते हैं, परंतु बरसात में सड़क आवागमन के लायक बिल्कुल भी नहीं रहती है।।

## उपायुक्त ने किया भवनाथपुर प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण



**लिपिक, रोजगार सेवक, कम्प्यूटर ऑपरेटर समेत तीन अन्य कर्मियों को विभिन्न कारणों से स्पष्टीकरण पूछने के बीडीओ को दिये निर्देश**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भवनाथपुर।** उपायुक्त रमेश घोलप ने मंगलवार को भवनाथपुर प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में लिपिक प्रभाशंकर, रोजगार सेवक मनोज द्वारा गलत सूचना दिये जाने, कम्प्यूटर ऑपरेटर गणपत राम द्वारा सही ढंग से शब्द टाईप नहीं करने समेत प्रखंड के तीन अन्य कर्मियों को विभिन्न कारणों से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश बीडीओ को दिया। इसके अलावे उपायुक्त ने प्रखंड और अंचल के सभी कर्मियों से उपस्थिति के अनुसार जानकारी ली। उपायुक्त द्वारा प्रखंड कार्यालय से गायब कर्मी से पूछने पर कर्मी द्वारा बताया गया कि वे फील्ड में हैं, इस पर उपायुक्त ने उस क्षेत्र के ग्रामीण से बात कराने के साथ ही उस कर्मी को वीडियो कॉल कर वास्तविक स्थिति दिखाने को कहा। प्रखंड कार्यालय में सीसीटीवी चालू नहीं देख तथा प्रखंड मुख्यालय परिसर में गंदगी देख बीडीओ को कड़ी फटकार लगाते हुए सीसीटीवी को दुरुस्त कर अविलंब चालू करवाने और परिसर को साफ-सुथरा रखने का निर्देश दिया। संविदा पर कार्य करने वाले कर्मियों को सही तरीके से कार्य नहीं करने वाले को हटाने का निर्देश दिया। इस दौरान बुका हरिजन टोला में निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र के लाभुक रामाशंकर मेहता द्वारा राशि भुगतान नहीं किये जाने की शिकायत पर उपायुक्त ने जेई को दो दिनों के अंदर प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया।

मौके पर बीडीओ जयपाल महतो, सीओ रामाशंकर श्रीवास्तव, सीआई इन्तखाब आलम, बीपीओ दयानंद प्रजापति, जिपस रंजनी शर्मा, मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश यादव, राजस्व कर्मचारी बंशी पाठक, सुमित देव आदि मौजूद थे।

## सेंट्रल बैंक में अपराधियों ने महिला को झांसा देकर 44 हजार रुपये उड़ाये

**जांच में जुटा स्थानीय प्रशासन, सीसीटीवी कैमरे को खंगाल रही है पुलिस टीम**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



पीड़िता



सीसी टीवी में आरोपी

**गढ़वा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरछाबांध निवाशी राजेंद्र चौधरी की पत्नी अनीता देवी को बकरी बाजार स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया बैंक में अज्ञात लोगों ने झांसा देकर 44000 हजार रुपये लेकर फरार हो गए।

पीड़िता अनीता देवी ने बताया कि मैंने एक अज्ञात व्यक्ति से जमा फॉर्म भरने को कहा और वह व्यक्ति मेरा जमा फॉर्म भरा भी और वह व्यक्ति मेरे पास खुले पैसे देखकर मुझसे दो-दो हजार नोट के बदले खुले पैसे 44000 रुपये ले लिये। और वह अज्ञात व्यक्ति हमें पूरे पैसे दिये बिना खुले पैसे बैंक के नीचे से लेकर आने का बहाना बनाकर 44000 लेकर फरार हो गया। तत्पश्चात पीड़िता अनीता देवी रोते-बिलखते स्थानीय थाना पहुंची। स्थानीय पुलिस इसे गंभीरता से लेते हुए अपने दल बल के साथ पीड़िता को लेकर सेंट्रल बैंक पहुंची। पुलिस के समक्ष बैंक कर्मियों ने सीसीटीवी खंगाल कर अज्ञात लोगों की पहचान की है। स्थानीय प्रशासन ने कहा कि अज्ञात पैसा लुटेरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और इनका जल्द ही पता लगाकर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

### टेंपो दुर्घटना में एक युवक की मौत

**कांडी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पतिला मोड़-कांडी सड़क स्थित सेमौरा गांव के नजदीक एक टेम्पू दुर्घटना में एक युवक की मृत्यु हो गयी। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के नैनाबार गांव निवासी 26 वर्षीय मुन्ना राम के रूप में हुई है। घटना मंगलवार सुबह साढ़े पांच बजे की बतायी जा रही है। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है। परिजनों व ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा की मांग को लेकर पुलिस को शव उठाने से रोका। लेकिन एसआई स्वामी रंजन ओझा के समझाने पर शव को उठने दिया गया। टेम्पू रेलवे स्टेशन मोहम्मदगंज से सवारी लेकर कांडी आ रहा था। सेमौरा गांव से पहले टेम्पो अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे पलट गया। जिसमें सवार मुन्ना राम टेम्पू के नीचे दब गया। टेम्पू चालक व अन्य सवार गाड़ी छोड़ कर फरार हो गए थे। मौके पर प्रखंड प्रमुख पिंकू पाण्डेय, जिला पार्षद प्रतिनिधि दिनेश कुमार, सरकोनी पंचायत मुखिया सुबोध वर्मा, पतिला पंचायत मुखिया अमित कुमार दुबे सहित कई जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

### बंशीधर महोत्सव की तैयारी को लेकर उपायुक्त ने श्री बंशीधर सर्किट हाउस का किया निरीक्षण

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** बंशीधर महोत्सव की तैयारी को लेकर मंगलवार को जिले के उपायुक्त रमेश घोलप ने पथ प्रमंडल विभाग के समीप बन रहे श्री बंशीधर सर्किट हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने सर्किट हाउस के सभी कमरों, बाथरूम, वेटिंग हॉल, किचन सहित अन्य कमरों का निरीक्षण करते हुए भवन निर्माण विभाग के कनीय अभियंता को गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सर्किट हाउस के निर्माण में फिनिसींग कार्य में संवेदक द्वारा सही तरीके से कार्य नहीं किए जाने पर उपायुक्त ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के अंदर गुणवत्ता को देखते हुए कार्य को पूरा करें। उन्होंने कहा कि अगली बाहर निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता में कमी पाई गई तो कार्रवाई की जाएगी। कहा कि जल्द जिला स्तरीय बैठक कर प्रतिनिधि से सुझाव लिया जाएगा इसके बाद महोत्सव कराया जाएगा।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।

शुद्धि पत्र

निविदा सूचना सं0 – 07/EE/RDSD/KODERMA/2022-23 आमंत्रित किया गया था। जिसका पी0 आर0 सं0 –285236 है में ग्रुप सं0 01, एवं 02 को तकनीकी कारणों से निविदा को रद्द किया जाता है।

निविदा को पुनः आमंत्रित किया जायेगा।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।

PR 287155 Rural Work Department(22-23)D

## सड़क किनारे प्रतिबंधित मांस फेंके जाने पर ग्रामीणों में आक्रोश



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत महुली मोड़ स्थित सड़क किनारे प्रतिबंधित मांस फेंके जाने पर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। जानकारी के अनुसार विशुनपुरा टेम्पो स्टैंड में खड़ी एक कमांडर जीप से खून का बूंद टपक रहा था। जीप से खून टपकता देख ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा होने लगी। स्थानीय ग्रामीणों को सन्देह होने पर जीप के ड्राइवर से पूछताछ करने लगे। जिसके बाद कमांडर जीप ड्राइवर ग्रामीणों द्वारा पूछताछ करने पर जीप को लेकर भागने लगा। उसके बाद ग्रामीण जीप को पीछा करने लगे। ग्रामीणों को पीछा करते देख कमांडर पर सवार अज्ञात लोगों ने महुली मोड़ के समीप एक बोरी में भरा मांस को फेंक कर कमांडर जीप लेकर फरार हो गए। उसके बाद पीछा कर रहे स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना विशुनपुरा थाना को दी। सूचना पाकर थाना एएसआई संजय मेहता मौके पर पहुंच कर छानबिन में जुट गए। पुलिस ने इस घटना को लेकर ग्रामीणों से पूछताछ की। उसके बाद बोरी से भरी मांस को जब्त कर थाना ले गये। फिलहाल यह मांस कहां से आया और कैसा है, इसकी पुष्टि नहीं हो पायी है। इस संबंध में एसडीपीओ प्रमोद केशरी ने कहा कि अगर मांस मिला है, तो जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा

(तृतीय) इच्छा की अभिव्यक्ति (दिनांक – 09.01.2023)

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि कोडरमा नगर पंचायत क्षेत्र के अन्तर्गत Registered Firm/NGO/Agency/ contractor /Individual Person से Operation & Maintenance of Kaushal Vikash Kendra Cum Community Toilet, Located At Ward No-01 ध्वजाधारी गेट के पास NH-31 के किनारे के लिए प्रस्ताव/दर तीन वर्षो के लिए दिनांक – 30.01.2023 तक अपराह्न 3:00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। प्राप्त प्रस्ताव का तकनिकी एवं वित्तीय प्रस्ताव उसी दिन अध्यक्ष निविदा निस्तार समिति के द्वारा 4:00 बजे अपराह्न में खोला जायेगा। अतः प्रस्तावदाता स्वयं अथवा उनके प्राधिकृत व्यक्ति उपस्थित रह सकते हैं। सुरक्षित जमा राशि 100000/–(एक लाख) रूपये है। विदित हो कि पूर्व में 150000/– (एक लाख पचास हजार) रूपये में बन्दोबस्ती की गई थी। अतः उच्चतम राशि का प्रस्ताव देने वाले को आवंटन पर विचार किया जायेगा।

**नोट :–** निविदा की शर्त एवं विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस को नगर पंचायत कोडरमा कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR 287153 Urban Development(22-23)#D

**जल संरक्षण :** कठौतिया गांव में 100 आदिम जनजाति परिवारों ने श्रमदान कर बनाया बांध

# श्रमदान से जल संरक्षण करना सभी के लिए उपयोगी एवं पुण्य का कार्य है : सचिव

**श्रमदान के उपरांत आदिम जनजाति के प्रत्येक परिवार के बीच दो कंबल, एक तोशक, सहित अन्य सामग्रियों का किया गया वितरण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** जिले के चिनिया प्रखंड के हेताड़ कला पंचायत के कठौतिया गांव में 100 आदिम जनजाति परिवारों के श्रमदान के द्वारा कठौतिया नाला छठघाट 100 मीटर का बांध बांधकर जल संरक्षण का कार्य किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रेरणा के सचिव आलोक कुमार उपाध्याय ने कहा कि गांव में सार्वजनिक छोटे-मोटे कामों को समुदाय के द्वारा श्रमदान से किया जा सकता है, जिससे कि सभी ग्रामीण लाभान्वित हो सकते हैं। छोटे मोटे कामों के लिए सरकार पर निभर न रहें। श्रमदान से जल संरक्षण करना प्रकृति एवं वन्यप्राणी के लिए गर्मी के मौसम में बहुत ही उपयोगी है और पुण्य का कार्य है। गर्मी के मौसम में जंगली जानवर प्यासे भटक कर शहर की ओर भी चले जाते हैं, बहुत सी पक्षियों की प्यास से मौत हो जाती है।

कार्यक्रम को प्रेरणा के निदेशक सुश्री शांति किंडो ने संबोधित करते हुए कहा कि लगातार प्रत्येक वर्ष अल्पवृष्टि की मार से पलामू प्रमंडल में सूखा की भयावह को समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के श्रमदान से जल संचय कर खेती के लिए सिंचाई की व्यवस्था तथा वन्यप्राणियों के पीने के लिए पानी की उपलब्धता होगी। साथ ही साथ श्रमदान के उपरांत 100 गरीब आदिम जनजाति के प्रत्येक परिवार को दो कम्बल, एक तोशक, छह स्वेटर, एक बेडशीट, दो जोड़ा स्लीपर, एक आसन एवं अनेक छोटे-छोटे रोजमर्रा के सामानों का वितरण किया गया है जो कंपकंपाती ठंड के मौसम में बहुत उपयोगी है।

कार्यक्रम को संस्था के द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यक्रम के बारे में प्रेरणा की कार्यकर्ता कंचन अमूल्य तिग्गा ने विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम को संस्था के कृष्ण कुमार मेहता ने गूंज संस्था के द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम को विस्तार से बताया।

इस कार्यक्रम में कठौतिया विद्यालय के प्रधानाध्यापक तेलस्फोर डोडराय, शिक्षक अशोक कुमार साव, वार्ड सदस्य मालो देवी, सुजीत कोरवा, गजेंद्र यादव एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला

अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 –20/2022–23

SCA Head

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड़।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :– 18.01.2023 के अपराहन 5.00 बजे तक (छुटटी के दिनो को छोड़कर)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 19.01.2023 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :– 19.01.2022 के 3.30 बजे अपराह्न ।
6. निविदा परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला। (ख)सहायक अभियन्ता, पेयजल एवं स्व0 अवर प्रमण्डल सं0–1, गुमला।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, गुमला।

• कार्य की विवरणी

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि लगभग | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बसिया प्रखण्ड अंतर्गत बसिया खेल मैदान में जल स्रोत का निर्माण कर सोलर आधारित जलापूर्ति कार्य 2022–23 | 6,63,650=00 | 13,500=00 | 1250=00 | एक माह |

नोट :– प्राक्कलित राशि घट या बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगा।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला

PR 287188 Drinking Water and Sanitation(22-23)#D

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 11 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in
08

## जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

**किस्को/लोहरदगा।** कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने मदरसा मिसबाहुल ओलूम अहले सुन्नत किस्को व छलको डीपा पर संचालित स्कूली बच्चों और सदर प्रखंड अंतर्गत ग्राम जोरी में आदिवासी समुदाय के बीच सैकड़ों कंबल वितरण कर राहत पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया गया। हाजी सकील अहमद ने कहा कि गरीब यतीम असहाय एवं जरूरतमंद परिवार वालों की सेवा सर्वोपरि और काफी पुण्य का काम है। इस बढ़ते हुए कनकनी भरी ठंढ में लोगों के बीच कंबल वितरण कर खुद को काफी खुश किस्मत और गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि मेरा एक ही मकसद है गरीब असहाय एवं जरूरतमंद लोगों की सेवा करना एवं जनसमस्याओं को लेकर संघर्ष करना ताकि लोगों को उनकी दिली ख़्वाहिश पूरी हो सके। मौके पर बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति के प्रखंड अध्यक्ष सामुल अंसारी कांग्रेस कमिटी के प्रखंड अध्यक्ष युनूस अंसारी, बीस सूत्री सदस्य नुसरत अंसारी, अंजुमन इस्लामिया किस्को के सदर कबीर अंसारी, सेक्रेटरी वकील अंसारी, मुफ्ती सद्दाम हुसैन, हाफि ज खुर्शीद, पूर्व पंचायत समिति सदस्य अख्तर अंसारी, पूर्व सदर उल्फत अंसारी, कांग्रेसी नेता इसराफिल अंसारी, सहादत अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को थाना व सदर थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाका बंजार किस्को में पाखर पंचायत अंतर्गत ग्राम मड़ूवा पाठ निवासी नेहरू नगेसिया का मानसिक रूप से विक्षिप्त पुत्र ने पेड़ पर रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किस्को पुलिस के अनुसार उक्त युवक किस्को थाना क्षेत्र के सलैया मड़ूवा पाठ निवासी 32 वर्षीय अनोज नगेसिया पिता नेहरू नगेसिया के रूप में पहचान हुई है। मृतक युवक के पिता नेहरू नगेसिया ने बताया कि बंजार किस्को अपना और विक्षिप्त बेटे का इलाज के लिए पहुंचे थे और रात में बंजार किस्को में ही रूक गये थे। इसके बाद सुबह में करीब 4:00 अनोज नगेसिया शौच के लिए बाहर जाने की बात कहकर निकला। परंतु काफी देर बाद वापस नहीं लौटने पर खोजबीन शुरू की गयी तो पता चला कि युवक पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। घटना की जानकारी लोहरदगा पुलिस को मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंचकर शव को पेड़ से उतारकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा भेज आगे की कार्रवाई में जुट गयी है। इधर मामले को लेकर सदर पुलिस का भी कहना है कि मामला आत्महत्या है।

## बीडीओ ने विकास योजनाओं का किया समीक्षा



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में मंगल दिवस के मौके पर मुखिया, पंचायत सचिव और रोजगार सेवक के साथ बैठक कर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा प्रखंड क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं का समीक्षा किया गया। वही बीडीओ श्री चोपड़ा ने निर्देश देते हुए कहा कि उपविकास आयुक्त के निदेर्शानुसार लंबित प्रधानमंत्री आवास योजना को 31 जनवरी तक पूर्ण कराना है। जो लाभुक समय सीमा में आवास को पूर्ण नही करते हैं। तो वैसे लाभुकों पर नीलाम पत्र वाद दायर किया जायेगा। साथ ही मुखिया व पंचायत सचिव को निर्देश दिया गया की नेचुरल रिसोर्स मैनेजमेंट के तहत 2 दिनों के अन्दर योजनाओं का चयन करें तथा बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत आम बागवानी में टीसीबी और मेड़बन्दी का लंबित कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मौके पर बीपीओ निलेन्द्र कुमार, मुखिया कमला देवी, धनवाज उरांव, बसंती देवी, पार्वती उरांव, बुदेश्वर उरांव, राजश्री उरांव, अनिल उरांव, पार्वती उरांव के अलावे पंचायत सचिव महिपाल उरांव, दुर्गा प्रसाद, अधीश खाखा, आनन्द सिंह, नागमनी उरांव, भैया भगत सहित सभी रोजगार सेवक उपस्थित थे।

## कृषि ऋण माफी योजना का लाभ किसानों को दिया जायेगा : रघुनन्दन वैद्य



**सेन्हा-लोहरदगा।** किसान क्रेडिट कार्ड ऋण माफी योजना के अंतर्गत सेन्हा में शिविर आयोजन कर किसानों को योजना का लाभ दिया जा रहा है। कृषि निदेशालय झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार किसान क्रेडिट कार्ड ऋण माफी योजना के तहत आयोजन किया गया है। ऋण माफी योजना के द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड के तहत 50 हजार रुपैया तक ऋण माफी योजना के अन्तर्गत जनवरी माह में तीन दिवसीय विशेष कैंप आयोजित किया गया है। किसान क्रेडिट ऋण माफी योजना की जानकारी देते हुए प्रखंड कृषि पदाधिकारी रघुनन्दन वैद्य ने किसानों को विस्तार पूर्वक बताया कि ऋण माफी योजना का लाभ वैसे किसानों को दिया जाना है जिसका नाम सूची में दर्ज है। किसान कैम्प के माध्यम से बैंक या प्रज्ञा केन्द्र में एक रुपैया का टोकन लेकर केवाईसी कराकर ऋण माफी का लाभ उठा सकते है। इसके अलावे उन्होंने कहा लाभुक किसानों का नाम राशन कार्ड के द्वारा सत्यापन किया जा सकता है। परन्तु एक परिवार में एक ही व्यक्ति को लाभ दिया जायेगा। मौके पर बैंक ऑफ इंडिया सेन्हा शाखा प्रबंधक क्षितिज वर्मा, जिला से आत्मा निर्देशक तृप्ता कुमारी, राष्ट्रीय खाद्य मिशन तकनीकी सहायक दिनेश कुमार सहित किसान मौजूद थे।

## विद्या मंदिर स्कूल में शोध गोष्ठी आयोजित




**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के सभागार में प्रांत द्वारा प्रायोजित विद्यालय स्तरीय शोध गोष्ठी का आयोजन किया गया। आगत अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात अतिथि परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास ने कराया, साथ ही कार्यक्रम की भूमिका भी रखी। शोध गोष्ठी की प्रस्तावना विद्यालय के आचार्य विष्णु दत्त पांडेय ने प्रस्तुत की। वक्ता के रूप में विद्यालय के अंग्रेजी विषय के वरिष्ठ आचार्य श्री अमर कांत शुक्ला ने शोध गोष्टी पर अपना विषय रखते हुए कहा कि नित नई खोज से ही विश्व का विकास हो रहा है। विश्व के विकसित देश शोध कार्य में भी अग्रणी हैं। भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी ने नई शिक्षा नीति में शोध कार्य को महत्वपूर्ण स्थान दिया है। इसके पश्चात विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के शिक्षाविद कृष्णा प्रसाद मुख्य वक्ता के रूप में ने शौध की महत्ता एवं क्रिया शोध की सतत चलने वाली प्रक्रिया के महत्व पर प्रकाश डाला। नई शिक्षा नीति में सुझाए गए विभिन्न बिंदुओं पर उन्होंने विशेष प्रकार डाला। विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के उपाध्यक्ष विनोद राय ने कहा कि शोध कार्य पर ही विद्यार्थी का विकास एवं देश का विकास आधारित है। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन गोरख पांडे ने किया। मंच संचालन विष्णु दत्त पांडे ने किया। मौके पर राजीव कुमार सिंह, श्याम सुंदर कुमार, दिनेश प्रसाद, अनीता देवी सहित सभी आचार्य उपस्थित हुए।

## युवक और युवतियों को नौकरी के लिए जागरूक किया

**लातेहार।** मनिका प्रखंड में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के द्वारा, ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत रोजगार सृजन मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पर कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ों लोगों को संबंधित अधिकारियों के द्वारा बेरोजगार युवक एवं युवतियों को प्रशिक्षण देकर नौकरी देने के प्रति जागरूक किया गया। वहीं कार्यक्रम से संबंधित जानकारी देते हुए जिला कार्यक्रम प्रबंधक सचिन कुमार साहू ने बताया कि यह कार्यक्रम दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के बेरोजगार इच्छुक युवक एवं युवतियों को प्रशिक्षण देकर अलग-अलग संस्थाओं में नौकरी देने का काम किया जायेगा।

# स्कूलों में जेएसएलपीएस ने बांटे घटिया ड्रेस व स्वेटर

**मो. वसीम अकरम**

**कैरो/लोहरदगा।** जिले के कैरो प्रखंड में संचालित जेएसएलपीएस के द्वारा क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में वितरित की गई स्कूली ड्रेस व स्वेटर की गुणवत्ता घटिया किस्म का किये जाने से मामला इन दिनों कैरो प्रखंड क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। बता दें कि प्रखंड क्षेत्र में जेएसएलपीएस की ओर से स्कूलों में ड्रेस और गर्म वस्त्र वितरण का बीड़ा उठाया गया है परंतु जिम्मेदारी से परे होकर घटिया व निम्न स्तर का ड्रेस और स्वेटर वितरण कर झूठा वाहवाही बटोरने में महारत हासिल कर



दिखाया गया है। इसे लेकर पूर्व में भी बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति की समीक्षात्मक बैठक में मामले का उजागर हुआ था और सुधार करने की सख्त हिदायत दी गयी थी बावजूद जेएसएलपीएस अपने मनमानी व अड़ियल रवैया से बाज नहीं आ रही है। जिसे ले क्षेत्र के विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावक एवं ग्रामीणों में जेएसएलपीएस के अधिकारी और कर्मियों के प्रति नाराजगी बना हुआ है।

उल्लेखनीय है कि जेएसएलपीएस संस्थान घटिया किस्म का ड्रेस और स्वेटर वितरण कर कागजों पर अपना कोरम पूरा करने व क्षेत्र के लोगों को उल्लू सीधा बनाकर सरकार की ओर से जनहित में दी जाने वाली सरकारी राशि का दुरुपयोग करने का कार्य कर रही है। इधर मामले को लेकर डीईईओ ने कहा कि मामला काफी चिंतनीय है जांच कर निश्चित रूप से कार्रवाई की जायेगी।

### उपायुक्त ने ये कहा

**इस पूरे मामले को लेकर उपायुक्त ने कहा कि इसकी जांच कर दोषी पाये जाने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। डीसी ने कहा कि स्कूली बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने की इजाजत किसी को नहीं है ऐसे में मामले की गंभीरता से जांच की जायेगी और दोषी लोगों के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी।**

## डिफेंस अकादमी के युवाओं ने की खूब मस्ती
# कोयल नदी किनारे पिकनिक मनाया

> उम्मीद है कि डिफेंस एकेडमी के इस तरह के प्रयास से युवा वर्ग में बदलाव आयेगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** सैनिक प्रशिक्षण केंद्र डिफेंस एकेडमी लोहरदगा के द्वारा नए साल के अवसर पर शैक्षणिक वार्षिक परिभ्रमण के लिए लोहरदगा के सीठियो कोयल नदी में ले जाया गया। एकेडमी के विद्यार्थियों ने पिकनिक कार्यक्रम का आनंद लिया। डिफेंस अकेडमी में लोहरदगा जिला के तमाम सुदूरवर्ती इलाका तथा अन्य जिलों जैसे गुमला, लातेहार, रांची, गढ़वा, चतरा जैसे जिलों के विद्यार्थी आकर इंडियन आर्मी, झारखंड पुलिस, एसएससी जीडी और रेलवे जैसे भर्तियों में जाने हेतु फिजिकल का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। मौके पर डिफेंस एकेडमी के संचालक सह अध्यक्ष विनय उरांव ने बताया कि पढ़ाई और फिजिकल प्रशिक्षण में कड़ी मेहनत के साथ-साथ विद्यार्थियों को मनोरंजन हेतु इस तरह से



कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा ऐसे कार्यक्रम से विद्यार्थियों का अपने लक्ष्य के प्रति मन लगा रहता है। डिफेंस एकेडमी का मकसद सिर्फ युवा वर्ग को नशा पान, जुआ और समय से पहले अन्यत्र रूप से प्रेम जाल में फसने-फसाने जैसे गलत राह से निकालकर एजुकेशन और फिजिकल के माध्यम से तैयार कर गरीब मां-बाप के उम्मीद और युवा वर्ग को एक सही दिशा देना है। हमारे अकैडमी से इस वर्ष अग्निवीर में चार और एसएससी जीडी में एक युवा ने क्वालीफाई कर अपने सपनों को पूरा किया। इसी तरह से आने वाले समय में हरेक वह गरीब और आर्थिक रुप से कमजोर युवा-युवती को बेहतर प्रशिक्षण देकर तैयार किया जा रहा है। उम्मीद है कि डिफेंस एकेडमी के इस तरह के प्रयास से युवा वर्ग में बदलाव आयेगा।

मौके पर डिफेंस एकेडमी के सचिव निलेश कुमार तमेड़ा, एकेडमी के संरक्षक संतोष राम, हरि भगत, दीपक हेंब्रम, शुभम सहदेव, सुनील साहू, विनोद महली, प्रिंस मिंज, गुलशन उरांव, आदित्य कुमार साहू, मंतोष प्रजापति, छोटन उरांव, एकेडमी के विद्यार्थी काजल कुमारी, पुष्पा कुमारी, सुप्रिया टोप्पो, रोहिता साहू, सरिता कुमारी, प्रीति तिर्की, राजकुमार उरांव, सोनाराम महतो, पवन माहली, कुंदन साहू, संदीप महली, जूनित, अर्जुन, आदि विद्यार्थी शामिल थे।

## दर्जनों ग्रामीणों ने बीडीओ सह सीओ को आवेदन दी

**बारियातु।** प्रखंड के अमरवाडीह पंचायत अंतर्गत फुलवसिया उर्फ अमरवाडीह के दर्जनों भू-रैयतों ने मंगलवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंच कर बीडीओ सह सीओ दीपाली भगत से मुलाकात कर भूमि सत्यापन के संबंध में रखा बात। ग्रामीणों ने कहा कि हमलोग सीसीएल प्रभावित क्षेत्र के है। हमारी सारी जमीन सीसीएल ले लिया है और हम सभी भू-रैयतों को किसी भी प्रकार का सुविधा मुआबजा नौकरी नहीं मिली है सुविधा पाने के लिए भूमि का सत्यापन जरूरी है। हम सभी भू-रैयतों ने अपने अपने भूमि का सत्यापन के लिए अंचल कार्यालय में एक वर्ष पूर्व ही आवेदन दिया था पर आज तक भूमि का सत्यापन नहीं हो पाया है। सत्यापन व वंशावली मांगे जाने पर अंचल द्वारा टालमटोल व पुराना एवं नया खतियान में उलझा दिया जाता है। अब आंचल का चक्कर काट कर थक चुका हूं और हम भूरैयतों को सीसीएल से कोई सुविधा नहीं मिला है। ग्रामीणों ने सत्यापन व वंशावली का मांग किया, ग्रामीणों की बात सुन बीडीओ सह सीओ भगत ने कहा कि सत्यापन का कार्य कुछ हुआ है और बाकी का कार्य चल रहा है। पंद्रह दिनों में पूरा कर लिया जायेग। मौके पर प्रभु गंझु, महेंद्र उरांव, प्रदीप गंझु, सहित काफी संख्या में भू-रैयत मौजूद थे।

## हनुमानजी की जन्मस्थली आंजन धाम में 12 को होगा भव्य कार्यक्रम

**लोहरदगा।** ज्योतिर्विद पंडित दिवाकर पाठक राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा आंजन धाम गुमला में राष्ट्रीय युवा दिवस के शुभ अवसर पर 12 जनवरी को एक कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें काशी के विद्वानों एवं आचार्य के द्वारा आंजन धाम मंदिर में सर्वप्रथम हनुमान जी का जलाभिषेक तत्पश्चात पूजन महाआरती प्रसाद वितरण उसके पश्चात भंडारे का कार्यक्रम किया जाएगा। इस महा आयोजन में अन्य जिलों से भी हनुमान भक्त भाग लेंगे। जिसमें बंगाल, बिहार, छत्तीसगढ़, उड़ीसा मध्य प्रदेश से भारी संख्या में लोग पहुंचेंगे। कार्यक्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिवाकर पाठक ने बताया की हनुमान जी की जन्मस्थली आंजन धाम मे वृहत पूजन का आयोजन, आंजन धाम को विश्व के पटल पर लाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने मे रिपुसूदन साहू, मुकेश सिंह,उदय चंद्र मुखर्जी, रामलखन प्रसाद, लाल गुड्डू नाथ सहदेव, प्रदुमन सिंह, जागेश्वर साहू, मनीष राजगढ़िया, राजू शर्मा, कैलाश साहू, शम्भू सिंह, मनीरतन भगत, रविंद्र सिंह, प्रदीप सिंह सहित अन्य भक्त शामिल है।

# चमातू गांव में 12 जनवरी को सांस्कृतिक उत्सव लोकनृत्य समागम

> इसे बचाने के लिए एवं समन्वय स्थापित करने के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के द विलिस होटल में दिन मंगलवार को जन जागरण परिषद के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी गयी कि लातेहार जिला के बालूमाथ प्रखंड के चमातू गांव में 12 जनवरी दिन गुरुवार को भव्य जागरण सांस्कृतिक उत्सव लोकनृत्य समागम कार्यक्रम किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, सूबेदार सिंह एवं आशा लकड़ा उपस्थित रहेंगे। वहीं इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। वहीं





जिला संयोजक चेतलाल उरांव ने बताया कि हमारा विरासत जिस तरह से धीरे-धीरे विलुप्त होते जा रहा है इसे बचाने के लिए एवं समन्वय स्थापित करने के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसकी शुरूआत बालूमाथ प्रखंड के चमातू ग्राम से किया जायेगा। उन्होंने आगे कहा कि हिंदू सनातन धर्म के सभी लोगों से आग्रह करता हुं कि अधिक से अधिक सनातनी उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनायें। उन्होंने आगे कहा कि हमारे पीढ़ी जो हमसे कट कर अलग होकर दूसरे धर्म अपना रहे है उन्हें रोकने के लिए यह जन जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिससे लोग धर्म परिवर्तन न करे। वहीं मौके पर धुर्व कुमार पांडेय, पूर्व विधायक हरेकृष्णा सिंह, चेतलाल उरांव, पंकज यादव, राकेश दुबे, रमेश, अश्विनी समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## प्रखंड अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकारी अध्यक्ष ने पार्टी की मजबूती को लेकर की बैठक
# 2024 में कांग्रेस लहरायेगी परचम: सकील अहमद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी की मजबूती बरकरार रहे इसे लेकर प्रखंड अध्यक्ष युनूस अंसारी की अगुवाई में कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी सकील अहमद के द्वारा क्षेत्र भ्रमण कर जनता व कार्यकताओं से मुखातिब होते हुए उनकी समस्याओं से अवगत हुए एवं पार्टी की मजबूती को लेकर चर्चा एवं विचार विमर्श किया। इस दौरान हाजी सकील अहमद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से



अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति की विकास को लेकर तत्पर रही है। उन्होंने कहा कि मिशन 24 में पूरे देश में परिवर्तन देखने के लिए मिलेगा और कांग्रेस पार्टी परचम लहराने का काम कर दिखाएगी। हाजी सकील अहमद ने कहा कि वर्तमान महागठबंधन की सरकार राज्य के सभी क्षेत्रों में विकास की लहर बहा रखी है जिसका सीधा लाभ राज्य के सभी तबका व सभी वर्ग के लोग उठा रहे हैं। वहीं प्रखंड अध्यक्ष युनूस अंसारी ने कहा कि किस्को प्रखंड क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी शुरू से ही बेहतर कार्य को लेकर जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने व खड़ा रहा है। आगे भी जनहित को लेकर कांग्रेस पार्टी बेहतर कार्य करेगी। इधर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए बीस सूत्री अध्यक्ष सामुल अंसारी ने कहा कि कार्यकर्ता इमानदारी पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वाह करें ताकि आने वाला कल भी कांग्रेस पार्टी और क्षेत्र की जनता का हो। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही जनता की समस्याओं को सूचीबद्ध कर निपटारा कराने का कार्य करती रही है और आगे भी करते रहेगी है। मौके पर लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष हाजी सकील अहमद बीस सूत्री अध्यक्ष सामुल अंसारी प्रखंड अध्यक्ष युनूस अंसारी, परहेपाट पंचायत अध्यक्ष कबीर अंसारी, हिसरी पंचायत अध्यक्ष शेख सादिक, नुसरत अंसारी, अख्तर अंसारी, उल्फत अंसारी, सेराज खान, मनीष कुजूर, इसराफिल अंसारी, जयवंत कुजूर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**चंदवा।** चंदवा के एनएच 99 पर गैरेज लेन के पास हाइवा खड़ी थी गत रात्रि सोमवार को 8:00 एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर सीधा टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार की मौत घटनास्थल पर ही मौत हो गयी इसकी सूचना चंदवा के थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता को मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और रात भर मुख्य वाहन में शव को रखा। बाइक सवार चंदवा के धोबी टोला का रहने वाला है मृतक का नाम आकाश कुमार नायक पिता स्व. नरेश नायक बताया गया घटना के सूचना पर मोहल्ले के लोग घटनास्थल पर पहुंचकर परिजन और मोहल्ले वासी रोने लगे यह देखकर आस-पास के लोग हैं ऐसी घटना देखकर आश्चर्य कर रहे थे। आस-पास के लोगों ने भी बताया कि मृतक बाइक में जब सवार था तो बहुत ही स्पीड में चला रहा था जिससे अनियंत्रित हो गया और उसकी मृत्यु हो गयी बताया जाता है कि पिता के मौत के बाद आकाश नायक ही अपने घर चलाया करता था।

## बच्चों के बीच ठंड को देखते हुए स्वेटर का वितरण



**बारियातू।** प्रखंड के डाढ़ा पंचायत अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र डाढ़ा-2 में मंगलवार को शिविर का आयोजन कर 30 बच्चों के बीच जिला परिषद सदस्य रमेश राम, वार्ड सदस्य रिंकी देवी, समाज सेवी अरविंद कुमार सिंह, बांदेव सिंह, सेविका पारवती देवी, सहायका टुनी देवी ने संयुक्त रूप से आंगनबाड़ी केन्द्र में पढ़ने वाले नन्हें मुन्हे बच्चों के बीच ठंड को देखते हुए स्वेटर का वितरण किया। जिला परिषद राम ने बच्चों को उज्वल भविष्य का कामना करते हुए पोषक क्षेत्र के ग्रामीणों से आंगनबाड़ी की संचालन के बारे में विस्तृत जानकारी लिया। वहीं सेविका को आपसी समन्वय बना कर सरकार द्वारा बच्चों को मिलने वाली सभी सुविधा देने की बात कहा। वहीं आंगनबाड़ी केन्द्र की सेविका देवी ने बताया कि ठंड को देखते हुए संबंधित विभाग के द्वारा स्वेटर उपलब्ध कराया गया था जिसे आज वितरण कराया गया। मौके पे कई अभिभावक मौजूद थे।

## जनता अधिकार दिवस का आयोजन



**बरवाडीह।** जिले के उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देश पर बीडीओ के पहल से पहली बार प्रखंड मुख्यालय में लगने वाले सप्ताहिक जनता दरबार के दौरान आए मामलों पर अब तक हुई कार्रवाई का वर्तमान स्थिति जानने को लेकर प्रखंड कार्यालय परिसर में जनता अधिकार दिवस का हुआ आयोजन। जिसका विधिवत उद्घाटन बीडीओ प्रखंड प्रमुख सुशीला कुमारी व उपप्रमुख बिरेन्द्र जायसवाल ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। वही इस दौरान अंचल निरीक्षक रमेश प्रसाद गुप्ता सांसद प्रतिनिधि विधायक प्रतिनिधि और 20 सूत्री अध्यक्ष भी मौजूद रहे।जनता अधिकार दिवस कार्यक्रम में वैसे सभी आवेदक जिन्होंने प्रखंड या अंचल कार्यालय से राहत पाने के लिए अपना आवेदन किसी भी स्तर पर दिया हो चाहे वह उपायुक्त के जनता दरबार में हो या जिले के किसी भी पदाधिकारियों के यहां या फिर आप की योजना आपके सरकार आपके द्वार कार्यक्रम या पूर्व में प्रखंड कार्यालय या अंचल कार्यालय में किसी भी विभाग में दिया हो वैसे सभी आवेदक प्रमाण सहित यदि उनके पास उक्त आवेदन की छाया प्रति है या रिसिविंग है उसको लेकर के आज उक्त अधिकार दिवस शिविर में उपस्थित होकर अपने आवेदन का हिसाब बीडीओ से लेने का कार्य किया।

## यातायात नियमों का नहीं किया सम्मान तो पुलिस ने फूल देकर कहा 'गेट वेल सून'



**बरवाडीह।** यातायात नियमों का पालन न करने वालों को सुधारने के लिए छिपादोहर पुलिस ने फूल देकर कहा 'गेट वेल सून'यातायात नियमों का पालन न करने वालों को सुधारने के लिए एक अनोखा पहल पेश किया है। जंहा छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार के नेतृत्व मे पुलिस टीम ने अब सजा के साथ सुधार के लिए गुलाब का फूल भेंट कर प्रोत्साहित करना भी शुरू किया है। बता दें कि मंगलवार को यातायात सुरक्षा सप्ताह के क्रम में जगह-जगह हेलमेट लगाने वालों को रोककर चालान करने के बजाय उनको गुलाब का फूल भेंट करने के साथ खुद की जिंदगी बचाने के लिए सुधरने की भी सलाह दी। इस दौरान जागरूकता ऐसी कि बिना हेलमेट लगाए लोगों को रोक कर उनका चालान काटने या डांटने की बजाय उन्हें गुलाब का फूल देकर सम्मान के साथ यातायात नियमों का पालन करने का निर्देश दिया। इस दौरान मौके पर सब इंस्पेक्टर काशी महली, रंजीत राम समेत आइआरबी के जवान मौजूद रहे।

## कोयला लदा ट्रक घर में जा टकराया



**हेरहंज-(लातेहार)।** बालूमाथ-हेरहंज-पांकी एसएच 10 मुख्य पथ प्रखंड मुख्यालय स्थित भंडार चौक के पास बीती रात लगभग 10 बजे कोयला लदा 14 चक्का ट्रक जेएच19 अ 9637 से बिंदेश्वर मोची के घर में जा टकराया जिससे घर छतिग्रस्त हो गया। बिंदेश्वर मोची समेत आधा दर्जन पूरे परिवार बाल-बाल बच गये। बिंदेश्वर मोची ने बताया कि हमलोग सभी परिवार अपने घर में सो रहे थे कि अचानक घर की मिट्टी गिरने और गाड़ी की लाइट से नींद खुला तो हमलोग जान बचा कर बाहर भागने लगे तो पत्ता चला ट्रक का चालक शौच के लिए गया था और उप-चालक से किसी तरह गाड़ी का गेयर छूट गया जिससे गाड़ी ढलने लगी और घर में जाकर टकरा गयी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी शुभम कुमार के निर्देश पर थाना पुलिस घटना स्थल पहुंची और घटना की जानकारी ली। यह ट्रक शेरेगड़ा निवासी राजेश यादव का बताया जा रहा है।

## पंचायत समिति की मासिक बैठक संपन्न




**मनिका।** प्रखंड के सभागार में मनिका प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति की मासिक बैठक हुई संपन्न। प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी ने बताया कि मासिक बैठक दो महीने में एक बार की जाती है। इस बैठक में उपस्थित होना था परंतु कुछ लोग उपस्थित नहीं हुए हैं। विभाग के लोग उपस्थित नहीं हुए हैं वैसे विभाग के लोगों को स्पष्टीकरण निकाली जायेगी। बैठक में सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी ली गयी। एवं उपस्थित पंचायत समिति सदस्यों ने विभिन्न तरह के समस्या से उपस्थित लोगों को अवगत कराया। मौके पर मनिका बीडीओ वीरेंद्र किंडो, मणिका अंचलाधिकारी अजय कक्षप, मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह, मनिका विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, विकाश तिवारी, मनिका उप प्रमुख कांति देवी,सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ राय, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## बारियातू में वाहन चेकिंग अभियान चला

**बारियातू।** लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देश पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक तनवीर हुसैन एवं आईटी सहायक राजेश कुमार ने बारियातु स्थित थाना गेट के समीप एनएच 22 पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान गाड़ी का पेपर, ड्राईविंग लाईसेंस, हेलमेट की जांच में 69500 रू का वसुली की गयी। जानकारी देते हुए परिवहन विभाग के जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक हुसैन ने बताया कि इन दिनों सड़क दुर्घटना काफी हो रही है जिसे देखते हुए उपायुक्त के निर्देश पर मंगलवार को बारियातु थाना गेट के समीप मुख्य सड़क पर अभियान चलाया गया। जिसमें 13 बाइक चालकों ने नियम के विरूद्ध पाया गया न उसके पास ड्राईविंग लाईसेंस न हेलमेट का इस्तेमाल किया था ऐसे सभी 13 चालकों से ई-चलान के माध्यम 69500 रू की वसुली की गयी। अभियान में बारियातू प्रभार थाना प्रभारी दीपक नारायण सिंह, एएसआई मिथलेश सिंह व कई सशस्त्र पुलिस बल के जवानों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## जलमीनार मरम्मत की मांग हुई तेज



**मनिका (लातेहार)।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित मनिका लैंपस कंपाउंड में पिछले कई दिनों से जल मीनार खराब पड़ा हुआ है। जिस कारण ग्रामीणों को पेयजल के भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने बताया यह जल मीनार कई महीने से खराब हुआ है। खराब होने के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित प्रखंड स्तरीय अधिकारियों को कई बार ठीक कराने के लिए जानकारी दिया गया है। परंतु किसी भी अधिकारी इस जल मीनार और ध्यान आकृष्ट नहीं हुआ। जिसमें पानी को लेकर सैकड़ों ग्रामीणों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। जलमीनार खराब होने के कारण लोगों में काफी परेशानी देखने को मिल रहा है। इस रास्ता मे एक नल जो हमेशा भीड़ भाड़ होने से पानी के लिए बहुत ही परेशानी झेलना पड़ रहा है यहां अगल बगल नहीं जल मीनार है और चापाकल भी एक ही है ग्रामीणों ने बताया जल पूर्ति के लिए जल मीनार बनाया गया था जो अभी खराब पड़ा है। हम लोग को जनप्रतिनिध व प्रशासन से जल्द से जल्द हमारी समस्या समाधान हो मौके मे कई ग्रामीण लोग का मौजूद रहे।

## इंस्पायर अवार्ड 2022-23 में सरस्वती विद्या मंदिर उवि, गुमला के तीन भैया बहन चयनित



**गुमला (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार के विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित इंस्पायर अवार्ड 2022-23 में सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय गुमला के दो बहन एक भैया का चयन हुआ। प्रतियोगिता में नूतन कुमारी कक्षा दशम की नन इलेक्ट्रिकल वाशिंग मशीन, तान्या जायसवाल चाइल्ड कैचर डिवाइस तथा आयांक गुप्ता स्मार्ट स्टिक के लिए चयनित हुए। इन सभी प्रतिभागियों को भारत सरकार की ओर से 10 हजार रु. की पुरस्कार राशि दी जाएगी। जिसका उपयोग आगामी रांची में होने वाली प्रतियोगिता के लिए वर्किंग मॉडल के निर्माण में करेंगे। चयनित भैया बहनों को गुमला विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, सचिव अमृत कुमार मेटे, सह सचिव प्रभात कुमार दास तथा सभी समिति के सदस्य, प्राचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने शुभकामनाएं दी तथा आगामी प्रतियोगिता के लिए पूरे मनोयोग से तैयार रहने की अपील की।

## गुमला में राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में स्पोर्टस क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**गुमला (आजाद सिपाही)।** खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, रांची के निर्देशानुसार 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को संत एग्नेसियस स्कूल में स्पोर्टस क्विज प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। जिसमें जिला के विभिन्न स्कूल एवं एनवायके, एनएसएस तथा केओ महाविद्यालय, गुमला के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में 100 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन ने विजेताओं को बधाई दी तथा खेल के साथ साथ पढ़ाई में भी आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। प्रतियोगिता के विजेताओं में प्रथम सुनील कुमार यादव, केओ कालेज गुमला, द्वितीय अंकित एक्का, इग्नेसियस स्कूल एवं तृतीय राज साहू शामिल हैं। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। प्रथम दो विजेता प्रतिभागी 11 जनवरी को आर्यभट्ट सभागार रांची कॉलेज रांची में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। मौके पर एसटी इग्नेसियस स्कूल आरएसटी पैट्रिक के शिक्षक, कोच रिजवान अली, वीना केरकेट्टा, विवियनी कोंगाड़ी, सतीश ऑरोन, पीटर किंडो मौजूद थे।

## बाबा भीखराम भगत जयंती समारोह सह पड़हा संगठन पुनः स्थापन कार्यक्रम का आयोजन




**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में राजी देवान बाबा भीखराम भगत जयंती समारोह सह पड़हा संगठन पुनः स्थापन कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार की दोपहर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा भीखराम भगत के समाधि स्थल व उनके चित्र के समक्ष माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक पारंपरिक रीति रिवाज के साथ नृत्य गीत प्रस्तुत किये गये। मौके पर कार्यक्रम में आये अतिथि बागी लकड़ा ने बाबा भीख राम भगत की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे सामाजिक प्रेम, त्याग एवं समर्पण की मूरत थे। पड़हा संगठन को सशक्त और मजबूत बनाने में उनकी अहम भूमिका थी। हम सभी 87वीं जयंती समारोह मना रहे हैं। वहीं फौदा उरांव ने कहा कि समाज को संगठित और समाज को आगे ले जाने में भीख राम भगत का बड़ा योगदान था। हमें उनके बताए गए मार्ग का अनुसरण करने की जरूरत है। वहीं समाजसेवी बॉबी भगत ने कहा कि बाबा ने रूढ़ी प्रथा स्वशासन व्यवस्था को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभायी। समाजसेवी तेम्बू उरांव और शीला कुजूर ने कहा कि बाबा भीखराम भगत ने आदिवासी समुदाय के लोगों को आगे बढ़ाने में हमेशा अपना योगदान दिया। उनके किये गए कार्यों को हम सभी को अनुश्रवण करने की जरूरत है और उनके पद चिन्हों पर चलने की जरूरत है। कार्यक्रम में आदिवासी समाज को पुनः जागृत एवं संगठित करने हेतु पड़हा व्यवस्था को पुनः स्थापित करने की आवश्यकता पर विचार विमर्श भी किया गया। सामाजिक कार्य में उत्कृष्ट भूमिका निभा रहे युवक-युवतियों को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों में कैप्टन लोहरा उरांव, कर्मवीर भगत, मनु लाकड़ा, जनार्दन भगत, गजेंद्र उरांव, राजिन्द्र उरांव, देवेन्द्र उरांव सहित सैकड़ों संख्या में उड़ीसा-बिहार-बंगाल सहित कई राज्यों से लोग उपस्थित थे।

### नगर परिषद : इकरारनामा करने वाले दुकानदारों की दिन भर रही भीड़

# नगर परिषद की दुकानों को सबलीज करने वाले आबंटियों का आवंटन रद्द

**वर्तमान किरायेदारों के नाम से ही किया जा रहा है इकरारनामा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** नगर परिषद के स्वामित्व वाली दुकानों का प्रबंधन दुरुस्त करने के लिए निकाय प्रशासन बेहद गंभीर है।

कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार निकाय के राजस्व प्रबंधन को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखकर लगातार कार्रवाई कर रहे हैं। बीते दिनों उन्होंने निकाय के स्वामित्व वाली सभी 137 दुकानों के आबंटियों से अपील की थी कि जिनके इकरारनामा की अवधि समाप्त हो गयी है वे अपने सभी बकाया अदा कर 11 जनवरी तक इकरारनामा कर लें, इस संदर्भ में मंगलवार 10 जनवरी को पूरे दिन नगर परिषद कार्यालय में दुकानदारों की भीड़ रही। संजय कुमार ने बताया कि मंगलवार को 11 दुकानदारों ने बढ़ी हुई दर पर इकरारनामा किया। वहीं बड़ी संख्या में दुकानदारों ने कल इकरारनामा कराने के लिए आवश्यक दस्तावेजों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

बताया कि पूर्व की बोर्ड बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार जिन दुकानों के आबंटियों ने दुकानों को अवैध रूप से उप आबंटित कर दिया था या अपने स्तर से किराये पर दिया हुआ था उनका आबंटन रद्द करते हुए वर्तमान किरायेदारों के नाम से ही इकरारनामा किया जा रहा है।

नगर प्रबंधक हेलाल अहमद ने बताया कि मंगलवार को जिन 11 दुकानदारों के साथ इकरारनामा किया गया उनमें कुमार शिवम भारद्वाज, राकेश कुमार, अमिताभ भारती, स्नेह लता गुप्ता, मोहम्मद इम्तियाज, नितेश कुमार, रमेश कुमार केशरी, दीपक बड़ाइक, शशिभूषण कुमार, नगेन्द्र महतो, मोहन राम आदि शामिल हैं।

## नेशनल जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए गुमला के तीन खिलाड़ी राजस्थान रवाना

**स्पोर्ट्स एकेडमी के सचिव, समाजसेवी एवं खेल प्रेमियों ने फूल माला पहनाकर किया रवाना**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** राजस्थान में होने वाले नेशनल जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए गुमला के तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ है। आज स्थानीय टावर चौक से स्पोर्ट्स एकेडमी के सचिव सैयद जुन्नू रैन, समाजसेवी अफसर आलम व खेल प्रेमियों ने फूल माला पहनाकर रवाना किया गया। नेशनल खिलाड़ी सय्यद जुन्नू रैन ने बताया कि झारखंड राज्य से कुल 16 जूनियर नेशनल हैंडबॉल टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया। यह चयन पिछले दिनों झारखंड के गोड्डा एवं रामगढ़ में हुई प्रतियोगिता में अच्छे परफॉर्मेंस के आधार पर कुल 16 खिलाड़ियों का चयन किया गया। जिसमें गुमला से तीन खिलाड़ी दीपिका लाकड़ा पिता झडिया उरांव ग्राम फटठी चारों टोली गुमला, ज्योति कुमारी पिता लाल मोहन साहू ग्राम करौंदी गुमला, अमिका कुमारी पिता सुनील भगत ग्राम दुनदूरिया गुमला तथा शेष खिलाड़ी रांची, बोकारो तथा जमशेदपुर टाटा स्टील से हैं। श्री रैन ने बताया कि गुमला जिला खेल नगरी के रूप में जाना जाता है। यह चयनित बच्चे एक साधारण और किसान परिवार के सदस्य हैं। यह लोग जरूर पदक जीतेंगे और गुमला का नाम रोशन करेंगे। चार दिवसीय होने वाली जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता राजस्थान के लिए इन झारखंड के खिलाड़ियों को जमशेदपुर के अंतर्राष्ट्रीय कोच पूनम कुमारी और झारखंड स्टेट के सचिव खुर्शीद खान साथ लेकर आ जाएंगे।

गुमला टावर चौक से तीन खिलाड़ियों को विदा करने के समय खिलाड़ियों के माता-पिता साथ ही भारी संख्या में खेल प्रेमी समाजसेवी तथा स्पोर्ट्स एकेडमी के स्पोर्ट्स के छात्र-छात्राएं जिनमें रवि गुप्ता, प्रवीण गोप, नीरज महतो, आरिब आबेदीन, विक्रम राज ठाकुर, विजय कुमार साहू, सद्दाम अंसारी, डोरेमोन उराव, राहुल भगत, सरकार उरांव, तौफीक अंसारी, परी कुमारी, दीपक कुमार, आयुषी कुमारी, एवं अनीष कुमार आदि उपस्थित थे।

## भाजपा नेता पर हुए जानलेवा हमले को लेकर चैनपुर मंडल भाजपा ने जताया विरोध

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सुमित केशरी पर हुए जानलेवा हमले को लेकर चैनपुर भाजपा मंडल ने विरोध जताया है और प्रशासन से अपराधियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। बताते चलें कि सोमवार की रात अज्ञात अपराधियों ने पालकोट प्रखंड के भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सुमित केशरी को गोली मारकर जख्मी कर दिया था। जिसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेडिका में भर्ती कराया गया है। इधर घटना के जानकारी मिलते ही पूरे गुमला जिला भाजपा में रोष व्याप्त है। चैनपुर मंडल अध्यक्ष मनोहर बड़ाइक ने कहा है कि हेमंत सरकार में अपराधी बेलगाम हो गए हैं। आये दिन भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ता पर हमला हो रहा है। पुलिस भी अपराध पर नकेल कसने में नाकामयाब है। वहीं भाजयुमो अध्यक्ष कौशल केशरी ने कहा कि अगर पुलिस अपराधियों को जल्द गिरफ्तार नहीं करती है तो विरोध में पूरा चैनपुर प्रखंड बंद होगा।

## अधिकारियों ने जंगली हाथियों के उत्पात से हुए नुकसान का लिया जायजा

**जितने लोगों को क्षति हुई है उन सभी को जल्द से जल्द मुआवजा दिया जाएगा : डीडीसी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** जंगली हाथियों के उत्पात से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए मंगलवार को उप विकास आयुक्त हेमंत सती, एसडीओ रवि जैन, प्रशिक्षु आईएएस आशीष गंगवार व सीओ प्रणव ऋतुराज के अलावे कई अधिकारी रुकी पंचायत व सेहल पंचायत में हाथियों द्वारा पहुंचाए गए क्षति का आकलन किया और ग्रामीणों को जागरूक किया। इस दौरान डीडीसी ने कहा हाथी के साथ कोई भी छेड़छाड़ ना करे। हाथी का अपना रूट होता है, जिससे वह निकल जाएगा। गांव में शराब का सेवन ना करें साथ ही जितने लोगों को क्षति हुई है उन सभी लोगों को जल्द से जल्द मुआवजा के लिए वन विभाग से सामंजस्य स्थापित कर दिया जाएगा। इस मौके पर अधिकारियों ने ग्रामीणों के बीच टॉर्च का वितरण किया और किसी भी कीमत पर हाथी को छेड़छाड़ न करने की हिदायत दी। इस मौके पर मुख्य रूप से सीओ प्रणव ऋतुराज, प्रमुख सविता देवी, पूर्व प्रमुख कृष्णा लोहरा व अरुण जायसवाल सहित कई लोग मौजूद थे।

## एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में 'विश्व हिंदी दिवस' मनाया गया

**बसिया (आजाद सिपाही)।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय बसिया में 'विश्व हिंदी दिवस' मनाया गया। विश्व हिंदी दिवस के इस कार्यक्रम में छात्रों ने कहानी, कविताएं दोहे और भजन सुनाये। विद्यालय के हिंदी शिक्षक प्रिंस कुमार ने विस्तार से हिंदी दिवस की प्रासंगिकता तथा हिंदी भाषा की महत्ता को बतलाया। छात्र ओम उरांव, आकाश उरांव, सुमित उरांव, जगदीश असुर, घनश्याम बड़ाईक, विष्णु सिंह मुंडा, सुदेश लोहरा, प्रेम उरांव, संतोष महली, सुधीर उरांव, सुभाष उरांव तथा विवेक बड़ाईक ने हिंदी भाषा की विभिन्न विधाओं में कुछ संकलित तो कुछ स्वरचित रचनाएं सुनायी। विद्यालय के संगीत शिक्षक उपेंद्र कुमार सिंह ने सुंदर भजन सुनाया। प्राचार्य संजय सिंह ने हिंदी के अधिक प्रयोग पर बल दिया।

## एक्सयूवी-इनोवा के बीच टक्कर, सवार बचे

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के तेतर डिपा स्थित घाघरा-नेतरहाट मुख्य पथ पर मंगलवार दोपहर 1:00 बजे टूरिस्ट कार एक्सयूवी एवं इनोवा की जोरदार भिड़ंत हुई। हालांकि कार सवारों की हताहत की सूचना नहीं है। परंतु टक्कर इतनी जोरदार थी कि इनोवा कार की सामने से एक हिस्सा के परखच्चे उड़ गए जबकि एक्सयूवी कार भी क्षतिग्रस्त हुई है। बताया जाता है कि कोलकाता के टूरिस्ट एक्सयूवी में नेतरहाट से लौट रहे थे वहीं रांची तुपुदाना निवासी राजेश कुमार अपनी इनोवा कार से टूरिस्ट लेकर नेतरहाट जा रहे थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## बिशुनपुर आम आदमी पार्टी कमेटी का गठन, राहुल तिर्की बने अध्यक्ष



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** बिशुनपुर प्रखंड में आम आदमी पार्टी की बैठक मंगलवार को जिला उपाध्यक्ष महात्मा उरांव के नेतृत्व में की गई। जहां पर प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। जहां सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष के रूप में राहुल कुमार तिर्की एवं प्रखंड सचिव सरवन कुमार महली को बनाया गया। जबकि उपाध्यक्ष रामधनी उरांव, जंक्शन उरांव, जागेश्वर चिक बड़ाइक, सहाय उरांव, राम लाल उरांव, बलराम उरांव, प्रीतम चिक, विमल कुजूर, शैलेंद्र मुंडा को बनाया गया। मौके पर महात्मा उरांव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड लूट का अड्डा बन गया है। कभी एनडीए तो कभी यूपीए वालों ने मिलकर झारखंड को लूटने का काम कर रहे हैं। झारखंड अलग होने के बाद आज तक स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति सही ढंग से लागू नहीं हो पायी है। जिस कारण यहां के पढ़े-लिखे युवाओं को रोजगार नहीं मिल पा रहा है, जो दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। जिस कारण झारखंड की जनता दोनों दल से काफी निराश हो चुकी है। ऐसी परिस्थिति में यहां के लोगों को तीसरे विकल्प की आवश्यकता है। ऐसी विकट परिस्थिति में आम आदमी पार्टी ही झारखंड का सर्वांगीण विकास कर सकती है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी दिल्ली सहित कई राज्यों में सरकार बनाकर बेहतर काम कर रही है, जिसे झारखंड के लोग भी देख रहे हैं। अब अरविंद केजरीवाल के ऊपर ही लोगों का विश्वास टिका हुआ है। इसलिए आज बिशुनपुर में आम आदमी पार्टी प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष विवेक टोप्पो मौजूद थे।

## प्रखंड कांग्रेस की पंचायत कमेटी गठन के लिए प्रभारियों का किया गया चयन



**बसिया (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को एनएचपीसी मैदान में प्रखंड कांग्रेस पार्टी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष विकास साहू की अध्यक्षता में की गयी। इस बैठक में जिला कमेटी के निर्देशानुसार प्रखंड स्तरीय कमेटी के सदस्यों के क्रियाकलाप की समीक्षा की गयी। बैठक में अनुपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं और पार्टी पदाधिकारियों को अनुपस्थित होने के संबंध में स्पष्टीकरण पूछने का निर्णय लिया गया। बैठक में 21 जनवरी को होने वाली आगामी बैठक में विभागों का बंटवारा करने एवं पंचायत कमेटी गठन के लिए पंचायत प्रभारियों का चयन किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से मुंतजीर खान, जेडी नायक, गौरी शंकर चौधरी, मुखिया मरियम बेक, प्रकाश सुरीन, निरोज टेटे, ज्ञान प्रकाश लकड़ा, जॉन बागे, सहदेव राम, जीवन मसीह बारला, पीटर मिंज, रश्मि मिंज, मकशिमा टोप्पो, चिमन उरांव, देवा साहू, कृपा कुल्लू, प्रतिमा खेस, रजनी टोपनो, केले उरांव, बैजू मिंज, इमिलिया बेक, मोनी देवी, पीतांबर गोप, घुरन साहू समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रखंड परिसर में किसानों के लिए रबी फसल पर कार्यशाला का आयोजन



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** ब्लॉक कार्यालय परिसर में आज किसानों के लिये रबी फसल कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों को गर्मी में कौन कौन सी फसल उगाना है उसके बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। मौके पर कृषि पदाधिकारी करोलुस लकड़ा ने बताया कि किसानों को इस समय मे गेहूं, चना, सरसों आदि खेती व इनके रोग प्रबंधन के बारे में बताया गया। साथ ही पीएम किसान निधि, कृषि ऋण माफी, सूखा राहत, इन विषयों में भी किसानों को विस्तारपूर्वक बताया गया। बिशनपुर विकास भारती से आये पशु चिकित्सक डा. विनोद कुमार ने ठंड में पशुओं की देखभाल और टीकाकरण के बारे बताया गया। इस कार्यक्रम में कृषि पदाधिकारी करोलुस लकड़ा, अभिसिका कुमार, सुप्रिया किंडो, नेहा खुशबू, कृषि मित्र रूपधारी सिंह, भुनेश्वर, प्राविन भगत, मेघनाथ के अलावा कई किसान मौजूद थे।

## एनसीसी कमान अधिकारी गुमला ने परमवीर अलबर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज का किया निरीक्षण



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** कमान अधिकारी 46 झारखंड बटालियन कर्नल नवीन कुमार, सूबेदार ओंकार सिंह एवं बीएचएम संजीव सिंह ने परमवीर अलबर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज चैनपुर का सोमवार को निरीक्षण किया। कॉलेज के प्राचार्य फा. इनोसेंट कुजूर और कॉलेज के सीटीओ फा. पवन लकड़ा ने फुलगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। एनसीसी के छात्रों द्वारा परेड और बैंड के माध्यम से उन्हें कॉलेज में निर्मित परमवीर अलबर्ट एक्का की प्रतिमा तक पहुंचाया गया। जहां उन्हें एनसीसी के छात्रों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। साथ ही अतिथियों द्वारा परमवीर अलबर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात पारंपरिक आदिवासी नृत्य के साथ उन्हें प्राचार्य ऑफिस तक पहुंचाया गया। इसके बाद अतिथि मंडल ने एनसीसी ऑफिस जाकर सीटीओ से एनसीसी संबंधी सारी जानकारी हासिल की। तत्पश्चात कॉलेज के हॉल में उपस्थित सभी अतिथियों का जोरदार स्वागत किया गया। अपने संबोधन में कर्नल नवीन कुमार ने 18 वर्ष से अधिक आयु के छात्रों को अपने अधिकार अर्थात वोट देने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने कहा कि आप जो कुछ कर रहे हैं उसमें सर्वोपरि देश को रखें ताकि देश के विकास में भी हमारा योगदान हो सके। छात्राओं के लिए विशेष रूप से उन्होंने कहा कि भारतीय नारी शुरू से ही मजबूत और सबल रही है अतः आपको भी मजबूत बनना है। साथ ही विशेष रूप से कहा कि चैनपुर क्षेत्र आपलोगों का है अतः पूर्वजों द्वारा जो परंपरा और संस्कृति हमें विरासत में मिली है उसे हमें ही बचाना है और आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक पुष्पलता डुंगडुंग ने किया। इस मौके पर कॉलेज के सभी शिक्षकगण, शिक्षकेतरकर्मी एवं कॉलेज के सभी विद्यार्थी मौजूद थे।

### खेलकूद : जिला प्रशासन ने किया एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

# प्रशासन एकादश ने पब्लिक 11 टीम को एक रन से किया पराजित

**एसपी ने खेली 32 रनों की पारी**

**उपायुक्त ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया प्रतियोगिता का उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता





**गुमला।** जिला प्रशासन गुमला के तत्वावधान में मंगलवार को शहीद तेलेंगा खड़िया स्टेडियम में एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ गुमला उपायुक्त सुशांत गौरव द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और दीप जलाकर किया गया। रोमांचक मुकाबले में प्रशासन एकादश की टीम ने पब्लिक इलेवन की टीम को एक रन से पराजित किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रशासन एकादश ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 167 रन बनाये। जिसमें पुलिस अधीक्षक एहतेशाम वकारीब ने 32 रनों की पारी खेली। वहीं, संजीव कुमार ने 31, सतीश ने 14, रविंद्र ने 14, हसनैन ने 14, राहुल ने 17 और सिकंदर ने 12 रनों की पारी खेली।

पब्लिक 11 की ओर से अंशु, आयुष और सनी ने दो-दो विकेट झटके। जवाबी पारी खेलने उतरी पब्लिक इलेवन की टीम निर्धारित 20 ओवर में 166 रन बना सकी और मुकाबला एक रन से हार गयी। जिसमें आयुष राज ने नाबाद 60 रनों की पारी खेली। वहीं विक्की ने 59, सन्नी ने 26 रन बनाये। प्रशासन की ओर से सिकंदर और प्रदीप ने एक-एक विकेट झटके।

नाबाद 60 रन की तेजतर्रार पारी और बेहतर गेंदबाजी के लिए आयुश राज को मैन ऑफ द मैच दिया गया। अतिथियों के बीच एसपी, डीडीसी और एसडीओ के द्वारा पुरस्कार का वितरण किया गया।

वहीं, तरुण क्रिकेट क्लब के सदस्य ज्ञान प्रकाश और सौरव कुमार के द्वारा डीडीसी गुमला हेमंत सती, एसडीओ रवि जैन को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

# अंबेडकर उद्यान को संवेदक सुधारें : महापौर

## वधशाला एवं फल सब्जी मार्केट बनेगा : नगर आयुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** महापौर अरुणा शंकर, नगर आयुक्त रवि आनंद, कार्यपालक अभियंता एवं निगम के कई पदाधिकारी बड़े तालाब के कार्यों की समीक्षा करते अंबेडकर उद्यान में जाकर संवेदक को कई निर्देश दिए। महापौर ने 26 जनवरी तक फाउंटेन, फूल,पौधे, तालाब की सफाई कराने का निर्देश दिया। साथ ही नगर आयुक्त ने तालाब के चारों ओर ग्रील एवं सीसीटीवी लगाने का भी निर्देश दिया। महापौर



एवं नगर आयुक्त ने 26 जनवरी से पहले दीनदयाल मार्ग खोलने का भी निर्देश दिया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद धीरेंद्र पांडे भी उपस्थित थे। अंबेडकर उद्यान के बाद महापौर एवं नगर आयुक्त ने अंबेडकर पार्क से सटे 60 डिसमिल भूमि जो निगम के अधीन है को जल्द घेराबंदी करने का निर्देश देते हुए कहा इस पर दो तल्ला सब्जी एवं फल बाजार का निर्माण कराया जाएगा। महापौर ने पूर्व में बने मधुशाला का भी निरीक्षण किया और तय किया गया दो फ्लोर का स्ट्रक्चरल मधुशाला बनेगा ताकि शहर का मांस मछली एक ही जगह मिल सके। महापौर ने एक बार फिर चेतावनी दी है जो संवेदक 10 प्रतिशत से नीचे निविदा ले रहे हैं उनके गुणवत्ता की जांच प्राथमिकता में की जाएगी।

# पत्थरा पुलिस पीकेट परिसर में 18 से होगा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के सरसोत पंचायत अंतर्गत पत्थरा पुलिस पीकेट परिसर में 18 जनवरी 2023 से स्वामी विवेकानंद सद्भावना क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन होने जा रहा है।उक्त जानकारी क्रिकेट टूनार्मेंट के अध्यक्ष सह पंचायत के मुखिया विनय कुमार सिंह ने दी है।उन्होंने कहा कि क्रिकेट एक ऐसा खेल है जिसमें शरीर का हर मांसपेशियों की अच्छी एक्सरसाइज हो जाती है और सबको एकजुट होकर खेलना पड़ता है। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद सद्भावना क्रिकेट टूनार्मेंट में सभी लिग मैच 12-12 ओभर, सेमीफाइनल 16-16 ओभर और फाइनल मैच 20-20 ओभर का खेला जाएगा।जिसका कमेंटेटर टुनार्मेंट के इवेन्ट मैनेजर फुटुक कुमार सिंह और विजय कुमार सिंह करेंगे।वहीं क्रिकेट खिलाड़ियों से अपील की है कि इस क्रिकेट टूनार्मेंट अधिक से अधिक खिलाडी भाग लेकर अपनी प्रतिभा को निखारें।

# आरसीआइटी मेडिकल कॉलेज के बस पर हमला, शिक्षक और छात्राओं के साथ मारपीट

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** औरंगाबाद मुख्य पथ पर पड़वा थाना क्षेत्र के कजरी में रामचंद्र चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज के बस पर हमले में शिक्षकों, छात्र छात्राओं के साथ मारपीट की गयी। इस घटना में कई शिक्षक, छात्र व छात्रा घायल हो गयी है। इस संबंध में कालेज के शिक्षक गौरव कुमार ने पड़वा थाना में चार नामजद सहित 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। दर्ज मामले में कहा गया है कि रोज की तरह मेडिकल कॉलेज का बस शिक्षक, छात्र व छात्राओं को लेकर शाम में मेदिनीनगर आ रहा था। इसी दौरान बस के आगे आगे एक कार ( नंबर जेएच03ईएफ 8390) चल रही थी। कार का चालक कभी बाएं कभी दाएं कार चला रहा था जिससे बस चालक को परेशानी हो रहा थी। इसी दौरान ब्रहमोरिया में कार एक पुल पर बस के रोक कर बस चालक के साथ उलझ गया। समझाने के लिए उतरे शिक्षकों के साथ भी गाली गलौज करते हुए कहा कि चलो कजरी में बताते हैं। बस जैसे ही कजरी पहुंचा रोड पर पहले से खड़े 15-20 लोगों ने लाठी डंडे से बस पर हमला बोल दिया। आरोप है कि लाठी डंडे से लैस लोगों ने बस में चढ़ कर शिक्षकों, छात्र छात्राओं के साथ मारपीट करने लगे। मारपीट का विरोध करने पर छात्राओं के साथ छेड़खानी भी किया। इस मामले में रंधीर सिंह, अभिषेक सिंह, विकास सिंह,अशरेश सिंह के खिलाफ नामजद एवं 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।थाना प्रभारी नकुल साह ने कहा कि शिक्षक एवं छात्र छात्राओं के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी अभियान शुरू कर दिया गया है। थाना प्रभारी नकुल साह ने कहा कि कालेज के बस पर हमला कर शिक्षक, छात्र,छात्राओं के साथ मारपीट करना गंभीर मामला है।

# रेल उपभोक्ता संघ ने रेल महाप्रबंधक को 12 सूत्री मांगों का सौंपा ज्ञापन



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** झारखंड रेल उपभोक्ता संघ का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर के रेल प्रबंधक आशीष बंशल से राजहरा रेलवे स्टेशन पर मिला। प्रतिनिधिमंडल ने रेल महाप्रबंधक को 12 सूत्री मांगों का एक ज्ञापन सौंपा। संघ के प्रमुख मांगो में बरवाडीह से डेहरी-ऑन-सोन से चलने वाली सभी पैसेंजर ट्रेनों से स्पेशल टैग हटाकर पूर्व की भांति भाड़ा निर्धारित करने पैसेंजर ट्रेन संख्या 03341 का समय डालटनगंज में तीन बजे करने,रांची सासाराम एक्सप्रेस के गढ़वा एवं टोरी के अव्यवहारिक ठहराव को समायोजित कर राजहरा,सिगसिगी,उंटारी रोड,हैदरनगर रेलवे स्टेशन पर दो-दो मिनट का ठहराव करने,संबलपुर-देहरादून एक्सप्रेस को दैनिक करने,पलामू एक्सप्रेस का ठहराव,राजहरा,लालगढ़ व सिगसिगी रेलवे स्टेशन पर करने,शक्तिपुंज एक्सप्रेस का ठहराव राजहरा स्टेशन पर करने,गरीब रथ एक्सप्रेस का ठहराव मोहम्मदगंज स्टेशन पर करने,रांची से वाराणसी तक बंदेमात्रम एक्सप्रेस की मांग शामिल है। प्रतिनिधिमंडल सीएस दुबे,जिला पार्षद सदस्य विजय रविदास,गोविंद कुमार,वेदप्रकाश शर्मा,मृत्युंजय प्रसाद सिंह सहित कई लोग शामिल थे। लालगढ़ मुखिया धर्मेंद्र कुमार चौधरी ने समर्थको के साथ रेल महाप्रबंधक को मांग पत्र सौंपा। पत्र में रेलवे फाटक निर्माण एवं पलामू एक्सप्रेस का लालगढ़ स्टेशन पर ठहराव की मांग की गई है। मौके पर पप्पू कुमार चौधरी,कृष्णा चौधरी,जितेंद्र चौधरी,कुणाल ओझा,रमेश पासवान,डब्बल सिंह,सूरजमल राम,उज्वल चौधरी,पवन चौधरी,मंदीप पासवान,संजय साव सहित कई लोग मौजूद थे।

## शिवपुर खेल मैदान पर फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित

# मांडर की टीम बनी विजेता



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद प्रखंड के पथरा पंचायत अंतर्गत शिवपुर खेल मैदान पर नवयुवक संघ पथरा के तत्वावधान में फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला सासाराम व मांडर के बीच खेला गया। फाइनल फुटबॉल मुकाबले का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी व विशिष्ट अतिथि कर्नल संजय कुमार सिंह ने फुटबॉल को किक मार कर किया ।टूनार्मेंट में हुसैनाबाद के मांडर टीम 01 गोल से विजयी हुई। मौके पर प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के टूनार्मेंट के आयोजन से युवाओ को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। मौके पर विशिष्ट अतिथि कर्नल संजय सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद क्षेत्र के युवा खेल के प्रति काफी प्रतिभाशाली है। जरूरत है इन्हे आगे बढ़ने में मदद करने की। इस मौके पर पथरा पंचायत के मुखिया नरेश पासवान, मुखिया संघ के अध्यक्ष श्रवण राम, अशोक यादव, लवकेश पासवान, अभय कुमार सिंह उर्फ सिंह, सगीर हुसैन, जाकिर अली उर्फ राज अली, राम प्रवेश पासवान,माणिक सिंह, टूना सिंह, नेहाल मिर्जा, सहित हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद है।

# कोविड-19 को लेकर सतबरवा में हुई स्क्रीनिंग टेस्ट



**सतबरवा /पलामू (आजाद सिपाही)।** सतबरवा में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कोविड-19 की रोकथाम के लिए सतबरवा थाना के नजदीक स्क्रीनिंग टेस्ट लिया गया। स्वास्थ्य सेवक अनूप कुमार गुप्ता ने बताया कि यह कोविड-19 को देखते हुए स्क्रीनिंग टेस्ट किया जा रहा है आज हम लोगों ने 30 लोगों की स्क्रीनिंग जांच की है। अगर किसी को सर्दी खांसी या बुखार है तो स्क्रीनिंग के बाद उन्हें स्वास्थ्य सेंटर भेज दिया जा रहा है। स्वास्थ्य केंद्र में दवाइयों का स्टॉक है, जिन्हें सर्दी खांसी या बुखार है तो पास के स्वास्थ्य सेंटर में जाकर मिल सकते हैं। मौके पर ड्रेसर अखिलेश पाठक व चपरासी कृष्णा प्रसाद उपस्थित थे।

# रेल संपत्ति की चोरी करने के आरोप में जपला आरपीएफ ने दो व्यक्ति को किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जपला आरपीएफ के दो जवान प्रधान आरक्षी एजाज खान और प्रधान आरक्षी बीरेंद्र प्रसाद सिंह ने टेम्पू से फेरी लगाने वाले एक कबाड़ा वाला को सिगसिगी स्टेशन परिसर से पकड़ा। जिसके पास से रेलवे का लोहा पाया गया। उसने अपना नाम और पता अनीश कुमार पिता अर्जुन साहू गांव पोस्ट थाना खुदवा जिला औरंगाबाद बिहार बताया।जानकारी मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल थाना जपला के प्रभारी निरीक्षक श्री राकेश रंजन के नेतृत्व में उप निरीक्षक निशांत कुमार साथ प्रधान आरक्षी अनवर हुसैन तथा आरक्षी विजय कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। पूछताछ करने के पश्चात पकड़े गए अनीश कुमार के निशानदेही पर सिगसिगी गांव के बंजारी टोला स्थित सजीत कुमार पिता सूर्य कुमार चौधरी के घर में छापामारी



किया गया जिस घर से उसने वह रेल का लोहा खरीदा था। छापामारी के दौरान 5 अदद रेलवे का सीएसटी-9 प्लेट वहां पाया गया परंतु जिसने वह लोहा उस कबाड़ी वाले को बेचा था वह अपने घर से फरार हो गया। फरार व्यक्ति का नाम और पता संजीत कुमार पिता सूर्य कुमार चौधरी वार्ड नंबर 9 बंजारी टोला सिगसिगी रेहला पलामू झारखंड ज्ञात हुआ। अनीश कुमार के ही निशानदेही पर विश्रामपुर बाजार में डाक बंगले के पास स्थित प्रभु साह के कबाड़ा दुकान को चेक किया गया जिसके चेकिंग के दौरान उसके यहां भी रेलवे का लोहा छुपाए हुए अवस्था में बरामद किया गया। परिणामस्वरूप कागजी कार्यवाही करने के पश्चात रेलवे सुरक्षा बल जपला में गिरफ्तार अनीश कुमार और प्रभु साह तथा फरार संजीत कुमार के विरुद्ध रेलवे संपत्ति अवैध कब्जा अधिनियम की धारा तीन के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। उपरोक्त कार्यवाही रेलवे सुरक्षा बल थाना जपला के प्रभारी निरीक्षक राकेश रंजन के नेतृत्व में हुआ जिनका कहना है कि रेलवे संपत्ति की चोरी करने वालों के विरुद्ध कठोर से कठोर कदम उठाए जाते रहेंगे।

# प्रखंड बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर प्रखंड के सभागार में बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की पहली बैठक मंगलवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित व संचालन बीडीओ प्रशांत कुमार हेम्ब्रम ने किया। बैठक में जनवितरण,मनरेगा,जलमीनार,आवास सहित विभिन्न योजनाओं पर चर्चा हुई। बीस सूत्री उपाध्यक्ष रविंद्र शुक्ला गुड्डू ने अंचल कार्यालय द्वारा निर्गत होने वाले प्रमाण पत्रों में अनियमितता का मामला उठाया। इसके अलावा बैठक में विश्रामपुर व रेहला में अतिक्रमण हटाने,स्वच्छता अभियान को कारगर करने सहित कई अहम निर्णय लिया गया। अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित ने कहा कि राज्य सरकार का हर कल्याणकारी योजना धरातल पर पारदर्शी तरीके से उतरना चाहिये। बैठक में जेई शिवम पांडेय,मुकेश राम,एमामुल हक गुड्डू,रामबृक्ष सिंह,बैजनाथ राम,एसआई विजय कुजूर,भृगुनाथ सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

# उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने अपने कार्यालय कक्ष में मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आये 50 से अधिक लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखी। उपायुक्त ने लोगों की फरियाद सुनते हुए उनके सभी शिकायतों संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को जल्द से जल्द जांच कर निवारण का निर्देश दिया।




## सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी को जांच करने के निर्देश

मेदिनीनगर के वार्ड 33 की पार्षद चंचला देवी ने उपायुक्त से मिलकर कल्याणपुर के जन वितरण प्रणाली दुकानदार पन्नालाल के विरुद्ध समय पर लाभुकों को राशन नहीं दिए जाने की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की इसपर उपायुक्त ने सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी को पूरे मामले की जांच करने हेतु निर्देशित किया।

## उपायुक्त ने जमीन संबंधी विभिन्न मामले को लेकर कई सीओ को किया फोन

जनता दरबार में आये विभिन्न फरियादियों के जमीन संबंधी मामले को लेकर उपायुक्त ने कई सीओ को फोन कर मामले को निष्पादित करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने कार्य में देरी को लेकर सतबरवा,सदर व विश्रामपुर सीओ को फोन पर फटकार भी लगायी। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी,वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन,प्रधानमंत्री आवास व म्यूटेशन से जुड़े आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर 15 दिनों के भीतर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## सूरज कुमार को 20 हजार व कैंसर पीड़ित महिला को इलाज के लिये 20 हजार रुपये देने के निर्देश

जनता दरबार में पड़वा के ग्राम मझिगांव से आये सूरज कुमार नेउपायुक्त को बताया कि दिनांक 22 अगस्त को उनका सड़क दुर्घटना हो गया था जिसके पश्चात चिकित्सकों द्वारा तीन ऑपरेशन करने की आवश्यकता बतायी गयी है। उन्होंने अपना ऑपरेशन कराने हेतु उपायुक्त से आर्थिक मदद की मांग की इसी क्रम में पड़वा से ही आयी कैंसर पीड़ित महिला ने भी उपायुक्त से आर्थिक सहयोग करने को लेकर अनुरोध किया जिसके बाद उपायुक्त श्री दोड्डे ने ऑन स्पॉट रेड क्रॉस के सचिव डां सत्यजीत गुप्ता को अपने कार्यालय में बुलाकर दोनों फरियादियों को 20-20 हजार रुपये की मदद करने हेतु निर्देशित किया।

# बेटियां बुढ़ापे की लाठी होती हैं : धीरज मिश्रा

## डांस प्रतियोगिता में आव्या और अनिष्का ने किया प्रथम स्थान प्राप्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल में इंटर सोलो डांस प्रतियोगिता में वर्ग चार की छात्रा आव्या मिश्रा और वर्ग तीन की छात्रा अनिष्का भारद्वाज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आव्या मिश्रा के पिता सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा और माता पूजा मिश्रा ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि आज के आधुनिक काल में बेटियां हर क्षेत्र में अव्वल नंबर पर हैं। आज के समय में बेटा बेटी में फर्क नहीं रह गया है , बेटा बेटी सबको एक समान मानकर सबको शिक्षा प्रदान करने के साथ ही सकारात्मक मार्गदर्शन देते रहने की जरूरत है। बेटियां बुढ़ापे की लाठी होती हैं, बहुत सारे घर परिवार के बुजुर्गो की देखभाल उनके घर की बेटियां ही करती हैं। संगीत के क्षेत्र में गायन और नृत्य कला में आव्या और अनिष्का ने पहले भी बहुत सारी डांस प्रतियोगिता में अपने नृत्य कला से पुरस्कार प्राप्त कर चुकी हैं। दोनों बहनों का झुकाव संगीत के क्षेत्र के साथ साथ पेंटिंग,क्राफ्ट,जुडो कराटे और अन्य क्षेत्रों में भी रहता आया है।अनिष्का के माता पिता सूरज मिश्र और प्रियमवदा मिश्रा डीएवी स्कूल में बतौर शिक्षक कार्यरत हैं।

# जनता उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच हुआ कॉपी का वितरण



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** बिश्रामपुर के जानता उच्च विद्यालय में मंगलवार को छात्र छात्राओं के बीच कॉपी का वितरण किया गया। छात्र छात्राओं के बीच कॉपी का वितरण विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल,राजन पांडेय, निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी,समाजसेवी विजय कुमार रवि व प्राचार्य भोला राय ने संयुक्त रूप से किया। पंकज कुमार लाल ने कहा कि सरकार के सभी कल्याणकारी योजनाओं को वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचाना प्रतिनिधियों का दायित्व है। राजन पांडेय ने कहा कि शिक्षा के स्तर मे गुणात्मक सुधार हेतु सभी को आगे आना होगा। सुनील कुमार चौधरी ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में कई योजनाएं संचालित कर रही है। जरूरत है उन योजनाओं को धरातल पर उतरने की प्राचार्य भोला राय ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा बच्चों को कॉपी उपलब्ध कराया गया है। मौके पर विद्यालय के कई शिक्षक शिक्षिका व छात्र छात्रा मौजूद थे।

# स्पोर्ट्स



दिल्ली से अंडर-19 खेलने के बाद झारखंड टीम की घर वापसी, ऑल राउंडर उत्कर्ष सिंह का रहा शानदार प्रदर्शन

# भारत- श्रीलंका वन डे : विराट कोहली ने शतक के साथ की साल की शुरुआत

**नई दिल्ली ।** भारत और श्रीलंका के बीच खेले जा रहे पहले वनडे मैच में विराट कोहली ने शानदार शतक जड़ दिया। उन्होंने 80 गेंदों में 100 रनों की पारी खेली। उनकी इस पारी में 10 छक्के और एक चौके शामिल रहे। इस शतक के साथ उन्होंने अपने इंटरनेशनल करियर का 73वां शतक जड़ा। इससे पहले उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ खेले गये वनडे मैच में शतक जड़ा था। इस शतक के जरिए उन्होंने कई बड़े रिकॉर्ड्स अपने नाम किये ।



## घरेलू सरजमीं पर 20 अंतरराष्ट्रीय शतक


कोहली वनडे क्रिकेट में 12500 रनों का आंकड़ा पार करने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। इसके अलावा उन्होंने अपने वनडे करियर का 45वां शतक लगाया। वहीं यह घरेलू सरजमीं पर उनका 20 अंतरराष्ट्रीय शतक रहा। इस मामले में उन्होंने सचिन तेंदुलकर की बराबरी कर ली है. कोहली वनडे करियर में सर्वाधिक शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं। 2023 के साल की शुरूआत उनके लिए काफी शानदार तरीके से हुई। साल के पहले ही मैच में उन्होंने शतक जड़ दिया।

## रोहित शर्मा भी लय में दिखायी दिये

विराट कोहली के अलावा रोहित शर्मा ने इस मैच में भारत की ओर से शानदार पारी खेली। उन्होंने 67 गेंदों में 83 रन बनाए। उनकी इस पारी में कुल 9 चौके और 3 छक्के शामिल रहे थे। रोहित ने टीम को अच्छी शुरूआत दिलाई थी। उनके साथ ओपनिंग की जिम्मेदरी संभालने आए शुभमन गिल भी 70 रनों की पारी खेल वापस लौटे।

# रणजी ट्रॉफी : 103 रन पर सिमटा झारखंड, गेंदबाजों ने करायी वापसी

**रांची ।** जमशेदपुर के कीनन स्टेडियम में एलीट ग्रुप सी के झारखंड और छत्तीसगढ़ के बीच मुकाबले के पहले दिन झारखंड की टीम 103 रनों पर ढ़ेर हो गयी। वहीं छत्तीसगढ़ की टीम ने 8 विकेट के नुकसान पर 95 रन बनाये। मुकाबले में छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए झारखंड की टीम 103 रनों पर सिमट गयी। झारखंड की ओर से कुमार सूरज ने सर्वाधिक 19 रन बनाए, जबकि सौरभ तिवारी और अनुकूल रॉय ने 13-13 रनों का योगदान किया। वहीं छत्तीसगढ़ के रवि किरण



ने अपनी टीम के लिए 5 विकेट चटकाए। जबकि पंकज राव ने 3 और वासुदेव बरेठ ने 2 विकेट लिये। जिसके बाद छत्तीसगढ़ की टीम बल्लेबाजी करने उतरी। छत्तीसगढ़ की ओर से अविनाश ढालीवाल ने अपनी टीम के लिए सर्वाधिक 46 रन बनाए, जबकि अमनदीप खरे ने 14 रन बनाये। वहीं झारखंड के आशिश कुमार और विकास सिंह ने 3-3 विकेट चटकाए, जबकि शहबाज नदीम ने 2 विकेट लिये।

# पत्थर लोडेड हाइवा पलटने से अमरूद व्यवसायी किसान का हजारों का नुक्सान



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज अंचल क्षेत्र के सरसोत पंचायत अंतर्गत लुकुवा मौजे में स्थित अमरुद बागवानी में मंगलवार की सुबह घने कोहरे के कारण पत्थर लोडेड जेएच-02 एएक्स 7732 हाइवा पलट गयी। जिससे अमरूद बागवानी पर निर्भर व्यवसायी किसान का हजारों का नुक्सान हो गया।हलाकि इस दौरान जानमाल की छति नहीं पहुंची है।इस दौरान किसान अजय कुमार मेहता ने बताया कि बागवानी में हाइवा पलटने से अमरूद का 5-6 पेंड़ दबकर बर्बाद हो गया साथ ही जाली से किए गए घेराबंदी भी टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया।वहीं सुचना के बाद पत्थरा पीकेट प्रभारी नितीश कुमार ने घटना स्थल पर पहुंच कर जायजा लिया और हाइवा मालिक को घटना की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि घने कोहरे के कारण हाइवा असंतुलित हो कर किनारे चली गयी है।

# मुखिया और पंचायत सचिव के साथ बीडीओ ने की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** बाघमारा प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को बीडीओ सुनील कुमार प्रजापति की अध्यक्षता में मुखिया तथा पंचायत सचिवों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। पंचायतों में महिला सशक्तिकरण को लेकर आयोजित बैठक में बीडीओ ने महिलाओं के सशक्तिकरण पर बल देते हुए मुखिया तथा पंचायत सचिवों को सख्त निर्देश दिया कि पंचायत की महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर सरकार की ओर से जो भी योजनाएं संचालित किया जा रहा है। उसमें ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को जोड़ने का काम करें। साथ ही डीएमएफटी फंड से चिंहित 75 योजनाओं को ग्राम सभा से पारित कर उसे धरातल में उतारने की बात कही। बीडीओ द्वारा निर्देश दिया गया कि पंचायतों में लंबित पीएम आवास योजनाओं का निष्पादन जल्द कराने का काम करें। बैठक में मुख्य रुप से प्रखंड समन्वयक मुकेश कुमार, बीपीआरओ रघुवंश भारती, लक्ष्मीकांत, मुखिया बिरजू महतो, बिनोद नापित, रिंकू महतो, महेश पटवारी, माणिक बाउरी, उषा देवी, बिनोद रजक, नेपाल रवानी सहित अन्य मौजूद थे।

## सिंदरी पुलिस अनुमंडल क्षेत्र में अपराधियों का मनोबल चरम पर, दहशत

# तिसरा गोलीकांड के 24 घंटे के भीतर हर्ल सिंदरी एचआर हेड के घर पर बरसाई गोलियां

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिंदरी।** धनबाद के सिंदरी पुलिस अनुमंडल क्षेत्र में अपराधियों का मनोबल चरम पर है। लगातार गोली फायरिंग की घटना से क्षेत्र के लोग दहशत में है। पुलिस पर लोगों का विश्वास कम होता जा रहा है। रविवार की देर रात तिसरा थाना क्षेत्र में सोनू सिंह को गोली मारकर घायल किये अभी 24 घंटे भी नहीं बीते की सोमवार की शाम अपराधियों ने हिन्दूस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (हर्ल) सिंदरी के मानव संसाधन विभाग हेड एचआर विक्रांत कुमार के आवास संख्या डी 21 में तीन राउंड फायरिंग कर पुलिस को चुनौती दे डाली। गनीमत हो की उस समय एचआर विक्रांत अपने आवास पर नहीं थे। सूचना पर सिंदरी डीएसपी सहित थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई। पुलिस ने घटनास्थल से गोली का तीन खोखा बरामद किया।





## बाइक सवार अपराधियों ने चलायी गोली

एचआर हेड विक्रांत ने पुलिस को बताया कि घटना के समय वह हर्ल कार्यलय में थे। उन्होंने बताया कि एक बाइक पर दो युवक सवार होकर आए थे और नाम लेकर गाली गलौज कर रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि बाहर निकलो तो जान से मार देंगे। सूचना पर सिंदरी थाना प्रभारी सुरेश प्रसाद घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली वही उनके घर के बाहर से तीन खोका बरामद किया गया है। सिंदरी थाना प्रभारी ने बताया कि तीन राउंड फायरिंग हुई है। जांच की जा रही है। अपराधी जल्द दबोचे जायेंगे। घटना कि सुचना पाकर सिंदरी के लोजपा युवा प्रोकोष्ट के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र द्विवेदी,रविन्द्र प्रसाद, जितेंद्र शर्मा, भाजपा सिंदरी नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक एवं अन्य बुद्धिजिवी वर्ग के लोग एचआर के आवास पहुंच कर घटना कि निंदा करते हुए पुलिस प्रशासन से आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की।

## चोरों ने सुदामडीह के नये थानेदार को दी चनौती

# तीन लाख के जेवरात की चोरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** सुदामडीह थाना क्षेत्र के झरिया सिंदरी मुख्य मार्ग पाथरडीह मोहन बाजार स्थित यूको बैंक के समीप गुरुकृपा ज्वेलर्स में सोमवार की देर रात चोरों ने सेंधमारी कर लगभग 3 लाख रुपए के सोने एवं चांदी के आभूषण की चोरी कर ली। चोरों ने छत पर सीआइएसएफ हेड कांस्टेबल के घर का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया और गली के गेट का ताला तोड़कर अंदर घुसे। ज्वेलर्स के मालिक विजय वर्मा ने बताया कि रात में दुकान बंद कर घर चला गया था। सुबह स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी दी। इसके बाद दुकान आकर सुदामडीह पुलिस को घटना की सूचना दी। वही सूचना देने के लगभग 2 घंटे बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। जिससे स्थानीय दुकानदारों में पुलिस प्रशासन के प्रति आक्रोश है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में आये दिन चोरी हो रही है। सुदामडीह पुलिस एक भी मामले का उद्भेदन नहीं कर सकी है। फलस्वरूप अपराधियों का मनोबल ऊंचा हो रहा है। घटनास्थल का निरीक्षण करने पहुंचे सुदामडीह के नवनियुक्त थाना प्रभारी प्रदीप राणा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जायेगा।

## बीएसएल में परफॉरमेंस इंप्रूवमेंट वर्कशॉप का हुआ आयोजन

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बीएसएल के मानव संसाधन विकास केंद्र में संयंत्र के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों के लिए 'मिशन 85000 टन प्रति माह सीआरएम-3 के पीएलटीसीएम से' विषय पर एक दिवसीय परफॉरमेंस इंप्रूवमेंट वर्कशॉप का आयोजन 10 जनवरी को किया गया। उद्घाटन सत्र में अधिशासी निदेशक (संकार्य) बी के तिवारी, कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक सीआरएम-3 अखौरी अशोक कुमार, महाप्रबंधक बीके सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। महाप्रबंधक बीके सिंह ने सभी का स्वागत किया तथा इस वर्कशॉप के उपयोगिता पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में बीके तिवारी ने वर्तमान समय मे बोकारो स्टील प्लांट के लिए कोल्ड रोल्ड प्रोडक्ट की महत्ता पर चर्चा की तथा 85000 टन उत्पादन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए इस वर्कशॉप को बहुत ही उपयोगी बताया।

# डीओ ट्रक उपलब्ध कराने की मांग को लेकर मजदूरों ने घंटों ठप की ट्रांसपोर्टिंग

आजाद सिपाही संवाददाता

**भगतडीह।** धनसार के विश्वकर्मा प्रोजेक्ट लोडिंग प्वाइंट पर जनता मजदूर संघ कुंती गुट समर्थक असंगठित मजदूरों ने डीओ ट्रक उपलब्ध कराने की मांग पर लेकर चार घंटे तक ट्रांसपोर्टिंग कार्य ठप कर दिया। असंगठित मजदूर सुबह 8 बजे लोडिंग प्वाइंट मार्ग पर झंडा गाड़ ट्रांसपोटिंग ठप करने का एलान कर दिया। असंगठित मजदूर नेता देशराज चौहान कहना था कि लोडिंग प्वाइंट पर डीओ ट्रक लोडिंग कर करीब सात सौ असंगठित मजदूरों का जीवन यापन होता है। बीसीसीएल प्रबंधन असंगठित मजदूरों का हक मार कर कोयला ट्रांसपोर्टिंग ठेकेदारों को बढ़ावा दे रही है। जबकि असंगठित मजदूरों के मात्र दो से तीन ट्रक लोडिंग के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। जिससे असंगठित मजदूरों के यहां का समक्ष रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो हो गई है। परियोजना से उत्पादित कोयला ठेकेदार बड़े बड़े हाईवा में पेलोडर के माध्यम से लोडिंग कराकर लें जाते है। मामले की सूचना पाकर प्रबंधक संजय कुमार ने असंगठित मजदूरों से कहा कि शीघ्र ही डीओ ट्रक की संख्या में बढ़ोतरी होगी, नया डिओ करीब 12 हजार टन का कोयला उठाव अनुमति मिल जायेगी। प्रबंधक के आश्वासन के बाद ट्रांसपोंटिंग शुरू हुई। मौके पर मनोज पासवान, राजेश मरांडी, आजदी चौहान,केदार चौहान, अशोक, सुजीत, रंजीत, संतोष, सुमन हांसदा, रानी देवी, मुनिया देवी थे।



# बीबीएमकेयू कॉलेज में विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** पीके राय मेमोरियल कॉलेज धनबाद के सभागार में मंगलवार को जन संचार विभाग सत्र 2021-23 के छात्रों द्वारा सीनियर्स की विदाई तथा जूनियर के स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पीके राय मेमोरियल कॉलेज के प्राचार्य मो नसीम अहमद तथा विशिष्ट अतिथि जन संचार विभाग के पूर्व अध्यक्ष मंतोष पांडेय, एचओडी जितेंद्र आर्यन, शिक्षक पवन पांडेय तथा विकास चंद्र थे। कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज के प्राचार्य मो नसीम अहमद द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इससे पूर्व 2021-23 के छात्रों ने सभी अतिथियों को गुलदस्ता देकर तथा सीनियर्स को उनके प्रकृति के अनुरूप प्रशासित पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रियंका एवं जुली ने किया। इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य मो नसीम अहमद ने कहा सभी को इंसानियत से प्यार करना चाहिए तभी यह दुनियाँ साथ में चल सकेगा। पूर्व अध्यक्ष जन संचार विभाग मंतोष पांडेय ने कहा कि सभी छात्रों को अपनी काबिलियत के अनुरूप कार्य करना चाहिए तभी वे सफलता हासिल कर पायेगा। जन संचार के एचओडी जितेंद्र आर्यन ने कहा कि विभाग में वर्तमान जो भी कमियां है उन्हें हर हाल में दूर कर लिया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। नए सत्र के छात्रों द्वारा मंच पर कैटवॉक कर अपना परिचय दिया। इस दौरान फ्रेशर के रूप में लिबास व पिंकी चयनित किया गया, जिन्हें प्रशासित पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जनसंचार विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉक्टर पवन पांडे, डॉक्टर विकास चंद्र, राजीव शुक्ला, तापस पालित, समीम हुसैन, राजीव पांडेय, अनुपम, स्यान, मनीषा, ममता, सिंपल, प्रिया, जूही कुमारी, प्रियंका, सुषमा, रोजिया खान, विनीता, अमन अभिषेक, संतोष राय, लवली सिंह, अंकित कुमार, लिवाश, पिंकी, नवाजिश, सद्दाम हुसैन आदि मौजूद थे।



**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग**

**प्रपत्र VII**

**समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

**प्रारंभिक अधिघोषणा**

**(अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)**

चुकि समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ, यथा परियोजना हजारीबाग के गौरिया–करमा–केवटा पुल(सरैया) पथ का चौड़ीकरण/मजबूतीकरण का निर्माण हेतु ग्राम–सरैया, थाना–पदमा, थाना–सं0–26, अंचल–पदमा, जिला–हजारीबाग में कुल **0.021** एकड़ यानि **0.0085** हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उर्पुयक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **0.021** एकड़ यानि **0.0085** हेक्टेयर है औ जो ग्राम–सरैया, थाना–पदमा, थाना–सं0–26, अंचल–पदमा, जिला–हजारीबाग में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है,

| क0 सं0 | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 225 | 19 अंश | नीज | टांड।।। | 0.021 | अवदानी साहु पिता भीखन साहु साकिन सरैया | प्लौट सं0 14 | प्लौट सं0 19 | प्लौट सं0 19 | प्लौट सं0 14 |
| कुल अर्जित रैयती रकबा (एकड मे) | | | | | **0.021** | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जॉच के पश्चात किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिहिन्त किये गये है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है–

ग्राम–सरैया, थाना–पदमा, थाना–सं0–26, अंचल–पदमा, जिला–हजारीबाग में कुल **0.021** एकड़ यानि **0.0085** हेक्टेयर जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या शून्य है।

ह0/

उपायुक्त,हजारीबाग

PR 287196 Land Reforms(22-23).D

# भीषण सर्दी में गर्मी जैसे हालात का सामना कर रहे कनकनी हनुमान बाजार के लोग

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** भीषण सर्दी के इस मौसम में भी कनकनी हनुमान बाजार के लोग गर्मी जैसे हालात का सामना कर रहे है। लोग पानी की बुंद बुंद के लिए पसीना बहा रहे है। इस इलाके में सात दिनो से नगर निगम का पानी बंद है। 15 दिन में सिर्फ एक दिन पानी चलाया गया है। पानी सप्लाई ठप पड़ने से क्षेत्र में पानी के लिए हाहाकार मचा है। करीब दो हजार की आबादी पानी के लिए तरस रही है।क्षेत्र में पीट वाटर का भी यही हाल है। सेंद्रा में सबमर्सिबल की खराबी के कारण दस दिनो बाद पीट वाटर की सप्लाई की गई है। लोग पानी खरीद कर पीने के लिए विवश है। औरते और बच्चे बर्तन लेकर दूर दराज से पानी ढो रहे है। बताया जाता है की लोयाबाद मे कई दशको के इंतजार के बाद जलमिनार से पानी की सप्लाई शुरू हुई थी परंतु इससे भी निर्बाध पानी आपूर्ति नहीं होने से लोगो मे मायूसी छाई है। लोगों का कहना है कि नगर निगम पानी को पैसे देकर भी पानी के लिए दर दर भटकना पड़ता है। पीएचईडी द्वारा पानी चलाया जाता है, परंतु आये दिन उसमे खराबी होती रहती है।कुछ दिन पूर्व भी केबल फाल्ट के कारण कई दिनो तक पानी सप्लाई ठप पड़ी थी। मामले मे पीएचईडी के अभियंता मनीष कुमार का पक्ष जानने के लिए उन्हे फोन किया गया परंतु किसी मिटिंग में व्यस्त होने के कारण उनका पक्ष नहीं मिल पाया।





# बिना वार्ता किये रेलवे का एक इंच काम चलने नहीं दिया जायेगा: वासुदेव आचार्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो ग्रामीण रैयत अधिकार मोर्चा द्वारा एक विशाल रैली एवं आम सभा किया गया है। रैली कि शुरूआत बीरसा मुंडा नया मोड़ प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए किया गया। रैली मे काफी संख्या मे महिला मौजुद रहे। इंक्लाब जिंदाबाद, जमीन? हमारा राज्य तुम्हारा नही चलेगा, 20 रैयती गांवो को पंचायत मे शामिल करो, जिला प्रशासन होश मे आओ आदि नारा से गुंज उठा। रैली उपायुक्त कार्यालय, बोकारो पहुंचकर सभा मे तब्दील हो गयी। सभा का अध्यक्षक्षता कमालुद्दीन अंसारी एवं राजकुमार गोराई ने संचालन किया। इस कार्यक्रम मे सभा को वासुदेव आचार्या पूर्व सांसद बाकुंडा, अरूप चटर्जी पूर्व विधायक निरसा, हलधर महतो महासचिव मासस डी.सी.गोहाई झारखंड क्रांतिकारी मजदूर यूनियन, बच्चा सिंह संयोजक झारखंड जनसंघर्ष मोर्चा, प्रेम कुमार, अरविंद कुमार, इश्तियाक अंसारी, संतोष सिंह आदि ने संबोधित किया। वासुदेव आचार्या ने कहा का बिगत दिनो रेलवे द्वारा घरो को तोड़ा गया जो असवैधानिक है बिना वार्ता किये रेलवे का एक इंच काम चलने नही दिया जायेगा। अरूप चटर्जी ने कहा 20 रैयती गांवो को अविलंब पंचायत मे शामिल करना होगा इसको लेकर एक प्रतिनिधिमंडल को जल्द ही मुख्यमंत्री झारखंड सरकार, ग्रामीण विकास मंत्री झारखंड से मिलाया जायेगा। बच्चा सिंह ने कहा कि इसी तरह से एकजुट होकर संघर्ष करना होगा जरूरत पड़ेगा तो विधानसभा एवं मुख्यमंत्री का आवास घेरना पड़ेगा। डीसी.गोहाई ने कहा कि रैयतो मजदूरों को एक साथ गोल बंद होकर लड़ना होगा।

**मुख्य मांगे:** प्रस्तावित पंचायत कुण्डौरी, पंचौरा, महेशपुर, महुवार उत्तरी, महुआर दक्षिणी एवं बैधमारा को पंचायत चुनाव कराया जाये साथ ही बनशिमली एवं श्यामपूर को गठित पंचायत में जोड़ा जाये। हमारे जमीन का रसीद काटना अविलंब चालू किया जाये। 20 रैयति गांवों के आदिवासी/ मूल- निवासियों का अनुमंडल एवं उपायुक्त स्तरीय जाति, आवासीय एवं आय प्रमाण-पत्र अविलंब बनाया जाये। कानूनी प्रक्रिया पूरी (ड्यू प्रोसेस ऑफ ला एंड प्रोसेस स्टेब्लाइज्ड बाइ लॉ आर्टिकल 300 ए फूलफिल) किये बगैर ही 20 गांव को भारत के मानचित्र से कैसे गायब किया। गया एवं अमिक्रमणकारी कैसे घोषित किया गया, जबकि 20 गांव अब भी रैयत के भौतिक कब्जे में है? इस संबंध मे दस्तावेज पेश की जाये।



## मौके पर इनकी रही मौजूदगी

इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से अशोक राय, विनोद सिंह, अमजद अंसारी गजेंद्र बेसरा, उत्तम गोस्वामी, संतोष मूर्मू, सुरेंद्र कुमार, गया राम शर्मा, मोहम्मद अजिम , शाजिद, दीपक कुमार, लाल मोहन रजवार, विष्णु सिह, वासुदेव महतो, कन्हाय महतो, नजरूल होदा, मदन किस्कु, मुचु राम सिंह, बालेश्वर हेंब्रम, बब्लू कुमार सिंह, प्रदीप कुमार, इंतियाज अंसारी, काली बेसरा, हसनैन, कोकिल सिंह, दुर्गा दे, राजकुमार, शीतल देवी, सुमित्रा देवी, जरीना खातून।

**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**
**Municipal Corporation, Hazaribag**

**e- Procurement Short Notice Inviting Tender**

**Reference No. - UDD/HMC/HZB/36/2022-23**

1.Detail of work

| Group No. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Development of urban Health & Wellness Centre (2021-22) at Panchayat Bhawan in Ward No. 04 Kolghatti under Municipal Corporation, Hazaribag | 21,19,500/- | 44,000/- | 5,000/- | 03 Month (90 days) |
| 2. | Development of urban Health Wellness Centre at Panchayat Bhawan in Ward No. 24 kud Under Municipal Corporation, Hazaribag | 21,19,500/- | 44,000/- | 5,000/- | 03 Month (90 days) |
| 3. | Development of urban Health & Wellness Centre (2021-22) at Panchayat Bhawan in Ward No. 22 Shivpuri Under Municipal Corporation, Hazaribag | 21,19,500/- | 44,000/- | 5,000/- | 03 Month (90 days) |
| 4. | Development of urban Health & Wellness Centre (2021-22) at Primary School Patratu in Ward No. 36 under Municipal Corporation, Hazaribag | 18,54,300/- | 38,000/- | 5,000/- | 03 Month (90 days) |
| 5. | Development of urban Health & Wellness Centre (2021-22) Community Hall Kohinoor Gali under Municipal Corporation, Hazaribag | 20,74,900/- | 42,000/- | 5,000/- | 03 Month (90 days) |
| 2 | Date of Publication of Tender on website | **11.01.2023 at 11:00 A.M.** | | | |
| 3 | Last Date/Time of receipt of bids online | **25.01.2023 up to 2:00 P.M.** | | | |
| 4 | Hardcopy Submission date | **27.01.2023 11:00 am to up to 2:00 P.M.** | | | |
| 5 | Bid Opening date | **28.01.2023 at 02:00 P.M.** | | | |
| 6 | Name & Address of office inviting tender | Executive Engineer Municipal Corporation, Hazaribag. | | | |
| 7 | Contact No. of Procurement officer | 9431797115 | | | |

**NOTE :**
- Only e-Tenders will be accepted.
- No Hard Copy will be accepted after 27-01-2023 up to 2.00 PM.
- Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
**Executive Engineer**
**Municipal Corporation, Hazaribag**

PR287209 (Urban Development and Housing)22-23*D

### अब आम नागरिक भी राज्य बजट से संबंधित सुझाव राज्य सरकार को भेज सकेंगे

# सीएम हेमंत ने हमीन कर बजट पोर्टल और मोबाइल एप का उद्घाटन किया



## मौके पर इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री बन्ना गुप्ता, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, प्रधान सचिव वित्त विभाग अजय कुमार सिंह, प्रधान सचिव राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग केके सोन, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव आपदा प्रबंधन विभाग अमिताभ कौशल, सचिव श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग राजेश शर्मा, निदेशक राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार उमाशंकर सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज झारखंड मंत्रालय में हमीन कर बजट पोर्टल तथा मोबाइल एप का उद्घाटन किया। इस पोर्टल एवं मोबाइल ऐप के माध्यम से झारखंड के आम नागरिक भी अब आगामी राज्य बजट 2023-24 से संबंधित अपना महत्वपूर्ण सुझाव राज्य सरकार को भेज सकेंगे। बजट 2023-24 में राज्य का बजट कैसा होना चाहिए, इस निमित्त अपना महत्वपूर्ण सुझाव 20 जनवरी 2023 तक ऑनलाइन पोर्टल हमीन कर बजट के माध्यम से भेज सकेंगे। तीन सर्वश्रेष्ठ सुझाव देने वाले व्यक्तियों को राज्य सरकार द्वारा सम्मानित भी किया जायेगा।

### सम्मेद शिखर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा

# आदिवासियों ने निकाली रैली, सड़क पर उतरे

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** सम्मेद शिखर को तीर्थ क्षेत्र घोषित करने की दिशा में हाल में केंद्र व राज्य सरकार की ओर से की गयी पहल के खिलाफ मंगलवार को मधुबन से पारसनाथ पर्वत तक आदिवासी-मूलवासियों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। मरांग बुरु सांवता सुसार बैसी व आदिवासी- मूलवासी संघर्ष मोर्चा की अगुवाई में मरांग बुरु बचाओ जन आक्रोश रैली निकाली गयी।

## पीएम और सीएम के खिलाफ जम कर नारेबाजी

प्रदर्शनकारियों ने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने दिशोम गुरु शिबू सोरेन व भाजपा के विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी के खिलाफ भी नारे लगाये। रैली के दौरान वह मरांग बुरु का अतिक्रमण बंद करो, आदिवासी मूल वासी एक हो समेत अन्य नारे लगाते रहे।

## कार्यक्रम में शामिल हुए लोबिन, सालखन और गीताश्री

रैली कार्यक्रम से पहले सभी लोगों ने मांझी थान पहुंच कर वहां पूजा-अर्चना की। इसके बाद रैली पर्वत से नीचे वापस कार्यक्रम स्थल पहुंचकर सभा में तब्दील हो गयी। कार्यक्रम में विधायक लोबिन हेम्ब्रम, पूर्व विधायक गीताश्री उरांव और सालखन मुर्मू भी शामिल हुए।

### नेताओं के पुतलों के साथ निकाली गयी जनाक्रोश रैली

सैकड़ों की संख्या में आदिवासी-मूलवासी प्रदर्शनकारी अपने साथ पीएम नरेंद्र मोदी, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन व गिरिडीह के झामुमो विधायक सुदिव्य सोनू का पुतला भी लिए हुए थे। यह रैली सह शव यात्रा पर्वत के ऊपर दिशोम मांझी थान तक पहुंची। यहीं तीनों पुतलों का दहन किया गया। इसके पूर्व दिशोम मांझी थान में लोग माथा टेके। मुधबन में दोपहर साढ़े बारह बजे तक लगभग एक हजार से अधिक लोगों का कार्यक्रम स्थल बिरन गड्डा मैदान में जुटान हो चुका था। समय बीतने के साथ ही लोगों की भीड़ बढ़ती गयी।

### आंदोलन तेज करने की दी चेतावनी

सकल जैन समाज ने मधुबन-पारसनाथ को तीर्थ क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर गिरिडीह समेत देश भर में प्रदर्शन किया था। इसके बाद केंद्र सरकार ने पारसनाथ की पवित्रता अक्षुण्ण रखने, मांस-मदिरा पर रोक का कड़ाई से अनुपालन कराने समेत कई निर्देश राज्य सरकार को जारी किये थे। आदिवासी मूलवासी नेताओं का कहना है कि केंद्र व राज्य सरकार की ओर से जारी निर्देश में जैनियों के तीर्थ स्थल का केवल जिक्र है। मरांग बुरु का उल्लेख तक नहीं है। जब तक जारी निर्देश निरस्त नहीं होगा और उसमें मरांग बुरु का उल्लेख नहीं किया जाएगा, तब तक आंदोलन चलता रहेगा।

### हॉकी विश्व कप का उद्घाटन समारोह

# कटक शहर के सभी शिक्षण संस्थान आज बंद



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कटक शहर के सभी शैक्षणिक संस्थान बुधवार को बंद रहेगा। हॉकी वर्ल्ड कप के रंगारंग उद्घाटन समारोह को देखते हुए सभी शैक्षणिक संस्थान बंद कर दिये गये हैं। कटक के जिलाधिकारी ने दोपहर 2 बजे के बाद शहर के सभी शैक्षणिक संस्थान बंद करने की घोषणा की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुरुष हॉकी वर्ल्ड कप 13 तारीख से भुवनेश्वर और राउरकेला में शुरू होगा। उद्घाटन समारोह का आयोजन बुधवार को कटक के बारबाटी स्टेडियम में किया जायेगा। इसमें बॉलीवुड के कई नामी दामी कलाकार उपस्थित होंगे। उद्घाटन की शाम के मुख्य आकर्षण बॉलीवुड के स्टार आइकन अभिनेता रणबीर सिंह और अभिनेत्री दिशा पटानी होंगी। उद्घाटन समारोह से पहले जिलाधिकारी ने शहर के सभी शैक्षणिक संस्थानों को बंद करने की घोषणा की है। दोपहर 2 बजे के बाद सभी शैक्षणिक संस्थानों को बंद रखने का आदेश दिया गया है. उधर, कटक शहर में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। उद्घाटन समारोह के दौरान स्टेडियम और उसके आसपास के क्षेत्र में लगभग 50 प्लाटून फोर्स को तैनात किया जायेगा। सुरक्षा की निगरानी के लिए डीएसपी स्तर के 40 अधिकारी, इंस्पेक्टर स्तर के 55 अधिकारी, 300 एसआई एवं एएसआइ सहित 84 हबीलदार, 300 से अधिक कनेस्टबल, 500 से अधिक होमगार्ड तैनात हैं।


# पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक ने किया मंचेश्वर कैरिज मरम्मत कारखाना का निरीक्षण



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक रूप नारायण सुनकर ने आज पूर्व तट रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भुवनेश्वर स्थित मंचेश्वर कैरिज रिपेयर वर्कशॉप का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने कोचों के मरम्मत की समीक्षा की। श्री सुनकर ने सीटों की गुणवत्ता में सुधार, फर्श, आसानी से साफ होने वाले शौचालय, अग्निरोधी, असबाब, मोबाइल चार्जिंग पॉइंट और आपातकालीन रोशनी जैसी यात्री सुविधाओं के रखरखाव और आधुनिकीकरण पर जोर दिया। श्री सुनकर ने मंचेश्वर कैरिज वर्कशॉप में बनाये जा रहे कोचों में आधुनिक उपयोगिताओं और सुविधाओं के लिए सीटीआरबी माउंटिंग सेक्शन का भी उद्घाटन किया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव रेल यात्रा के दौरान यात्रियों को आरामदायक सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ ट्रेन के डिब्बों में आधुनिक तकनीक और यात्री सेवाएं प्रदान करने पर जोर देते रहे हैं। पूर्व तट रेलवे के प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर आर. राजगोपाल ने निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक की सहायता की। मुख्य कार्यशाला प्रबंधक (सीडब्ल्यूएम) एससी. कर ने कार्यक्रम का समन्वयन किया।

# आवास पर सीएम से मिले राउरकेला और कटक के हॉकी प्रेमी

> राउरकेला में दुनिया का सबसे बड़ा हॉकी स्टेडियम बिरसामुंडा हॉकी स्टेडियम भी बनाया गया है।



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पूरे राज्य में अब हॉकी का माहौल है। पुरपल्ली से लेकर शहर के बाजार हर जगह अब हॉकी को लेकर चर्चा होने लगी है। कटक से लेकर सुंदरगड तक हर जगह जश्न का माहौल चल रहा है। इस बार सुंदरगड में पहली बार हॉकी वर्ल्ड कप का आयोजन किया गया है। इसके साथ ही राउरकेला में दुनिया का सबसे बड़ा हॉकी स्टेडियम बिरसामुंडा हॉकी स्टेडियम भी बनाया गया है। विश्व कप का उद्घाटन मैच वहीं खेला जायेगा। इसे लेकर पूरे सुंदरगड जिला में खासा उत्साह है। राउरकेला बीरसमुंडा हॉकी स्टेडियम में इस बार विश्व कप का आयोजन होने से पूरे सुंदरगड में जश्न का माहौल है। सभी में खासकर युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला है। विश्व कप की आयोजन के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद करने के लिए सैकड़ों युवा आज साइकिल पर भुवनेश्वर आये और नवीन निवास पर मुख्यमंत्री से मिले। मुख्यमंत्री ने उनके प्रयासों के लिए उन्हें धन्यवाद दिया और राउरकेला में विश्व कप की सफलता के लिए सभी का सहयोग मांगा। साथ ही पूर्व मंत्री तथा विधायक प्रताप जेना तथा रघुनाथपल्ली विधायक सुब्रत तराई ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इसी तरह कल कटक में हॉकी विश्व कप का उद्घाटन समारोह हो रहा है। पूर्व विधायक एवं कटक शहर शांति समिति के अध्यक्ष प्रभात त्रिपाठी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की और हॉकी विश्व कप की आयोजन में ऐतिहासिक शहर कटक में सीधे शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने हॉकी विश्व कप के उद्घाटन समारोह के सफल आयोजन के लिए कटक के लोगों से सहयोग मांगा।

# मिशन 2024 की तैयारी को लेकर लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**राजधनवार।** धनवार के बरजो स्थित भाजपा कार्यालय मे मंगलवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओ के साथ बैठक की। ब्इस दौरान कई कार्यकर्ताओं ने अपनी अपनी समस्याओं को अवगत कराया। श्री सिंह ने तत्काल कार्यकर्ताओं की समस्या को तुरंत निदान किया। वहीं कई लोगों की समस्या के निदान करने का भरोसा दिया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश को नागरिकों को सहायता प्रदान करने हेतु समय समय पर कई प्रकार की योजनाओं को केंद्र सरकार लागू करती है। इन योजनाओं का लाभ पूरे देशवासी लेते हैं। इसी कड़ी के तहत गरीबो कमजोर वर्गो एवं किसानों के लिए केंद्र सरकार ने कई योजनाओं को धरातल पर उतारा हैं। योजनाओं को सुदूरवर्ती इलाके के ग्रामीणों को सत प्रतिशत लाभ मिले, इसके लिए भाजपा कार्यकर्ताओं से आग्रह कर कहा गया कि अपने - अपने क्षेत्र में जाकर प्रत्येक घरों के गरीबों, किसानों आदि लोगों को इसका लाभ दिलायें, ताकि इन गरीब, किसान एवं कमजोर लोगों को मालूम हो सके कि देश के प्रधानमंत्री ऐसे लोगों पर भी ख्याल रखते हैं। श्री सिंह ने कार्यकर्ताओं से मिशन 2024 की तैयारी की चर्चा करते हए कहा कि अभी से ही सभी कार्यकर्ता लग जायें। कहा कि प्रखंड, पंचायत से लेकर बूथ स्तर तक की कमेटियों को संगठित कर मजबूत करें, जब सारी कमेटियां संगठित एवं मजबूत हो जायेगी, तभी हम मिशन 2024 में पूरी सफलता हासिल कर पायेंगे। मौके पर उदय सिंह, उपेंद्र सिंह, पवन सिंह, अशोक कुमार सिंह, श्याम कुमार सिंह, श्रीकांत, सोहन यादव, नीरज कुमार राय, कोलेश्वर राय, नवल राय, दिलीप सिंह आदि कई लोग मौजूद थे।

# संपत्ति सूची नहीं जमा करने पर रोका जायेगा वेतन: प्रमुख सचिव




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** सरकार लंबे समय से राज्य में भ्रष्टाचार को कम करने की कोशिश कर रही है और आज इस पर कार्ज्यकारी होने जा रहा है. इसलिए विभागीय कर्मचारी कृषि विभाग को चेतावनी दी है। अब यह घोषणा की गई है कि संपत्ति की तालिका के बिना भुगतान नहीं किया जायेगा। सभी अचल- अचला संपत्तियों की सूची इस माह के अंत तक दाखल करने का निर्देश दिया है। जानकारी के मुताबिक ओडिशा सरकार ने भ्रष्टाचार से बचने के लिए यह फैसला किया है। हालांकि कृषि विभाग के कर्मचारी अपनी संपत्ति सूची जमा कराएंगे। इस माह के अंत तक संपत्ति सूची जमा नहीं करने वालों को फरवरी 2023 का वेतन नहीं दिया जायेगा।


study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT
KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.
UNIVERSITY FLY
Call Now ! +91-7903149721
www.universityfly.com

Rinleu
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
New Das Musical Stores
हमारे इस प्रतिष्ठान की रांची में कोई भी शाखा नहीं है।
Deals in:
YAMAHA AHUJA ESP Fender CASIO BOSS TAMA Studiomaster ZOOM PAiSTe DigiTech KORG Zildjian Roland Cort Epiphone MAPEX Gibson Ibanez stranger
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandi Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Phone : 0651-2201778 Mobile : 98351-64815, 72509-3303
मिलते-जलते नामों से सावधान

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT
Class - VIII
* Class VIII Today (Combined) ₹ 250
* Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
Classes VI & VII
* Class VII Today (Combined) ₹ 240
* Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Please Join Us to Celebrate the opening Ceremony of our New Restaurant
Venue : Sector-9 Near Hatia More Bokaro Steel City (Jharkhand)
With Best Compliments From :
BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Mob. : 65423 66205, 76338 16941



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**